3 **बस्तर संभाग** मुख्यमंत्री महत्वाकांक्षी गौठान योजना में अधिकारी लगा...

6 **अभिमत** समलिंगी विवाहों की तार्किकता

10 **संस्कारधानी** झमाझम बारिश से सब तरबतर, तापमान में बड़ी गिरावट...

11 **छत्तीसगढ़** डीएमफशासी परिषद की बैठक में 95.75 करोड़...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 19 मार्च 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 204 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### पुलवामा में सुरक्षा बलों का अभियान समाप्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों के भाग निकलने के कारण अभियान को



समाप्त कर दिया है। आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर संयुक्त बलों ने पुलवामा के मित्रीगाम इलाके में अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान आतंकवादी मौके से भाग निकले। बाद में इलाके में कई घंटे तक तलाशी ली गयी, लेकिन आंतकवादियों से फिर कोई मुठभेड़ नहीं हुई।

### कश्मीर में सड़क दुर्घटना, बिहार के चार मजदूरों की मौत

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा उप जिले में शनिवार सुबह बस के पलट जाने से बिहार के चार मजदूरों की मौत हो गई और करीब 32 लोग घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मृतकों के पहचान कैसर आलम , सलीम , नसीरुद्दीन और राजकुमार दास के रूप में की गयी है। दक्षिण कश्मीर में एक स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि 10 घायलों को अस्थि एवं संयुक्त अस्पताल श्रीनगर, 11 को एसएमएचएस अस्पताल श्रीनगर, तीन को एसकेआईएमएस सौरा श्रीनगर और छह को उप जिला अस्पताल पंपोर में भर्ती कराया गया है। इनमें से कुछ घायलों की हालत गंभीर है। इसी दौरान वरिष्ठ नागरिक और पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया।

### देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से दो मरीजों की मौत

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से दो मरीजों की मौत हुई है और सक्रिय मामलों में बढ़ोतरी जारी है और कोरोना संक्रमण से 363 सक्रिय मामले बढ़े हैं। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 9,095 लोगों को टीका लगाया गया है और अब तक देश में 2,20,64,97,638 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 5,389 हो गयी है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,46,94,349 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,799 हो गयी है।

# वैज्ञानिक अन्न की पैदावार और उपयोगिता बढ़ायें : पीएम मोदी

## भारतीय कृषि अनुसंधान में आयोजित ग्लोबल मिलेट्स का उद्घाटन

**पायनियर संवाददाता ⮜ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर और खानपान की शैली के कारण होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए वैज्ञानिकों से अन्न (मोटे अनाजों) की पैदावार तथा उपयोगिता बढ़ाने के लिए प्रयास तेज करने का शनिवार को आह्वान किया। मोदी ने राजधानी के पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित ग्लोबल मिलेट्स कांफ्रेंस का उद्घाटन करते हुए कहा कि विश्व जहां जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से जूझ रहा है वहीं अन्न विपरीत जलवायु और कम पानी में बेहतर पैदावार देते हैं। रसायन के बिना प्राकृतिक तरीके से भी मोटे अनाजों की पैदावार ली जा सकती है। मोटे अनाजों की फसल अन्य फसलों की तुलना में जल्दी तैयार होती है। इसकी क्षति भी कम होती है और स्वाद में विशिष्टता इसे खास पहचान दिलाती है। खान-पान की शैली से होने वाली बीमारियों को मोटे अनाजों को भोजन का हिस्सा बनाने से रोका जा सकता है। इन अनाजों में रेशे की मात्रा अधिक होती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चिंता की बात यह है कि खान-पान में मोटे अनाजों का हिस्सा पांच-छह प्रतिशत ही है। इसका उपयोग बढ़े, इसके लिए हर वर्ष इसका लक्ष्य



निर्धारित करना होगा। वैज्ञानिकों को इस पर ध्यान देना होगा। कई राज्यों ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अन्न को शामिल किया गया है और मिड-डे मील में इसे शामिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'ग्लोबल फूड सिक्यूरिटी' को लेकर विश्व चिंतित है और मोटे अनाजों को लेकर एक नयी व्यवस्था कायम करने तथा दुनिया में आपूर्ति चेन को विकसित करने की जरूरत है। मोदी ने कहा कि मोटे अनाज सदियों से भारतीय जीवन शैली का हिस्सा रहे हैं और अन्न के मामले में भारत अग्रणी रहा है। वह इस मामले में अपने अनुभवों को विश्व के साथ साझा करना चाहता है और दुनिया से सीखना भी चाहता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, प्रकृति, स्वास्थ्य और किसानों की आय मोटे अनाजों से जुड़े हैं। अन्न से मोटे अनाजों को एक नयी पहचान मिली है, यह समग्र विकास का माध्यम बना है तथा यह गांव-गरीब से जुड़ा है और छोटे किसानों की समृद्धि का द्वार है। आज भी आदिवासी समाज के सत्कार में यह शामिल है। उन्होंने कहा कि 12-13 राज्यों में मोटे अनाजों की खेती होती है और घरेलू खपत इसकी प्रतिमाह दो से तीन किलोग्राम थी जो अब बढ़कर 14 किलोग्राम हो गयी है। उन्नीस जिलों में यह 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोटे अनाजों को छोटे किसान उगाते हैं जिनकी संख्या देश में लगभग ढाई करोड़ है। सरकार ने ऐसे किसानों की सुध ली है। अन्न का बाजार बढ़ेगा तो किसानों की आय बढ़ेगी और इससे गांवों को फायदा होगा। देश में 500 से ज्यादा अन्न स्टार्ट-अप बने हैं और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलायें मिलेट्स के उत्पाद बना रही हैं।

### भारत ने अन्न को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का बीड़ा उठाया : तोमर

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व में अन्न को बढ़ावा देने का एजेंडा निर्धारित किया है। ग्लोबल मिलेट्स (अन्न) सम्मेलन में दिल्ली आए विभिन्न देशों के कृषि मंत्रियों की शनिवार को गोलमेज कांफ्रेंस हुई। इसमें मेजबानी करते हुए तोमर ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व में अन्न को बढ़ावा देने का एजेंडा निर्धारित किया है। अन्न भविष्य के सुपर फूड हैं और भूख, कुपोषण तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में बहुत उपयोगी है। ये फसलें किसानों, उपभोक्ताओं और जलवायु के लिए भी उपयोगी हैं। भारत ने इन उत्कृष्ट अनाजों को वैश्विक स्तर पर भोजन की थाली तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। विभिन्न देशों ने अन्न को बढ़ावा देने की सरकार की पहल की सराहना की और भारत को इस संबंध में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। तोमर ने गोलमेज कांफ्रेंस में कहा कि अन्न के उत्पादन, उपभोग, मूल्यवर्धन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में विश्व के विभिन्न हिस्सों के प्रतिष्ठित लोगों के सम्मिलन से इसे बढ़ावा देने के प्रयासों को निश्चित ही गति मिलेगी।

# मुख्यमंत्री भूपेश ने वर्चुअल कोंडागांव में 154 करोड़ के 145 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया



**पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर**
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल माध्यम से कोंडागांव जिले में 154 करोड़ रूपये से अधिक लागत के 145 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज यहां अपने निवास कार्यालय से कोंडागांव जिले के ग्राम बांसकोट (बड़ेराजपुर) में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती एवँ मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर पारंपरिक, सांस्कृतिक धरोहर स्थलों जैसे देवगुड़ी, मातागुड़ी एवं घोटुल की भूमि को संरक्षित रखने हेतु कुल 436 सामुदायिक वन अधिकार पत्र प्रदान किये गए। साथ ही साहू समाज के प्रतिभावान युवाओं को भी सम्मानित किया गया। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, महिला एवँ बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया, छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, लोकगायिका आरु साहू मुख्यमंत्री निवास से तथा लोकसभा सांसद दीपक बैज, विधानसभा उपाध्यक्ष सन्तराम नेताम, विधायक चंदन कश्यप एवँ जनप्रतिनिधिगण कार्यक्रम स्थल में उपस्थित हैं।

## मुख्यमंत्री ने भक्त माता कर्मा की जयंती पर उन्हें किया नमन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में भक्त माता कर्मा जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को भक्त माता कर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा माता कर्मा से प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की । इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, महिला एवँ बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया, छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, लोकगायिका आरु साहू भी उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भक्त माता कर्मा जयंती का पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर साहू समाज द्वारा विशेष रूप से अन्य समाजों के साथ शोभा यात्रा और कलश यात्रा निकाली जाती है और धार्मिक-सामाजिक आयोजन भी होते हैं। उन्होंने कहा कि भक्तों की आस्था का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने भक्त माता कर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

# कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने में योगी सफल : राजनाथ

**वार्ता ⮜ लखनऊ**
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश सरकार के कामकाज की तारीफ करते हुये रक्षामंत्री और स्थानीय सांसद राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि विकास के लिये जरूरी चुस्त कानून व्यवस्था को बहाल करने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सफल हुये हैं। लखनऊ में 1449.68 करोड रूपये की 352 परियोजनाओ के लोकार्पण के मौके पर सिंह ने कहा कि जो भी विकास कार्य लखनऊ में हुये है उनका श्रेय योगी आदित्यनाथ को है क्योंकि जब तक राज्य का मुख्यमंत्री विकास कार्यो के प्रति रूचि नहीं दिखायेगा, तब तक परियोजनाओं का तेजी से पूरा होना संभव नहीं है। आज हमारा लखनऊ विकास के रंग में रंगा हुआ है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिये आज का दिन महत्वपूर्ण है। आज मुख्यमंत्री योगी अपने छह वर्ष का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। यूपी के इतिहास में यह एक रिकार्ड है। योगी का छह वर्षो का कार्यकाल राज्य के विकास को समर्पित रहा है। केन्द्रीय रक्षामंत्री ने कहा कि विकास की



आक्सीजन चुस्त कानून व्यवस्था होती है। पिछले छह साल में पूरे देश ने देखा कि यूपी की कानून व्यवस्था कितनी तेजी से सदृढ हुयी है। उन्होने एक वेबपोर्टल में पढा था कि पुलिस मुठभेडों में 63 अपराधी मारे जा चुके हैं। यदि अपराधी पुलिस से टकराने का काम करेंगे तो उनका यही अंजाम होगा। यूपी में जिस रफ्तार से सफाई का काम हो रहा है, उससे लगता है कि सेंचुरी भी जल्द पूरी हो सकती है। उन्होने कहा कि भय के वातावरण मुक्त होकर उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को पूरा करेगा। इस दिशा में तेजी से काम तेजी से चल रहा है। सड़क ट्रीटमेंट प्लांट, सीवर प्लांट समेत कई परियोजनाओं का शिलान्यास भी हो रहा है तो लोकार्पण भी हो रहा है।

# काशी विश्वनाथ के दर पर 100वीं बार मत्था टेकने वाले योगी पहले मुख्यमंत्री

**पायनियर संवाददाता ⮜ वाराणसी**
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। इसके साथ ही वह ऐसे पहले मुख्यमंत्री बन चुके हैं जिन्होने बाबा विश्वनाथ के दरबार में 100वीं बार हाजिरी लगायी है। वर्ष 2017 में पहली बार प्रदेश की सत्ता संभालने वाले योगी जब भी काशी आते हैं, अमूमन हर बार बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाज़िरी जरूर लगाते हैं और षोडषोपचार विधि से दर्शन पूजन कर लोक कल्याण की कामना करते हैं। वर्ष 2017 से अभी तक अपने पहले और दूसरे कार्यकाल में सीएम योगी आदित्यनाथ 100 बार बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने वाले पहले मुख्यमंत्री बन गये हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को 113वीं बार वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर आये। दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन किया है, जिसने नया कीर्तिमान बनाया है।



योगी महीने में एक बार या कभी-कभी दो बार काशी की यात्रा जरूर करते हैं। अपने हर दौरे में मुख्यमंत्री विकास कार्यो की समीक्षा और स्थलीय निरीक्षण करते हैं। जिसका परिणाम वाराणसी के चतुर्दिक विकास के रूप में दिखता है। अगर छह साल के हिसाब से देखें तो योगी औसतन हर 21 दिन पर काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने पहुंचते हैं। योगी आदित्यनाथ अपने पहले और दूसरे कार्यकाल के 72 महीनों में करीब 100 बार बाबा विश्वनाथ के धाम पहुंचने वाले पहले सीएम बन गये हैं। पहली बार उत्तर प्रदेश की कमान संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ 2017 से मार्च 2022 तक कुल 74 बार भगवान विशेश्वर से आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। काशी विश्वनाथ के अर्चक डॉ नीरज कुमार पांडेय बताते हैं ये उनकी सनातन धर्म के प्रति और बाबा विश्वनाथ के प्रति अगाध श्रद्धा को दर्शाता है। योगी षोडषोपचार पूजन एवं रूद्र सूक्त से विश्वनाथ जी का अभिषेक करते हैं। साथ ही विश्व के नाथ बाबा विश्वनाथ से लोक कल्याण, देश और प्रदेश के सर्व कल्याण के लिए कामना करते हैं। गौरतलब है कि बीते साल नौ सितंबर को मुख्यमंत्री ने जब वाराणसी का 100वां दौरा किया था तब उन्होंने 88वीं बार श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन किया था। इसके बाद से लेकर 18 मार्च तक मुख्यमंत्री ने 12 बार बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके साथ ही योगी काशी के कोतवाल कहे जाने वाले बाबा काल भैरव के दरबार में 100 बार हाजिरी लगाने वाले मुख्यमंत्री भी बन गये हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सुबह बाबा काल भैरव मंदिर में विधि-विधान से दर्शन पूजन और आरती की। इस दौरान मंदिर के बाहर डमरू बजा रहे एक बालक को देख मुख्यमंत्री ने रुककर प्यार से उसका नाम पूछा और उससे उसकी पढ़ाई को लेकर जानकारी ली।

# देश में डेयरी क्षेत्र के विकास में आईडीए का योगदान महत्वपूर्ण : शाह

**वार्ता ⮜ गांधीनगर**
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर में कहा कि देश में डेयरी क्षेत्र के विकास में इंडियन डेयरी एसोसिएशन (आईडीए) का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शाह शनिवार को इंडियन डेयरी एसोसिएशन द्वारा आयोजित 49वें डेयरी उद्योग सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कहा कि दुनिया के लिए डेयरी एक व्यापार है, लेकिन भारत जैसे 130 करोड़ की आबादी वाले देश में ये रोज़गार का साधन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने का विकल्प, कुपोषण की समस्याओं का समाधान प्रदान करने वाला और महिला सशक्तिकरण की संभावनाओं वाला क्षेत्र है। भारत की आज़ादी से अब तक के डेयरी उद्योग के विकास को देखें तो इन सभी पहलुओं को हमारे डेयरी सेक्टर ने बहुत अच्छे तरीके से देश के विकास के साथ जोड़ने के लिए काम किया है। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि इसमें हमारी कोऑपरेटिव



डेयरी का योगदान बहुत बड़ा रहा है, जिन्होंने किसानों की समृद्धि के लिए काम किया है। कोऑपरेटिव डेयरी ने देश की गरीब कृषक महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने का रास्ता प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज़ादी के 75वें वर्ष में सहकार से समृद्धि मंत्र को सिद्ध करने के लिए सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि इंडियन डेयरी एसोसिएशन की स्थापना आज़ादी के तुरंत बाद 1948 में हुई और देश में डेयरी क्षेत्र के विकास में आईडीए का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के डेयरी क्षेत्र को विश्व का सबसे मज़बूत डेयरी सेक्टर बनाने के लिए सर्वांगीण चर्चा करने का प्रयास इस सम्मेलन में हुआ है।

## पूर्व वन मंत्री ने पूछा क्या अब अन्य प्राणियों की राशि में भ्रष्टाचार की नई इबारत लिखी जा रही है?

# प्रदेश सरकार बताए, बाघों पर 183 करोड़ से ज्यादा रकम कहां खर्च की गई : गागड़ा

**पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर**
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि प्रदेश सरकार ने पिछले 2019 से 2022 (तीन वर्षों) में राज्य भर के कुल 19 बाघों पर 183.77 करोड़ खर्च कर दिए जबकि विशेषज्ञों व वन्यजीव संरक्षण के अभियान के लिए काम करने वालों का मानना है कि रिजर्व फॉरेस्ट के बाघों के खान-पान पर कोई खर्च ही नहीं किया जाता। पूर्व वन मंत्री एवं भाजपा नेता गागड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार क्या अब वन्य प्राणियों के लिए तयशुदा बजट राशि में भी भ्रष्टाचार का कोई नया अध्याय लिख रही है? गागड़ा ने कहा कि 2019 से 2022 के वर्षों में खर्च की गई इतनी बड़ी रकम के बारे में प्रदेश सरकार





स्थिति स्पष्ट करे। हर क्षेत्र में कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार और घोटाले करके छत्तीसगढ़ को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बनाने वाली मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार नित नए घोटालों की इबारत लिख रही है और अब तो वन्य प्राणियों की बजट की राशि को लेकर सामने आए तथ्य इस सरकार के भ्रष्टतम राजनीतिक चरित्र की गवाही दे रहे है। गागड़ा ने कहा कि रिजर्व फॉरेस्ट में पेट्रोलिंग को छोड़कर बाघों पर कोई खर्च नहीं होता और न ही वहां कोई बड़ा निर्माण कार्य हो सकता है। यह जंगल है और बाघों को वहां नितांत प्राकृतिक वातावरण में रखना होता है, तब यह रकम कहां खर्च की गई? भाजपा नेता व पूर्व मंत्री गागड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार वन्य जीव संरक्षण और संवर्धन के नाम पर भी कोरी लफ्फाजी कर रही है। इस सरकार में न केवल वन्य प्राणियों की मौत, शिकार और तस्करी के मामले बड़े हैं, अपितु जंगली इलाकों में बसे गांव में वन्य प्राणियों के मामलों में ग्रामीणों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। गागड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले 4 साल में जंगली हाथियों के हमले में 204 लोगों की मौत हुई। इसी तरह 45 हाथी भी सुरक्षा की बदइंतजामी के चलते मारे गए। वन्य प्राणियों के शिकार और उनकी तस्करी के मामलों में बेहद इजाफा होना प्रदेश की कांग्रेस सरकार के नाकारापन की ताकीद कर रहे हैं। गागड़ा ने कहा कि हाथियों के खान-पान के लिए, हाथियों को धान खिलाने की शेखी बघारती प्रदेश सरकार हाथ बांधे बैठी नजर आ रही है। हाथियों को आबादी इलाकों में आने-जाने से रोकने के लिए रिजर्व लेमरू प्रोजेक्ट का भी अब तक कोई अता-पता नहीं है। कुल मिलाकर प्रदेश सरकार ने अपने कुकर्मों और भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए शिगूफे छोड़ के अलावा कोई ठोस काम नहीं किया है। अब बाघों पर 183.77 करोड़ रुपए के खर्च का यह सच इस सरकार को कठघरे में लाने के लिए पर्याप्त है।

### कोलार सीट के लिए दावेदारी को अभी मंजूरी नहीं : सिद्दारमैया

**बेंगलुरू।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि पार्टी



आलाकमान ने आगामी विधानसभा चुनाव में कोलार सीट से उनके नाम को अभी मंजूरी नहीं दी है। सिद्दारमैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, पार्टी आलाकमान ने अभी तक मेरे नाम को मंजूरी नहीं दी है लेकिन मैं केंद्रीय नेतृत्व के फैसले का पालन करूंगा। वर्तमान में बागलकोट जिले के बदामी सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे सिद्दारमैया ने अगली बार कोलार निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छा जतायी है। अगर आलाकमान उनकी इच्छा को स्वीकार नहीं करता है, तो उनके वरुणा सीट से चुनाव लड़ने की पूरी संभावना है, जहां उनके बेटे डॉ. यतींद्र मौजूदा विधायक हैं। अपने पिता के लिए अपनी सीट छोड़ने को तैयार डॉ यतींद्र ने कहा, अगर मेरे पिता वरुणा से चुनाव लड़ने का फैसला करते हैं, तो मैं अपनी सीट छोड़ दूंगा। कोलार में कोई जोखिम नहीं है। केवल कोलार ही नहीं, बल्कि सिद्दारमैया जहां से भी चुनाव लड़ना चाहते हैं, जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि कई समर्थक सिद्दारमैया को चामराजपेट, हेब्बल और कुश्तगी जैसे विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के लिए कह रहे हैं।

# पत्रकार सुरक्षा कानून से लोकतंत्र मजबूत होगा : मोहन मरकाम

## कांग्रेस ने अपने जनघोषणा पत्र का एक और वायदा पूरा किया

**पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर**
www.dailypioneer.com

मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक का कांग्रेस ने स्वागत किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने अपनी जनप्रतिबद्धता को एक बार फिर से प्रदर्शित किया है। कांग्रेस ने अपने जनघोषणा पत्र का एक और वायदा पूरा किया। राज्य बनने के बाद से ही प्रदेश के पत्रकार, पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग कर रहे थे। पिछली भाजपा की सरकार ने पत्रकारों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया था। मीडिया प्रजातंत्र का प्रमुख स्तंभ है, पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में अपने दायित्वों का निर्वहन करते है। अनेक बार ऐसे अवसर आते है जब पत्रकार अपने कर्तव्य को पूरा करते हुये खतरों का सामना करना पड़ता है। असमाजिक तत्वों से उनकी सुरक्षा पर खतरा होता है ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि समाज के इस



प्रमुख वर्ग को उनकी पेशेवर जिम्मेदारी के निर्वहन के लिये विशेष संरक्षण दिया जाये। कांग्रेस की सरकार ने पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने का निर्णय लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के प्रति छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने अपने वादे पर अमल करते हुए ठोस प्रावधान किया है। प्रस्तावित विधेयक में राज्य और जिला स्तर पर सुरक्षा समिति के गठन का प्रावधान है। पत्रकार सुरक्षा समिति, जोखिम प्रबंधन इकाई, पत्रकारों के सुरक्षा के समुचित उपाय, अनुचित अभियोजन और हिरासत से पत्रकारों की सुरक्षा के कठोर प्रावधान के समुचित प्रबंध है। प्रस्तावित विधेयक में यह भी प्रावधान है कि समिति गठन के 30 दिन के भीतर राज्य और जिला स्तर पर जोखिम कमेटी गठित की जाएगी जिसमें राज्य और जिलों में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, जनसंपर्क अधिकारी सहित पत्रकारों का उचित प्रतिनिधित्व होगा।

# संजीवनी एम्बुलेंस को रोककर तोड़फोड़ कर मारपीट करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




प्रार्थी ओमप्रकाश लकड़ा उम्र 34 साल निवासी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतबा ने 14 फरवरी को थाना पत्थलगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसे 13 फरवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतबा से सी.एस.सी. पत्थलगांव से अंबिकापुर के लिये रिफर का आदेश मिला तब यह अपने इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन के साथ संजीवनी वाहन क्र. सी.जी. 04 एन.जेड. 1875 से मरीज को लेकर अंबिकापुर के लिये निकले थे जो सुखापारा के पास 02 अज्ञात मोटर सायकल चालक द्वारा मरीज वाहन को रोकवाये तथा अमर्यादित व्यवहार करते हुये कहने लगे कि तुम लोग एक्सीडेंट किये हो, गाड़ी मुड़वाकर रिफर मरीज के साथ करमीटिकरा लेकर आये जहां इनके साथ संतु राम, राजू राम, शिव एवं अन्य कुछ लोगों द्वारा मारपीट कर संजीवनी वाहन को तोड़फोड़ किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 341, 294, 323, 147, 148 भा.द.वि. लो.नि.नु.अधि. की धारा 3 का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के आरोपीगण घटित कर फरार हो गये थे।

### इन्हें मिली सफलता

प्रकरण की विवेचना दौरान मुखबीर सूचना पर आरोपी संतु सिदार, राजू केसर एवं शिवप्रसाद सिदार के पत्थलगांव क्षेत्र में मौजूद होने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किये हैं।

आरोपीगण 1-संतु सिदार उम्र 55 साल निवासी करूमहुआ थाना पत्थलगांव, 2-राजू केसर उम्र 37 साल निवासी करूमहुआ, 3-शिवप्रसाद सिदार उम्र 28 साल निवासी करूमहुआ थाना पत्थलगांव को 16 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही है।

### इनको मिली सफलता

प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में निरीक्षक भास्कर शर्मा, सउनि संतोष तिवारी, प्र.आर. प्रेमप्रकाश कुर्रे, आर. कमलेश्वर वर्मा, आर. 169 पवन पैंकरा, आर. अनीश एक्का, आर. लव चैहान, आर. भवानी लाल कहरा की सक्रिय भूमिका रही।

## मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक-2023 के प्रारूप के अनुमोदन पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया

**दल्लीराजहरा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में 17 मार्च को विधानसभा के समिति कक्ष में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किये जाने पर प्रदेश के सबसे बड़े पत्रकार संघ छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने कहा कि मीडिया कर्मियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है जिसकी लंबे समय से मांग की जा रही थी। मुखमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किए गए कार्य से जल्द ही मीडिया कर्मियों को सुरक्षा कवच मिलेगा। छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रतिनिधियों ने भी सुरक्षा विधेयक के मसौदे पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे थे।

# पायनियर हलचल...

## नेताजी के दिन ठीक नहीं चल रहे

इन दिनों एक महिला विधायक के तेवर की जमकर चर्चा हो रही है। विधायक के तेवर को देखकर मौजूद नेता, अधिकारी, पत्रकार सब दंग रह गए। महिला विधायक एक कांग्रेसी नेता पर जमकर बरसीं। विधायक इस तरह आक्रामक रही कि उन्होंने कांग्रेसी नेता को कोयला चोर तक कह दिया। कहते हैं कि नेता जी के दिन तब से ठीक नहीं चल रहे। आये दिन कोई न कोई उनकी फजीहत कर दे रहा है। अब संगवारी ने शराब से बचाने की गुहार लगाई है। वैसे तो जिन माननीय ने शराब से बचाने की गुहार लगाई है, उनके संस्कृति का अहम हिस्सा है शराब। लेकिन जब मामला चुनाव का हो तो बात कहां रुकने वाली है। पिछले चार साल में इन माननीय ने अपनी छवि क्षेत्र में विकास पुरुष की बनाई। अपने निर्वाचन क्षेत्र में खूब काम कराया। अब चुनावी साल में यह विधायक चीख चिल्लाकर कह रहे हैं कि शराब से बचा लो, मेरी छवि खराब हो रही है। कहते हैं संगवारी ने इस गुहार से नेताजी आग बबूले हो गए। और हो भी क्यों न क्योंकि कोयला के साथ-साथ अब नेताजी पर अवैध शराब के संरक्षण का भी खुलेआम आरोप लगा है। कुल मिलाकर नेताजी के दिन ठीक नहीं चल रहे।

## खचाखच भीड से भाजपा उत्साहित, बॉस की बधाई

15 मार्च को भाजपा ने गरीबों के आवास को लेकर प्रदेश स्तरीय आंदोलन कर विधानसभा का घेराव किया।



जिसमें एक लाख लोगों के जुटने का दावा किया गया। पिरदा चौक से लेकर विधानसभा तक खचाचक भीड़ जुटी रही। और जुटे भी क्यों न मामला सपनों के घर का जो है। कहते हैं कि रोटी, कपड़ा और मकान इंसान की सबसे अहम जरुरत होती है। बीते चार साल में भूपेश सरकार की धान खरीदी से गांव-गांव खुशहाली तो आई। या यूं कहें कि शुरुआती के 2 महत्वपूर्ण जरुरतें रोटी, कपड़ा आसानी से पूरी होने लगी। लेकिन तीसरी सबसे महत्वपूर्ण जरुरत मकान को भाजपा ने हाइजेक कर लिया है। भूपेश सरकार के एक जबावदार मंत्री द्वारा दिये गए इस्तीफे को भाजपा ने गांव-गांव तक प्रचारित किया। लोगों के अन्दर भाजपा यह विश्वास पैदा करने में सफल हुई कि सरकार के एक मंत्री ने आवास न दे पाने के कारण अपने विभाग से इस्तीफा दे दिया है। गांव के हर गरीब का सपना होता है कि उसका घर हो, छत हो। बीते चार वर्षों में पहली बार जनहित का मुद्दा भाजपा के हाथ लगा है। भला भाजपा इसे भुनाने में कहां पीछे हटने वाली है। अब यह चुनावी मुद्दा बन गया है। भाजपा ने ऐलान किया कि हमारी सरकार बनते ही सबसे पहले गरीबों के आवास को मंजूरी मिलेगी। भाजपा का मुख्यमंत्री इस योजना पर हस्ताक्षर करने के बाद ही मुख्यमंत्री निवास में प्रवेश करेगा। इसके लिए भाजपा ने 7 लाख परिवारों से फार्म भरवाने की शुरुआत कर दी है। कहते है कि इसके आधार पर आवास दिये जाने की बात कही जा रही है। बहरहाल आंदोलन में खचाखच भीड देखकर भाजपा उत्साहित है। तो वहीं पहली बार दिल्ली से बॉस ने सफल आन्दोलन के लिए बधाई दी है।

## पुलिस की सख्ती से भाजपा को मिली सुर्खियां

गरीबों के आवास को लेकर विधानसभा घेरने निकली भाजपा को पुलिस की सख्ती का भरपूर फायदा मिला।



रायपुर के चारों दिशाओं में बेरिकेट्स लगाकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया। पहले दिन माननीयों ने सदन में मार्ग अवरुद्ध होने का मुदा उठाकर जमकर हंगामा किया। पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया। जिसपर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने साफ तौर पर कहा कि किसी को कर्तव्य से रोका नहीं जा सकता। पुलिस की सख्ती जारी रही आंदोलन के दौरान मौजूद अफसरों ने धारा 144 का हवाला देकर पहले मीडिया को भी कव्हरेज से रोक दिया पत्रकारों को बेरिकेट्स से बाहर कर दिया गया। जब हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ रहे थे, तो गोले फेक दिये गए। पुलिस की सख्ती का असर मीडिया में जमकर दिखा। नतीजन आंदोलन की खबरें दो दिनों तक मीडिया की सुर्खियां बनी रही।

## ईडी की कार्यवाई से भयभीत अफसर

ईडी की कार्रवाई से इन दिनों प्रदेश के अफसरशाही में भय का माहौल स्पष्ट दिखाई दे रहा है। विगत माह नवा




रायपुर स्थित सरकारी दफ्तरों में ईडी की दबिश की गूंज अभी तक है। मनमानी ढंग से इंड्रस्ट्रियों को बंद करने खोलने के खेल में ईडी की दृष्टि पड़ते ही अधिकारियों का गला सूखने लगा है। अधिकारियों का पूरा काला चिट्ठा ईडी ने जब्त कर लिया है। मंडल के अधिकारियों ने इस मामले में ईडी के समक्ष बयान भी दर्ज कराया है। ईडी इस मामले को भी कोल स्कैम से जोड़कर अन्य अफसरों के गिरफ्तारी के फिराग में है। जिसको लेकर अधिकारी घबराये हुए हैं। वहीं दूसरी ओर एक नेता के शिकायत पर राज्य सरकार नें भी मामले की जांच चालू कर दी है। हालही में एक विभाग के कुछ अफसरों को तलब किया गया था। अधिकारियों ने साफ तौर पर कह दिया कि हमने ईडी के समक्ष जो बयान लिखित में दिया है वही हमारा बयान है। एक अफसर तो इतने भयभीत हैं कि सरकारी नौकरी से इस्तीफा देने तक की भी बात कह डाली।

## अगले माह प्रभारी पीसीसीएफ?

पीसीसीएफ पद पर प्रमोट होने वाले अफसर दिन गिनते-गिनते प्रमोशन की आस ही छोड़ दिये हैं। सीनियर आईएफएस तपेश झा, अनिल राय, अनिल साहू, संजय ओझा को पीसीसीएफ पद में प्रमोट किया जाना है। लेकिन




कई बार मंथन के बाद भी हल नहीं निकला। इनके प्रमोशन की फाइलें चक्कर काट रही हैं। अभी तक डीपीसी में मुहर नहीं लगी। दरअसल में यदि इन चारों अफसरों का प्रमोशन कर दिया जाएगा तो पीसीसीएफ के लिए कई दोवदार तैयार हो जाएगें। जिससे एक चहेते अफसर की राह बाधित होगी। इसलिए इन चारों अफसरों का प्रमोशन गोल-गोल रानी हो गया है। वर्तमान पीसीसीएफ संजय शुक्ला की रेरा में जाने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। संजय शुक्ला अगले माह कभी भी रेरा के चेयरमेन बन सकते हैं। तो वहीं प्रमोशन होने वाले अफसरों को जून तक और इंतजार करना पड़ सकता है। तब तक एक चहेते अफसर को पीसीसीएफ का प्रभार दिया जा सकता है। जाहिर सी बात है चुनावी साल में कार्य में निपुण बेहतर प्रबंधन की क्षमता रखने वाले विश्वासनीय अफसर को ही विभाग की चाभी सौंपी जाएगी।

## पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के तेवर बदले?

पीसीसी चीफ मोहन मरकाम का कार्यकाल पूरा हो चुका है। दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीसीसी चीफ को बदलने के संकेत दिए थे। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, सांसद दीपक बैज के अध्यक्ष बनने की




खबरें मीडिया में छपने लगीं। इस बीच मरकाम के तेवर बदले विधानसभा में उन्होनें अपनी ही सरकार के उपर डीएमएफ में बंदरबांट का आरोप लगाया। उससे बड़ी बात तो यह थी कि जिस अधिकारी पर आरोप लगाया वह बस्तर के एक प्रभावशील नेता के रिश्तेदार और एक युवा कांग्रेसी नेता के पिता हैं। मरकाम को मंत्री टीएस सिंहदेव तथा छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी शैलजा का साथ मिला। सिंहदेव ने कहा कि जब पार्टी 75 सीटों के लक्ष्य के साथ फिर सत्ता में वपासी का दावा कर रही है, तो अध्यक्ष बदलने का औचित्य क्या है? हालाकि सिंहदेव ने यह भी कहा कि यह निर्णय आलाकमान का है। मरकाम के बदले जाने की खबरों को छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा ने भी फिलहाल बयान देकर विराम लगा दिया है। लेकिन उसके बाद से मरकाम के तेवर बदले- बदले से नजर आ रहे।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# सीएम बघेल से हुई छोटी सी मुलाकात में ही स्कूली बच्चों की मांग हुई पूरी

**पीपरछेड़ी में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 21 लाख रुपये स्वीकृत**



पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के ग्राम पीपरछेड़ी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की स्कूली बच्चों के साथ हुई छोटी सी मुलाकात में ही उनकी मांग पूरी हुई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विगत माह फरवरी में एक कार्यक्रम में शामिल होने जिले के बालोद ब्लॉक के ग्राम पीपरछेड़ी पहुँचे थे। जहां कार्यक्रम से वापस लौटने के दौरान स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री के साथ फोटो लेने की ईच्छा जाहिर की। जिस पर मुख्यमंत्री ने बच्चों के पास पहुंचकर बड़े ही उत्साह भरे माहौल में बच्चों के साथ फोटो खिंचवाया। इस दौरान बच्चों ने मुख्यमंत्री से अपने स्कूल के लिए नए भवन बनाने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों को नया भवन निर्माण कराने का भरोसा दिलाया था। मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों को दिए गए इस भरोसे को त्वरित अमल में लाने जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गई। जिसके फलस्वरूप शासन द्वारा ग्राम पीपरछेड़ी में हायर सेकेंडरी स्कूल के नवीन भवन निर्माण हेतु 01 करोड़ 21 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृति उपरांत अब स्कूल भवन निर्माण हेतु कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बच्चों को दिए गए नवीन स्कूल भवन निर्माण के भरोसे को अब अमल में लाया जाएगा और स्कूली बच्चों को नवीन भवन की सौगात प्रदान की जाएगी।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पैरालिगल वालिन्टियर्स की भर्ती

**कवर्धा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत पैरालिगल वालिन्टियर्स की भर्ती जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के क्षेत्रान्तर्गत स्थापित विभिन्न लिगल एड क्लिनिक, थाने में एवं अन्य क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करने के लिए तथा समाज के पीड़ित एवं जरूरतमंद को निःशुल्क विधिक सेवा, सहायता उपलब्ध कराने के लिए पैरालिगल वालिन्टियर की भर्ती की जा रही है। स्थानीय व्यक्ति (कवर्धा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्ति ), समाज सेवा में जुड़े व्यक्ति, सेवानिवृत्त शासकीय सेवा, महिलाओं को एवं अतिरिक्त योग्यता रखने वाले जैसे ड्राईविंग ज्ञान अथवा अन्य तकनीकी ज्ञान रखने वाले व्यक्ति, को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री अमित प्रताप चन्द्रा ने बताया कि पी.एल.व्ही. की नियुक्ति से विधिक सेवा के कार्यो में गति आएगी तथा जिले के प्रत्येक थानों में पी.एल.व्ही. नियुक्ति होने से कवर्धा जिले के प्रत्येक स्थानों पर विधिक सेवा की पंहुच सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम में 20 मार्च 2023 दोपहर 1 बजे स्वतः उपस्थित होकर प्रस्तुत करेंगे।

# धार्मिक आयोजनों से युवा पीढ़ी देश की संस्कृति व परंपरा से जुड़ने का अवसर

**ग्राम मोहरेंगा में आयोजित अखण्ड रामायण के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए किसान नेता योगेश तिवारी**



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मानस प्रचार समिति ग्राम मोहरेंगा (बेरला) के तत्वाधान में अखण्ड रामायण का आयोजन हुआ। गांव में 48 वर्षों से अखंड रामायण का सफल आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का समापन राघव ग्रुप कोटगांव कुरूद जिला धमतरी संतोष साहू एवं साथियों के जगराता सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ। किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर सफल आयोजन के लिए समिति के सदस्य व ग्रामवासियों को बधाई देते हुए मुख्य अतिथि किसान नेता ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आज की युवा पीढ़ी व बच्चों को देश की संस्कृति व परंपरा से जुड़ने का अवसर मिलता है। वर्तमान में युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की ओर आकर्षित होने के साथ अपने धर्म से विमुख होती जा रही है। धर्मांतरण पर प्रभावी ढंग से रोक लगानी की आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी को जागरूक होना पड़ेगा। प्रलोभन देकर धर्मांतरण करा रहे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई के लिए प्रशासन को अवगत कराना जरूरी है। धर्म से जुड़ने का सबसे अच्छा माध्यम धार्मिक आयोजन है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन परंपराओं का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया जा रहा है। रामायण में प्रभु श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान समेत हर पात्र का जीवन आज भी प्रासंगिक है। प्रभु श्रीराम ने अपने हर रिश्ते को पूरी निष्ठा से निभाया, इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहा जाता है।

# केंद्राध्यक्ष और पर्यवेक्षक ने लिया नकल कराने का ठेका

पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय में दसवीं बोर्ड की परीक्षा में शिक्षिका द्वारा सामूहिक नकल कराए जाने का मामला प्रकाश में आ रहा है। हैरत वाली बात तो यह है जिस परीक्षा केंद्र में यह पूरा कारनामा हुआ, वहां खुद केंद्राध्यक्ष और पर्यवेक्षक द्वारा सभी परीक्षा कक्ष में जाकर नकल करवाने में मशगुल थे। वहाँ मौजूद अन्य शिक्षकों ने बताया कि अगर में नकल कराने से मना करते थे तो उन्हें धमकी तक दी जाती थी। सरस्वती शिशु मंदिर मनेंद्रगढ़ में दसवीं बोर्ड की परीक्षा में नकल कराए जाने का एक अनूठा मामला प्रकाश में आया है। यहां केंद्र की केंद्राध्यक्ष एल टोप्पो के मार्गदर्शन में पर्यवेक्षक सुनीता कॉल द्वारा खुलेआम नकल करवाई जा रही थी. इस पूरे मामले का किसी ने वीडियो बना लिया, और वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया, जिसके बाद स्कूल में चल रही मनमानी उजागर हो गई। इस परीक्षा केंद्र में 144 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है, जिस में शुक्रवार को हुई परीक्षा में 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा हाल में जिस तरह से नियम कायदों की धज्जियां केंद्राध्यक्ष और पर्यवेक्षक द्वारा उड़ाई जा रही थी उसे देख कर तो ऐसा लग रहा था मानो इन दोनों नगर कराने का ठेका ले लिया हो. हद तो तब हो गई जब पर्यवेक्षक ने कैमरे के सामने यह कह दिया कि उन्होंने बच्चों को थोड़ा बहुत बताया है, इससे आसानी से समझा जा सकता है कि इस परीक्षा केंद्र में किस तरह बोर्ड के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई। जब इस संबंध में हमने कलेक्टर से जानकारी चाहिए तो उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी से इस मामले की जांच करवाएंगे और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

# विवाहित आरोपी ने पड़ोस में रहने वाली महिला से की जबरदस्ती

**कुम्हारी।** पड़ोस में रहने वाली महिला से विवाहित ने धमकी देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। ग्राम कुगदा निवासी रूपेश मांडले उर्फ मोंगली पिता अंजू सिंह मांडले द्वारा पड़ोस में रहने वाली पीड़िता के साथ



पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

जबरदस्ती अनाचार किया तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी । इतना ही नहीं आरोपी ने पीड़िता से दस हजार रूपए भी छीन लिया। जिसकी शिकायत पीड़िता ने पुलिस थाना कुम्हारी में शिकायत की । रिपोर्ट दर्ज होते ही आरोपी कार्रवाई किए जाने के डर से फरार हो गया। आरोपी को पुलिस अधीक्षक दुर्ग अभिषेक पल्लव, के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक दुर्ग (शहर) संजय ध्रुव नगर पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार बंछोर के मार्ग निर्देशन में तथा थाना प्रभारी सुधांशु के अनुदेशन से पाना सउनि अजय सिंह, हम.स्टाफ आर. 291कविन्द्र साहू,773 राजकुमार द्वारा पतासाजी की गई। पता चलने पर आरोपी को जंजगिरी बस स्टैंड के समीप गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया । पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया गया । पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड में भेजा है।

**मामला 7 करोड़ के भ्रष्टाचार का नहीं, सीट बचाने का है**

# हार के डर से अपने ही सरकार को घेर रहे हैं मोहन मरकाम : बालसिंह बघेल

पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com





जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि, विधायक मोहन मरकाम के द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान अपने ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर कोंडागांव जिला के जिला मद में 7 करोड़ के घोटाला की जांच की मांग करना मात्र पब्लिक स्टेंड हैं। बालसिंह बघेल ने कहा कि, कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा में हैं, यह छत्तीसगढ़ की जनता भलीभांति जानती हैं। ऐसे में माहन मरकाम के द्वारा अपनी ही सरकार जिसमें वह स्वयं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर हैं, भ्रष्टाचार के विरूद्ध आवाज उठाना यह कांग्रेस की भ्रष्ट नीति को उजागर करता हैं। बालसिंग बघेल ने कहा कि, मामला केवल 7 करोड़ रूपए के भ्रष्टाचार का नही हैं, मामला हैं आगामी चुनाव में कोंडागांव विधानसभा सीट से हारने का डर हैं जो कि, स्पष्ट दिखाई दे रहा हैं। पिछले 4 वर्षों में कोंडागांव पूर्णरूप से भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ हैं, कभी जिला पंचायत तो कभी शिक्षा विभाग में घोटाला देखा गया। जिला में कोई विभाग नहीं हैं जो पिछले 4 साल में भ्रष्टाचार का शिकार नहीं हुआ हो, अपनी नाकामी को छुपाने के लिए मोहन मरकाम अंतिम समय मे सिर्फ दिखावा कर रहे हैं, पिछले 4 साल में विधायक महोदय ने एक भी शब्द भ्रष्टाचार के खिलाफ नहीं बोला, इनके छत्रछाया में भ्रष्टाचार फलता फूलता रहा, जब क्षेत्र की जनता मोहन मरकाम को नकार रही हैं, असफल विधायक के रूप में जनता जानने लगे हैं और चुनाव प्रचार प्रसार के दौरान जनता के बीच कुछ बोलने को बचा नहीं हैं, इसलिए नया प्रयोग कर रहे हैं, अपनी ही सरकार को घेर मरकाम जनता को फिर एक बार गुमराह करने का चाल चल रहे हैं, जिले की जनता इनके इस हरकत से भली भांति परिचित हैं। जब मोहन मरकाम पहली बार विधायक बने तो कहते फिरते थे कि, मेरी सरकार नहीं बनी हैं जिसके चलते कुछ काम नहीं कर पा रहा हूं। वही भाजपा सरकार के कराए गए विकाश कार्यो को अपनी उपलब्धी बताया करते नही थकते थे और जनता से झूठी और मन घडंत कहानी सूना सुना कर दुबारा मौका मांग कर पूरे विधानसभा में घूम धूमकर केवल और केवल झूठे वादे और झूठी तसल्ली के देकर जनता को झूठी आस्वासन देकर चुनाव जीते। मोहन मरकाम का दोहरा चरित्र वाला चेहरा जनता के सामने आ गया हैं। जनता इनके झूठे वादे से परेशान हो गई हैं, अब कोई मौका इसबार मरकाम को और न ही कांग्रेस की सरकार को मिलने वाला हैं यह भलीभांति मरकाम समझ गई हैं और एक नया पेंतरा अपनाया जा रहा हैं जिससे जनता का ध्यान भटकाया जा सके और अपने ही सरकार को घेर कर आगामी चुनाव में जनता के बीच जा सके लेकिन उनको यह नहीं भूलना चाहिए कि, मामला केवल 7 करोड़ के घोटाला की जांच कराकर खत्म नहीं होगां उनको अपने इस कार्यकाल के साथ साथ पिछले कार्यकाल का भी हिसाब जनता को देना चाहिए। केवल अपनी सरकार को भ्रष्ट बोल कर खुद को पाक साफ नहीं रख सकते उनके ऊपर भी कई आरोप सोशल मीडिया के माध्यम से लगे हैं उस पर उनका क्या कहना हैं, खुद पर लगे आरोपों पर वह कब जांच करवा रहे हैं यह भी जनता को बताए। उन पर लगे आरोपों पर कब तक मौन रहेंगे, जिला जो भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है जो पिछले 4 चार साल में भ्रष्टाचार फल फूल रहा हैं क्या मरकाम पूरे 4 साल में हुए भ्रष्टाचार निष्पक्ष जांच कराएंगे या सिर्फ उसकी ही जांच करने की मांग कर रहे हैं जिसमे वे शामिल नहीं हैं या उनके तक हिस्सा नहीं पहुंचा मरकाम को स्पष्ट कर देना चाहिए।

# सामाजिक संगठनों की बैठक में नव वर्ष मनाने का निर्णय लिया गया

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

ईश्वरीय सनातन संस्कृति व समृद्ध विरासत के प्रतीक भारतीय नववर्ष को ऐतिहासिक व भव्य रूप से मनाने हेतु सर्व समाज समरसता समिति द्वारा आयोजन में व्यक्ति व्यक्ति, समाज समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु सनातन धर्म परंपरा के संवाहक नगर के सभी जाति संगठनों की 17 मार्च को जलाराम मंदिर में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई थी। बैठक में अमूमन नगर के सभी समाज प्रमुखों ने भाग लिया। उपस्थित समाज प्रमुखों के द्वारा खुलकर नववर्ष के सम्बन्ध में अपने विचार व सुझाव प्रस्तुत किया गया। सबने एकमत से आगामी भारतीय नववर्ष को बहुत धूमधाम से मनाने पर जोर दिया। विशेषतः 21 मार्च को दल्ली राजहरा और चिखलाकसा के 100 स्थानों पर आयोजित होने वाले सामूहिक भारत माता की आरती व दीपोत्सव के आयोजन में बढ़ चढ़कर भागीदारी देने की बात कही गई। इस वर्ष सर्व समाज समरसता समिति द्वारा सनातन धर्म संस्कृति से सरोकार रखने वाले सभी जाति संगठनों से अपने अपने सामाजिक भवनों मे भी भारत माता की आरती कर दीपोत्सव मनाने का आह्वान किया गया। इसके अलावा सभी समाज के सदस्यों से भारतीय नववर्ष के सफ्ल आयोजन हेतु तन मन धन से सहयोग करने व समर्पण राशि भेंट करने की भी अपील किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा 21 मार्च के सामूहिक आरती मे जन जन को जोड़ने के लिए अनेक सुझाव दिये गये..जिस पर समिति आगामी समय में कार्यान्वयन करने को बात कही।

# मुख्यमंत्री महत्वाकांक्षी गौठान योजना में अधिकारी लगा रहे पलीता, बांसकोट गौठान में छाई वीरानी





पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार महत्वाकांक्षी नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना संचालित कर रही ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दिया जा सके, लेकिन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को अधिकारी ही पलीता लगा रहें। सरकार की महत्वाकांक्षी गौठान योजना में अनियमितता का ताजा मामला बड़े राजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बांसकोट से प्रकाश में आया, जहां लाखों खर्च कर गौठान तो बनाया गया हैं लेकिन गोठान स्थल पर आधे अधूरे निर्माण कार्य महत्वाकांक्षी योजना में भ्रष्टाचार को अंजाम देने का जीवंत उदाहरण हैं।

### गौठान के अवलोकन में दिखा अलग नजारा

गौठान में ना ही पशुओं के लिए चारा की व्यवस्था हैं ना ही पीने के पानी की, गौठान में बनी कुछ टंकियां अभी से टूटने लगी हैं। गौठान स्थल पर समूह की महिलाओं द्वारा नाम मात्र टंकी में वर्मी कंपोस्ट खाद बनाया गया हैं। वही गौठान में पानी की आपूर्ति करनी पंप उत्खनन हुआ था, लेकिन बिना पानी का पंप किसी काम का नहीं, गौठान की सुरक्षा के लिए तार फे सिंग भी नहीं हैं। गौठान में कार्य करने वाली कुछ महिलाओं ने नाम न छापने की शर्त पर कहा हम केंचुआ खाद उत्पादन कर रहे थे, हमारे द्वारा खरीद कर लाए गए केंचुआ पानी के अभाव में मर गए, लाभ ना होने से हमने कार्य छोड़ दिया, किसी तरह अधिकारियों को शिकायत करने के बाद हमें 10 हजार की हमारे द्वारा खर्च की गई राशि मिली, फिलहाल हम कार्य नहीं कर रहें, आधे अधूरे निर्मित वीरान गौठान की तस्वीर लोगों की मुंह चिढ़ा रहीं हैं। सिया राम मरकाम, गौठान समिति अध्यक्ष बांसकोट ने दावा किया गौठान में तार फे सिंग हो चुका हैं गौठान में पानी की पर्याप्त व्यवस्था हैं और चारा के रूप में पशुओं के लिए पैरा उपलब्ध हैं।

# तंबाकू नियंत्रण के लिए कलेक्टर के निर्देश पर त्वरित कार्यवाही

**15 मार्च से 17 मार्च तक जिले में मनाया गया तंबाकू निषेध अभियान**

- अभियान के दौरान कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने वाले 136 लोगों का कटा चालान

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com



संचालक स्वास्थ्य सेवाए छत्तीसगढ़ द्वारा 17 मार्च 2023 को तंबाकू निषेध अभियान के रुप में मनाएं जाने के निर्देश दिये गए थे। जिसके परिपालन में 14 मार्च 2023 को जिला कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन कर जिले में तंबाकू नियंत्रण हेतु विभिन्न गतिविधियों के आयोजन किये जाने एवं कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। 15 मार्च से 17 मार्च 2023 तक जिले के भोपालपटनम, उसूर, भैरमगढ़ एवं बीजापुर विकासखण्डों में प्रर्वतन दल के माध्यम से कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों की निगरानी की गई। एवं कानून के प्रावधानों के उल्लंघन पाए जाने पर कुल 136 चालान के माध्यम से 18550 रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। ताकि जिले में सार्वजनिक स्थानों पर होने वाले धूम्रपान को रोका जा सके एवं अवैध तंबाकू उत्पादों की बिक्री एवं प्रचार-प्रसार पर रोक लगाया जा सके। जिले में लगातार तंबाकू नियंत्रण की दिशा में प्रयास किये जा रहें है ताकि जिले के आमजनों एवं बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से बचाया जा सके। इसी तारतम्य में जिले के शैक्षणिक संस्थानों में भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को जागरूक करने का प्रयास भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास के माध्यम से जिले में वर्तमान में कुल 120 शैक्षणिक संस्थाओं को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान घोषित भी किया जा चुका है। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ0 मनोज लंबाड़ी ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के नियंत्रण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्य के लिए जिले को राज्य स्तरीय अधिकारियों एवं ब्लूमबर्ग परियोजना का सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिला नोडल अधिकारी द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि आगामी समय में जिले में कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों का शत प्रतिशत पालन किया जाये ताकि यथाशीघ्र जिले को तंबाकू मूक्त जिला बनाया जा सके। और जिले के लोगों को तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आजीविका मिशन बिहान के कर्मचारी बैठे हड़ताल पर



पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के फरसगांव ब्लाक में ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अन्तर्गत कर्मचारी पीआरपी, आर.बी.के., सक्रीय महिला, पशु सखी, कृषि सखी, एफएलसी, आरपी, बैंक मित्र सभी कर्मचारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर फरसगांव मुख्यालय ने हड़ताल पर बैठ गए हैं। फरसगांव ब्लाक बिहान क्रेडर्स संघ के अध्यक्ष अंजली पुजारी ने बताया कि, वे सभी जिम्मेदार से मिशन का कार्य कर रहें हैं। जिसमें स्व सहायता समूह की गठन, मनरेगा अभिशरण, आजीविका गतिविधि, गोठान का कार्य साथ ही विभिन्न अन्य विभाग का भी कार्य पूरे महिने भर कर रहें है। सभी कैडर अपने मानदेय से संतुष्ट नही हैं, जिसके चलते सभी हड़ताल कर रहे हैं, उनकी पांच प्रमुख मांगे हैं की सभी कर्मचारियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाए, कर्मचारियों को नियमित किया जाय, मानदेय में बड़होत्री किया जाय, मानदेय का नियमित भुगतान किया जाए और यात्रा भत्ता भुगतान किया जाए इन सभी मांगों के लिए हड़ताल पर बैठ गए हैं। इनकी हड़ताल 25 मार्च तक रहेगी यदि इसके बाद भी सरकार इनकी मांगों को पूरा नहीं करेगी तो सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे और उग्र आंदोलन करेंगे।

# रसोइयां संघ तीन सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकलीन हड़ताल पर

पायनियर संवाददाता ◂ पखांजूर
www.dailypioneer.com



कोयलीबेड़ा ब्लाक मुख्यालय पखांजूर में सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम के पास टेंट लगाकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे है, हड़ताली रसोइयां संघ के पदाधिकारी पंकज परामनिक ने बताया कि सरकार हमको बिना मां बाप के समझ लिए है हमारा वेतन केवल 300 रु बढ़ाया गया जो उचित नही है सरकार गरीबो की हित बात करती है और हम गरीब है जिन पर कोई ध्यान नही दे रहे है। हम चाहते है सरकार हमे कलेक्टर दर पर वेतन दे। वही रसोइयां अमृता नाग,ब्रिजवती दर्रो ने बताया कि हम पूर्व में हडताल में बैठे थे वही बजट में पैसे बढ़ाने के बाद हम हडताल समाप्त कर दिए थे परंतु केवल 300 रु बढ़ाया गया है जो उपयुक्त नही है इसलिए पुनः हड़ताल शुरू की गई है। सन् 1995 से माध्यान्ह भोजन योजनांर्गत स्कूल शिक्षा विभाग प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में पढ़ने वाले बच्चों को अनवरत रूप से जारी रखने हेतु माध्यान्ह भोजन योजना वर्षो से जारी है। माध्यान्ह भोजन रसोईया कर्मचारीयों को जिनके ऊपर स्वादिष्ट भोजन पकाने व खिलाने का कार्य -भार निर्धारित है, वर्षो से 15 रुपये से लेकर काम करते आ रहे हैं। वर्तमान में 50 रुपये प्रतिदिन की दर से काम कर रहे हैं। रसोईया का कार्य पाठशाला खुलने से लेकर पाठशाला बंद होने तक चलता है। पूर्णकालिन 6 घंटा कार्य दिवस होने के बावजूद न तो शासकीय नियमित कर्मचारी माना जाता है और न ही न्युनतम वेतन मिलता है, जिसमें जीवन यापन करना दुर्लभ हो गया है।05 मार्च को हाई कोर्ट का फैसला दिया गया है कि स्कूल माध्यान्ह भोजन रसोईया को प्रतिमाह 9180 रुपया दिया जावे उसे अतिशिघ्र लागु करते हुए समान काम समान वेतन देने की मांग किया है। इस हड़ताल में पंकज परामानिक,अमृता नाग,रिंकू बिस्वास,वृजवती दर्रो,साधना सरकार,महेंद्र मंडल,मिनती बिस्वास,रीना हालदार,तापसी ओझा,शिप्रा तरफदार,बिजय कैमरे,साधना मंडल,पार्वती मंडल,संध्या सरकार, रिंकू साना, बेबी शील,साधना मंडल, शक्ति सरकार,कल्पना मंडल,वंशीलाल धुर्व और सारे संघ के लोग उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया आश्रम और स्कूल का औचक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◂ सुकमा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर हरिस एस ने केरलापाल के मांझीपारा में संचालित ग्राम पोंगाभेज्जी, बुडको के आश्रम और स्कूल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आश्रम और स्कूलों में पहुंचकर बच्चों से बातचीत कर आश्रम में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने आश्रम में बच्चों के शयन कक्ष, शौचालय, रसोई, भोजन कक्ष, अध्ययन कक्ष, पुस्तकालय, पेयजल सहित आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मीनू के आधार पर भोजन देने, शिक्षा के स्तर में सुधार लोने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आश्रम में बच्चों को सभी सुविधाएं प्रदान करें, उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुए कहा कि मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें और पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बच्चों के गणवेश, उसकी सफाई, खेल सामग्री सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।

# बाबा साहेब सेवा संस्थान ने मनाया बहुत जन् दिवस

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



बाबा साहेब सेवा संस्था कार्यालय में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत जनों का नायक कांशीराम की जन्म जयंती मनाया गया। बाबा साहब सेवा संस्थान ने किया याद मान्यवर काशीराम साहेब की छाया चित्र पर मुख्य अतिथि नंद कुमार बघेल ने दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर उनकी कार्यों को व उनके उद्देश्यों पर उनके नेक कार्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बताया कि, काशीराम का जन्मदिन और मेरा जन्मदिन एक ही दिन हैं और साथ में काम भी किए हैं। कांशीराम भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने भारतीय वर्ण व्यवस्था में बहुजनों के राजनीतिक एकीकरण और उत्थान के लिए कार्य किया। इसके अन्त में उन्होंने दलित शोषित संघर्ष समिति, 1971 में अखिल भारतीय पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदायों कर्मचारी महासंघ (बामसेफ) और 1984 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की स्थापना की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंदकुमार बघेल सहयोगी आशीष वर्मा संस्था के मुख्य सलाहकार पीपी गोंडाने, प्रमोद भारती, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, सचिव रमेश पोयाम, ओम प्रकाश, नाग देवानंद, चौरे मंगला, गोंडाने एशिया, ताई चौरे, तथसील चौरे, हितेन श्रीवास, भुवनलाल मारकंडेय, नरसिंह देव मंडावी, संदीप कोर्राम, सहायक शिक्षक के सदस्य मदन राठौड, उपेंद्र कुमार कोमा, रामानंद मंडावी, हितेंद्र श्रीवास, प्रेमराज नेताम इन्होंने छत्तीसगढ़ के सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति के निवारण के लिए नंद कुमार बघेल को ज्ञापन सौंपा।

# माओवादी विरोधी अभियान के दौरान तिमेनार जंगल से 2 माओवादी आरोपी गिरफ्तार

- थाना मिरतुर, छसबल केम्प बेचापाल एवं कैम्प तिमेनार की संयुक्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना मिरतुर, छसबल कैम्प बेचापाल 15/E, एटेपाल 9/C , एवं कैम्प तिमेनार 19/D की संयुक्त पार्टी तिमेनार, हुर्रेपाल की ओर निकली थी । अभियान के दौरान तिमेनार के जंगलों से 02 माओवादियों को पकड़ा गए, जिनमे मोटू ऊर्फ गुडडू (मिलिशिया प्लाटून डिप्टी कमाण्डर)पिता स्व सुक्को उम्र 25 वर्ष निवासी मदपाल पटेलपारा थाना मिरतुर।मड्डा माड़वी (जनताना सरकार अध्यक्ष)पिता बुधराम माड़वी जाति मुरिया उम्र 46 वर्ष निवासी कुड़मेर थाना मिरतुर जिला बीजापुर। मोटू ऊर्फ गुडडू थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 13-06-2015 केरिपु केम्प पातरपारा में गार्ड डयूटी पर तैनात जवान पर अवैध हथियार से फायरिंग करने की घटना में शामिल था। मड्डा माड़वी थाना मिरतुर क्षेत्रान्तर्गत 12-जन-2022 को जप्पेमरका के 02 ग्रामीण के साथ मारपीट करने एवं लूट की घटना, 19/दिस/2021 को ग्राम बेचापाल के ग्रामीण के साथ मारपीट एवं लूट की घटना में शामिल था। उपरोक्त के विरूद्ध थाना मिरतुर द्वारा वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

# हिंदू नववर्ष एंव रामनवमीं की तैयारी जोरों पर



**किरन्दुल।** हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2080 का शुभारंभ 22 मार्च से हो रहा है।इसको किरन्दुल लेकर नगर में उत्साह का वातावरण है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष श्रीराम जन्मोत्सव समिति किरन्दुल के द्वारा नववर्ष के स्वागत में 23 मार्च को बाइक रैली निकालने के साथ 30 मार्च को शोभायात्रा निकाली जाएगी। आपको बता दें उक्त आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। जिसकी तैयारियां आज से प्रारम्भ की गई हैं और पूरे नगर को भगवा ध्वज से सजाया जा रहा हैं।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायपुर (छ.ग.)

### // ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

निविदा प्रपत्र ''A'' में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से **JJM** के अंतर्गत नलकूप खनन कार्य की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| एन.आई.टी. क्रमांक, दिनांक/सिस्टम टेंडर क्रं | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 177/15.03.23, 127912 | विकासखण्ड अभनपुर (समूह क्रमांक 01) | 4.99 |
| 178/15.03.23, 127921 | विकासखण्ड अभनपुर (समूह क्रमांक 02) | 4.99 |
| 179/15.03.23, 127922 | विकासखण्ड आरंग (समूह क्रमांक 01) | 4.99 |
| 180/15.03.23, 127924 | विकासखण्ड आरंग (समूह क्रमांक 02) | 4.99 |
| 181/15.03.23, 127925 | विकासखण्ड धरसींवा (समूह क्रमांक 01) | 4.99 |
| 182/15.03.23, 127927 | विकासखण्ड धरसींवा (समूह क्रमांक 02) | 4.99 |
| 183/15.03.23, 127928 | विकासखण्ड तिल्दा (समूह क्रमांक 01) | 4.99 |
| 184/15.03.23, 127929 | विकासखण्ड तिल्दा (समूह क्रमांक 02) | 4.99 |

**नोट :-**
उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 17.03.2023 से देखी जा सकती है एवं निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 04.04.2023 होगी।

**G-99411/3**

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,**
**रायपुर (छ.ग.)**


## पिछड़ा वर्ग समाज ने तत्काल पट्टा देने की कलेक्टर से रखी मांग

# पिछड़ा वर्ग को पट्टा देने आना कानी कर रही जिला प्रशासन : रितेश पटेल

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



सर्व पिछड़ावर्ग समाज कोंडागांव जिलाध्यक्ष रितेश पटेल की अगुआई मे समाज प्रमुखों ने कलेक्टर कोंडागांव दीपक सोनी से मुलाकात कर कोंडागांव जिले मे निवासरत पिछड़ावर्ग समाज के वन अधिकार पट्टे के लंबित प्रकरणों का बिना टाल मटोल करे तत्काल दिए जाने की मांग रखी हैं। जिलाध्यक्ष रितेश पटेल ने कहा कि, इससे पूर्व भी समाज द्वारा सौंपे गए ज्ञापन मे वन अधिकार पट्टा को जल्द देने की मांग रखी गई हैं परन्तु जिला प्रशासन द्वारा पिछड़ावर्ग समाज के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार किया जाता हैं पंचायतों मे एक एक फाइल जबरन 10,10 बार वापस भेजी जाती हैं और बिना किसी कारण के पट्टा देने से रोक लगाया जाता हैं कहीं न कहीं यह ओबीसी समुदाय की अनदेखी हैं इसे सर्व पिछड़ावर्ग समाज बर्दास्त नहीं करेगा कलेक्टर महोदय के समक्ष हम वन अधिकार पट्टे की मांग को लेकर अंतिम बार निवेदन करने आए हैं अगर इसके बाद भी पिछड़ावर्ग समाज के लंबित वन अधिकार पट्टे संबंधी मामलों को त्वरित निराकरण कर पट्टा वितरण नहीं किया जाता हैं तो जल्द ही एक सूत्रीय मांग को लेकर सर्व पिछड़ावर्ग समाज जिला कोंडागांव द्वारा कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। सरकार द्वारा सभी वर्गो को पट्टा दिया जा रहा हैं तो जिला प्रशासन द्वारा लेट लतिफी हम बर्दास्त नहीं करेंगे मुख्यमंत्री से जब भी समाज ने मुलाकात की हैं। पट्टे के विषय को रखा हैं और मुख्यमंत्री ने गंभीरता भी दिखाई हैं उसके बावजूद हमारे पिछड़ावर्ग समाज के लोगों को पट्टा न मिलना कहीं न कहीं जिला प्रशासन की नाकामी को प्रदर्शित करता हैं। कलेक्टर से मुलाकात के दौरान जिलाध्यक्ष रितेश पटेल, संरक्षक सह प्रवक्ता नीलकंठ शार्दूल, कोषाध्यक्ष आईसी निषाद, उपाध्यक्ष बसंत साहू, उपाध्यक्ष मनोज देवांगन, उपाध्यक्ष चमन वर्मा, संरक्षक मणि शंकर देवांगन, वीरेंद्र बैध, हुकुम शेट्टी, खिरेंद्र यादव, लक्ष्मण पांडे, लोकचंद दिवान, प्रदीप साहू, पीलूराम यादव, कंगालू राम पांडे, बैजनाथ दीवान नीलकंठ बघेल, सुकमन दीवान, रविंद्र दीवान राजमन दीवान, पीला दास, प्रेम सिंह पांडे, चमेश सेठिया, राम दीवान, सुखमति दीवान, जगत राम यादव, बलदेव चक्रधारी, संतोष लंगुरिया, कोमल पटेल हवन दीवान, सराधुराम पांडे, पतिराम, योगेश वैद्य लक्ष्मण पांडे, सिलधर, देवनाथ पांडे, संतु राम, जगत राम, मुकेश पटेल लेखराम, हीरा सिंह ,गंधरू, सीट चांद खुटीराम, सुखचंद सोमारू, फूलचंद सहित भारी संख्या मे सामाजिकजन मौजूद रहें।


### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र............../अ-20(2)/575/2022-23

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा ग्राम जशपुर तहसील जशपुर जिला जशपुर (छ.ग.) के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है आवेदक अनिल कुमार किस्पोट्टा जाति उरांव निवासी ग्राम मधुबनटोली जशपुर नगर, तहसील व जिला जशपुर छ.ग. के द्वारा नजूल नगर जशपुर अंतर्गत मोहल्ला जशपुर स्थित भू-खण्ड/भूमि प्लॉट नं. 267 रकबा 5668 वर्गफुट में से रकबा 380 वर्गफुट भूमि का व्यवस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर जिला जशपुर (छ.ग.) के समक्ष आवेदन पत्र दिये जाने पर प्रकरण जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 21/03/2023 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जशपुर (छ.ग.)**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक हरियाणा में हुई

## अगले वर्ष तक एक लाख स्थानों तक पहुंचने का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रान्त की राजधानी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेसवार्ता आयोजित हुई। प्रेसवार्ता में प्रान्त के संघचालक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना ने संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना ने कहा कि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 12, 13 एवं 14 मार्च को सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र पट्टीकल्याणा, समालखा (पानीपत, हरियाणा) में संपन्न हुई। रविवार 12 मार्च को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारतमाता के चित्र पर पुष्पार्पित कर अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का शुभारंभ किया। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में देशभर से 34 संगठनों के 1474 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिनिधि सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय स्तर पर कार्य स्थिति भी प्रतिनिधियों के सम्मुख रखी गई। देश के प्रत्येक भाग में संघ कार्य में वृद्धि हो रही है। 2025 में संघ अपने स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। वर्तमान में संघ 71355 स्थानों पर प्रत्यक्ष तौर पर कार्य कर समाज परिवर्तन के महत्वपूर्ण कार्य में अपनी भूमिका निर्वाह कर रहा है। अगले एक वर्ष तक एक लाख स्थानों तक पहुंचना संघ का लक्ष्य है। वर्ष 2020 में आयी कोरोना आपदा के बाद भी संघ कार्य बढ़ा है। वर्ष 2020 में 38913 स्थानों पर 62491 शाखा, 20303 स्थानों पर साप्ताहिक मिलन व 8732 स्थानों पर मासिक मंडली चल रही थीं। 2023 में यह संख्या बढ़कर 42613 स्थानों पर 68651 शाखाएं, 26877 स्थानों पर साप्ताहिक मिलन तथा 10412 स्थानों पर मासिक मंडली तक पहुंच गई है। संघ दृष्टि से देशभर में 911 जिले हैं, जिनमें से 901 जिलों में संघ का प्रत्यक्ष कार्य चलता है। 6663 खंडों में से 88 प्रतिशत खंडों में, 59326 मंडलों में से 26498 मंडलों में संघ की प्रत्यक्ष शाखाएं लगती हैं। शताब्दी वर्ष में संघ कार्य को बढ़ाने के लिए संघ के नियमित प्रचारकों व विस्तारकों के अतिरिक्त 1300 कार्यकर्ता दो वर्ष के लिए शताब्दी विस्तारक निकले हैं। छत्तीसगढ़ प्रान्त में वर्तमान में संघ की शाखाएं 1142 व साप्ताहिक मिलन 515 चल रहे हैं। आगामी मई माह में शुरू होनेवाले संघ के औपचारिक प्रशिक्षण संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष में 500, द्वितीय वर्ष में 100 व तृतीय वर्ष में 20 शिक्षार्थी भाग लेने का अनुमान है। अपने प्रान्त में गत मार्च 2022 के बाद हुए प्राथमिक शिक्षा वर्ग कुल 34 स्थानों पर सम्पन्न हुए जिसमें कुल 3192 शिक्षार्थियों ने भाग लिया। आज संघ के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। देशभर में लोग संघ को ढूंढते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संघ के साथ जुड़ने के लिए निवेदन कर रहे हैं। वर्ष 2017 से 2022 तक ज्वाइन आरएसएस के माध्यम से संघ के पास देशभर से 7,25,000 निवेदन आए हैं। इनमें से अधिकांश 20 से 35 आयु वर्ग के युवक हैं, जो समाज सेवा के लिए संघ से जुड़ना चाहते हैं। दैनिक शाखाओं में भी युवाओं की रुचि बढ़ रही है। संघ की 60 प्रतिशत शाखाएं विद्यार्थी शाखाएं हैं। पिछले एक वर्ष में 121137 युवाओं ने संघ का प्राथमिक शिक्षण प्राप्त किया है। आगामी वर्ष की योजना में देशभर में संघ शिक्षण के 109 शिक्षण वर्ग लगेंगे, जिसमें लगभग 20 हजार स्वयंसेवकों के शिक्षण प्राप्त करने का अनुमान है। छत्तीसगढ़ प्रांत में कार्यकर्ता प्रशिक्षण एवं गुणवत्ता विकास वर्गों के माध्यम से नए कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ रही है।

# गृहिणी स्वयं सेवी संस्था ने किया महिलाओं का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गृहिणी स्वयं सेवी संस्था द्वारा जिला पंचायत सभा कक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मणीकंचन केन्द्र की महिलाओं ने कचरा प्रबंधन पर मनमोहक प्रस्तुती देते हुए अपने दैनिक कार्यो को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीएम आईएएस रोमा श्रीवास्तव ने महिलाओ को हमेशा सजग व जागरूक रहकर समाज के सांथ चलने का संदेश दिया। तत्पश्चात गृहिणी संस्था की अध्यक्ष रूपा श्रीवास्तव ने महिला दिवस पर चर्चा करते हुए महिलाओं की आय बढाने के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयायो पर प्रकाश डाला। अतिरिक्त पुलीस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे एवं उप पुलीस अधीक्षक अनुपम वाजपेयी द्वारा उपस्थित महिलाओं को महिला सुरक्षा, महिला अधिकार संबंधी विविध अधिनियमों की जानकारी दिये। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से प्रत्युष शंकर ने महिलाओं की समान भागीदारी सभी क्षेत्र में सुनिश्चित करने की आवश्यकता एवं निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने पर जोर दिया।


**सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं का किया गया सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली आँगनबाडी कार्यक्रर्ता रानी मिश्रा, संगीता कसार व प्रभा कोसले, साईबर क्राईम रोकने एवं महिला सुरक्षा प्रदान करने महिला प्रधान आरक्षक पिंकी कुरे, सफल व सुरक्षित प्रसव कराने वाली स्वास्थ्य विभाग की निर्मला साहू, कोरोनाकाल के दौरान बच्चो को उचित शिक्षा व मार्गदर्शन प्रदान करने वाली शिक्षा विभाग की टिकेश्वरी पटेल व रामेश्वरी ध्रुव तथा बलौदाबाजार शहर को स्वच्छ रखने के लिए मणीकंचन केन्द्र की सुभाषिनी सेन्द्रे, सुनीता साहु, एवं बीना साहू को श्रीफल एव साल भेंट कर सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में प्रभारी जिला पंचायत सीईओ हरिशंकर चौहान, उप संचालक समाज कल्याण विभाग अरविन्द गेडाम, आजाद पात्रे, गृहिणी स्वयं सेवी संस्था के कार्यकर्ता रेखा शर्मा, मीरा साहू, उषा साहू, तोमेष, सुरेन्द्र, सोमेंद्र, गिलिश, जीतेन्द्र, सहित मणीकंचन केन्द्र की महिलाएँ, आंगनबाडी कार्यकर्ता, शिक्षिकाए आदि उपस्थित थी।

# ग्रीष्मकालीन पेयजल की व्यवस्था के लिए उपखण्ड एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम की हुई स्थापना



पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिले में आगामी समयों में पेयजल व्यवस्था की निरंतरता बनाये रखने एवं हैण्डपंप संधारण संबंधी शिकायतों के तत्काल निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा उपखण्ड एवं विकासखंड स्तर में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। जिला स्तर के लिए कन्ट्रोल रूम प्रभारी मानचित्रकार के.आर.उरांव को नियुक्त किया जाता हैं। पेयजल व्यवस्था एवं हैण्डपंप संधारण संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने पर उसे रजिस्टर में इंद्राज कर संबधित उपखण्ड के सहायक अभियंता को अवगत करायेंगे। कन्ट्रोल रूम प्रभारी का मोबाईल नम्बर 78802-01533 पर आवेदक अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है। इसी तरह विकासखंड एवं उपखंड बलौदाबाजार एवं पलारी के लिए आर.के. ध्रुव 97539-17189, भाटापारा एवं सिमगा के.एल. देवांगन 98262-09612, कसडोल एवं बिलाईगढ़ मनोज दाखोड़े 81092-00800 शामिल है। इसी प्रकार पलारी विकासखंड के लिए कलीराम पैकरा 98261-76821,रीना सिंह 96857- 09224, कसडोल सुदर्शन सिंह मरावी 86021-51705 तथा सिमगा के लिए के.एल. देवांगन 98262-09612 को प्रभारी नियुक्त किया गया है। उक्त नम्बरों में पेयजल एवं हैंडपंप में समस्या होने पर शिकायत दर्ज करा सकतें है।

# स्टाम्प ड्यूटी में बढ़ोत्तरी सभी वर्गो के लिए अतिरिक्त बोझ : देवेंद्र

## छग की जनता को लूटने का नया तरीका

पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की गरीब जनता को खुद का मकान बनाने के सपनों को तोड़कर गरीबों के खून पसीने की कमाई को लूटा जा रहा है। कांग्रेस सरकार गरीबों के सर से छत छीनकर अपनी जेबें भर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ियां मुख्यमंत्री होने का ढोल पीटने वाले कांग्रेसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में 12 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी लगाकर किसानों, व्यापारियों, आम जनमानस को लूटने का नया तरीका इजात किया है। छग के लोगों को अब मकान, जमीन और फ्लैट खरीदने पर स्टाम्प ड्यूटी अधिक चुकानी पड़ेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसमें लगने वाली उपकर बढ़ा दिया है। पहले स्टाम्प ड्यूटी के साथ उपकर 5 प्रतिशत लगता था। अब यह 12 प्रतिशत लगेगा। चंद्राकर ने कहा कि इसके लागू होने से जनता की जेब पर अतिरिक्त भार बढ़ेगा। प्रदेश की गरीब जनता के साथ यह अन्याय और अत्याचार जैसा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2022 तक देश के हर गरीब परिवार को पक्का मकान देने का संकल्प लिया था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य के 16 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास से वंचित किया गया। अब 12% स्टाम्प ड्यूटी बढ़ा दी गई है। इससे मध्यम वर्गीय परिवार जो वर्षो से पाई-पाई जोड़कर जमीन खरीदने के सपने संजो रखे हैं, उनके सपनों को तोड़ने जमीन रजिस्ट्री चार्ज (उपकर) बढ़ाकर आम जनता के जेब में डाका डालने का प्रयास भूपेश सरकार द्वारा किया गया है। किसान समय-समय पर जमीन की रजिस्ट्री खरीदी-बिक्री के करते हैं, जिसमें उपकर बढ़ाकर किसानों को दिये गये 2500 रूपए को भूपेश सरकार द्वारा वसूलने की तैयारी की गई है। चंद्राकर ने बताया कि पहले सिर्फ जमीन की रजिस्ट्री पर ही उपकर लगता था। लेकिन अब मकान, जमीन और फ्लैट तीनों पर लगेगा। इससे किसान, मध्यम वर्गीय, गरीब परिवारों को अतिरिक्त भार पड़ेगा।

# पत्रकार सुरक्षा कानून को मिली मंजूरी से छत्तीसगढ़ मीडिया एशोसियेशन ने जताया सीएम का आभार

**तिल्दा-नेवरा।** केबिनेट में पत्रकार सुरक्षा कानून को मिली मंजूरी से छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन ने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का आभार ब्यक्त किया है। मिडिया कर्मियों पर आये दिन हमला,धमकी जैसे विभिन्न परेशानियों के चलते पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर काफी अड़चनें आ रही थी इन समस्याओं से जुझते हुए स्वतंत्र पत्रकार गण अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के रायपुर जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत ने बताया कि छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के प्रदेशाध्यक्ष नंदकुमार बघेल (पिता मुख्यमंत्री भुपेश बघेल) ने छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेश के पत्रकारों को संगठित करने प्रयास रत है और इसी सिलसिले में छत्तीसगढ प्रांत के अलावा अन्य प्रदेशों का छत्तीसगढ़ मीडिया एशोसियेशन के प्रदेश महासचिव अखिलेश रात्रे के अलावा अन्य प्रदेश स्तर के पदाधिकारी गण लगातार दौरा कर पत्रकारों के संपर्क में हैं ।वहीं छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन पत्रकार हित में पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर शासन को अपेक्षा स्वरूप अवगत कराया जाता रहा । कुछ दिन पहले छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के प्रदेशाध्यक्ष नंदकुमार बघेल ने माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाये जाने का मांग किया था। वहीं छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के प्रदेशाध्यक्ष नंदकुमार बघेल के समक्ष दौरा कार्य म में रूबरू पत्रकारों से पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग उठ रही थी। छत्तीसगढ़ मीडिया एशोसियेशन के प्रदेशाध्यक्ष माननीय नंदकुमार बघेल इस मांग को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष रखा। बीते शु वार को केबिनेट की बैठक में कुछ अहम मुद्दों के अलावा पत्रकार सुरक्षा कानून को मंजूरी दी गई। छत्तीसगढ़ मीडिया एशोसियेशन ने पत्रकार हित में शासन के निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है।

# जिला स्वास्थ्य समिति एवं जीवनदीप समिति की बैठक हुई

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला हॉस्पिटल जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर बंसल ने स्वास्थ्य विभाग के काम काज की विस्तृत समीक्षा की है। इस दौरान कलेक्टर रजत बंसल ने संस्थागत प्रसव के स्थान पर घरों में बढ़ती हुई प्रसव की संख्या पर चिंता जाहिर की है। साथ ही कसडोल के कुछ क्षेत्रों में कुष्ठ के मरीज भी बढ़े है। जिसको लेकर कलेक्टर रजत बंसल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को और अधिक बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए है। उक्त बैठक में लापरवाही बरतने वाले जिला समन्वयक मितानीन कार्यक्रम एवं सभी विकासखण्ड समन्वयक मितानीन कार्यक्रमों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए है। साथ ही साथ मेंटल हेल्थ पर मरीजों की संख्या दर्ज करने सिमगा एवं कसडोल के प्रभारीयों को निर्देशित किया गया है। श्री बंसल ने विभाग द्वारा संचालित फ्लैगशिप योजना मुख्यमंत्री हाट बाजार पर विशेष ध्यान देने के कहा है। उन्होंने प्रति बाजार क्लीनिक में ओपीडी मरीजों की संख्या 100 तक पहुँचाने एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही सभी सीएचसी में हमर लैब को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए है। बैठक के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री सुपोषण योजना में एनिमिक महिलाओं को खिलाए जा रहे गरम भोजन हेतु चिन्हाकन में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका के बारे में भी अवगत कराया गया। बैठक में उन्होंने समस्त विकासखंडों को प्रथम तिमाही में गर्भवती पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को डोर टू डोर भ्रमण कर गर्भवती महिलाओं का पंजीयन करना सुनिश्चित करवाएं उन्होंने जिला मितानिन समन्वयक तथा विकासखंड समन्वयकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया। पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की तिमाही जांच का आंक?ा जो कि विकासखंड पलारी एवं सिमगा में एंट्री नहीं किया गया था उसे तत्काल एंट्री करवाना हेतु निर्देशित किया गया तथा ऐसी गर्भवती महिलाएं जिनका बैंक खाता नहीं है उनके खाते खोले जाने हेतु भी प्रयास करने को कहा।

# नामयज्ञ संकिर्तन में शामिल हुए भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल

## विधिवत पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद, क्षेत्रवासियों के लिए सुख शांति, समृध्दि और खुशहाली की कामना

पायनियर संवाददाता ◂ बसना
www.dailypioneer.com



ग्राम शीतलपुर में आयोजित अष्ट प्रहरी नामयज्ञ संकिर्तन में नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत बसना पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। यहाँ उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों के लिए भगवान से सुख शांति, समृध्दि और खुशहाली की कामना की। इस कार्यक्रम में शीतलपुर सहित आसपास के कई कीर्तन मंडलीयों हिस्सा लिया।हरे कृष्ण,हरे राम,राम राम हरे हरे के नामहरे कृष्ण,हरे राम,राम राम हरे हरे के नाम से समूचा क्षेत्र गुंजायमान रहा। भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि हरे कृष्ण,हरे राम,राम राम हरे हरे के नाम के जाप करने से जीवन के सारे दुखों का निवारण हो जाता है। सुख, शांति और खुशहाली की प्राप्ति होती है। हरे कृष्ण, हरे राम, राम राम हरे हरे के नाम के जाप कलयुग का महामंत्र है जिसमें समस्त ब्रम्हांड के कल्याण करने की क्षमता है। उन्होंने आगे नीलांचल सेवा समिति के द्वारा नर सेवा नारायण सेवा की परिकल्पना को साकार करते निस्वार्थ भाव से किये जा रहे जन सेवा कार्य स्वास्थ्य संबंधी जनसेवा कार्यो जैसे नीलांचल निशुल्क एंबुलेंस सेवा, उपचार सेवा, स्वास्थ्य शिविर, नेत्र जांच शिविर, रक्तदान शिविर, खेल खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, मंदिरों का जीर्णोद्धार, पीने योग्य जल की व्यवस्था, शिक्षण संस्थानों में सहयोग, तीर्थ यात्रा इत्यादि जन सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। और अधिक से अधिक नीलांचल सेवा समिति की सदस्यता लेकर सेवा का लाभ लेने एवं अपने ग्रामों के लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाराज आनंद त्रिपाठी, यजमान कन्हैया बारिक, लिलिमा बारिक, किशन सिदार, गीता सिदार, नीलांचल सेवा समिति बिजराभांठा सेक्टर प्रभारी संतलाल नायक, दिनेश कुमार बरिहा, घनश्याम भोई, मोहित भोई, नंदलाल यादव, नितेश वैष्णव, सरजू भोई, लहाराम, राधेश्याम बारिक, हरिश चौधरी, भरत बारिक, संतराम निषाद, अजित ठाकुर, बैकुंठो अजगले, गयाराम कर्ष व ग्रामीणजन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

# छांछी में पेंशन योजना का अंकेक्षण एवं वार्षिक सत्यापन के लिए शिविर का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विकासखण्ड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत छांछी में सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं वार्षिक सत्यापन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 56 से अधिक हितग्राही सम्मिलित हुए। जिसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृध्दावस्था पेंशन,इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन,राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना का सामाजिक अंकेक्षण, हितग्राहीयों का वार्षिक सत्यापन एवं सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का सत्यापन किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग अरविंद गेड़ाम सहित समाज शिक्षा संगठक, सचिव एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

# डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में चैत्र नवरात्र ठहरेंगी आठ ट्रेनें

**रायपुर।** चैत्र नवरात्र पर मां बम्लेश्वरी के दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेल प्रशासन ने आठ ट्रेनों का ठहराव डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में देने का निर्णय लिया है। यह स्थाई सुविधा 22 से 30 मार्च तक मिलेगी। इसके अलावा दुर्ग-गोंदिया मेमू लोकल ट्रेन को रायपुर तक बढ़ाया गया है। चैत्र नवरात्र 22 मार्च से शुरू हो रहा है। इस पर्व पर सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। इनमें डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर भी शामिल है। यहां नवरात्र के दोनों पक्ष में भव्य मेला लगता है। श्रद्धालु दूर-दूर से यहां दर्शन करने के लिए आते हैं।ट्रेन सुविधा के जरिए उन्हें यहां तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी ना हो इसलिए रेल प्रशासन के द्वारा डोंगरगढ़



रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली कुछ प्रमुख ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता है। यह अस्थाई सुविधा होती है, जो नवरात्र समाप्त होने के साथ ही बंद भी हो जाती है। रेलवे ने जिन ट्रेनों का स्टॉपेज यहां देने का निर्णय लिया है, उनकी सूची के साथ आगमन व प्रस्थान का समय भी जारी कर दिया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो। रेलवे के अनुसार 12812 हटिया-कुर्ला एक्सप्रेस डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में 20.25 बजे पहुंचकर 20.27 बजे छूटेगी। इसी तरह 12811 कुर्ला-हटिया एक्सप्रेस 16.33 बजे पहुंचकर 16.35 बजे, 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस 7.27 बजे पहुंचकर 7.29 बजे छूटेगी। इसके अलावा 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस 17.38 बजे, 12851 बिलासपुर- चेन्नई एक्सप्रेस 12.21 बजे, 12852 चेन्नई बिलासपुर एक्सप्रेस 10.53 बजे, 12146 पुरी - कुर्ला एक्सप्रेस 14-28, 12145 कुर्ला- पुरी एक्सप्रेस 13-13 बजे पहुंचेगी। इसके अतिरिक्त 08742 / 08741 गोंदिया - दुर्ग गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन नवरात्र पर्व के दौरान रायपुर से चलेगी। ट्रेन सुबह 5.15 बजे रायपुर से छूटकर 5.23 बजे सरोना और यहां से भिलाई पावर हाउस होते हुए 6.30 बजे दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

# रायपुर में इनर व्हील रायपुर ग्रेटर का नो-स्पिट मूवमेंट रविवार से

## स्मार्ट स्पिट बिन व कप बांटकर करेंगे प्रेरित पान, गुटका थूंककर गंदगी फैलाने वालों को देंगे समझाइश

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




स्वच्छतम शहर के रूप में रायपुर शहर को पहचान दिलाने रायपुर नगर निगम के प्रयासों में स्वयंसेवी संगठन भी अपनी सहभागिता दे रहे हैं। इनर व्हील क्लब ऑफरायपुर ग्रेटर की महिलाएं सार्वजनिक स्थलों पर थूंकने की प्रवृत्ति को रोकने यह अभियान शुरू कर रही हैं, इसके लिए वे जन जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए सड़कों, कार्य स्थलों, व्यावसायिक परिसरों की खुली जगहों पर थूंकने वालों को समझाइश देकर स्टार्ट अप द्वारा तैयार किए गए स्मार्ट सॉल्यूशन के उपयोग हेतु प्रेरित करेंगी। इनर व्हील क्लब रायपुर की अध्यक्ष साक्षी जैन के अनुसार खुली जगह पर थूंकने की प्रवृत्ति न सिर्फ गंदगी व बीमारियों को बढ़ावा देती है, बल्कि साफ -सुथरे परिसर व शहर को बदरंग करती है। ऐसे लोगों को समझाईश देने रायपुर स्मार्ट सिटी व नगर निगम के साथ मिलकर इनर व्हील रायपुर ग्रेटर 'नो-स्पिट मूवमेंट' संचालित कर रही है। साक्षी के अनुसार कई शहरों में पीकदान के तौर पर स्मार्ट स्पिट कप व स्पिट बिन का उपयोग लोग कर रहे है, जिस पर थूंकने से तुरंत यह पीक जेली में परिवर्तित होकर गंदगी फैलने से रोकता है। थूंकने से बीमारियों की भी संभावना बढ़ती है, इसलिए ऐसे घरों में जहां पान, गुटका के सेवन के आदी रहते है, या टी.बी. या अन्य संक्रामक बीमारियों के मरीज निवासरत है, उनके लिए भी यह स्पिट कप या बिन अत्यधिक उपयुक्त है। इनर व्हील अध्यक्ष साक्षी ने यह भी बताया है कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने रायपुर स्मार्ट सिटी लि. व रायपुर नगर निगम के साथ मिलकर संस्था की महिलाएं अभियान संचालित कर रही है। स्मार्ट सॉल्यूशन के तहत स्टार्ट अप कंपनी द्वारा तैयार किए गए बायो डिग्रेडेबल स्मार्ट स्पिट कप व स्पिट बिन भी इनर व्हील द्वारा निःशुल्क वितरित किए जा रहे है। उन्होंने आगे बताया कि यह उत्पाद दुर्गंध रहित, पर्यावरण अनुकूल, छलकन रोधी होने के कारण उपयोग हेतु सरल व उपयुक्त है। उन्होंने बताया कि 19 मार्च को सुबह 7 बजे ऑक्सीजोन पंडरी से इस अभियान की शुरूआत होगी, जहां महिलाएं शहर की स्वच्छता में योगदान की शपथ लेंगी एवं नो-स्पिट मूवमेंट में हर नागरिक से सहयोग की अपील करेंगी। शहर स्वच्छता से जुड़े इस आयोजन में नगर निगम रायपुर, रायपुर स्मार्ट सिटी लि. व स्वच्छ भारत मिशन टीम भी शामिल होगी।

# नगर निवेश विभाग की बड़ी कार्रवाई : 25 प्रकरणों में 63 लाख का लगाया जुर्माना

## शीघ्र कराएं मकानों का नियमतिकरण

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अंतर्गत नियमितिकरण प्राधिकारी समिति के द्वारा 6 प्रकरणों का निःशुल्क, 1 आवासीय एवं गैर आवासीय, गैर आवासीय 08 एवं आवासीय 16 प्रकरणों में कुल जुर्माना राशि 56 लाख 92 हजार 256 रूपये एवं उपकर राशि 6 लाख 39 हजार 388 रूपये लगाया गया है। इस प्रकार कुल 63 लाख 31 हजार 644 रुपये का जुर्माना लगाया गया। नगर तथा ग्राम निवेश बलौदाबाजार में कुल 6 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें 1 आवासीय प्रकरण ग्राम खैरघटा निवासी दुजराम चतुर्वेदी का निःशुल्क प्रकरण, 2 आवासीय प्रकरण एवं 3 गैर आवासीय प्रकरण का निराकरण किया गया है, जिसमें जुर्माना राशि 29 लाख 73 हजार 470 रूपये एवं उपकर राशि 3 लाख 65 हजार 309 रुपये लगाया गया। नगर पालिका परिषद्, बलौदाबाजार से कुल 5 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें 1 आवासीय प्रकरण बलौदाबाजार निवासी प्रशांतदास का निःशुल्क, 1 आवासीय प्रकरण एवं 3 गैर आवासीय प्रकरण का निराकरण किया गया है, जिसमें जुर्माना राशि 23 लाख 4 हजार 245 रूपये एवं उपकर राशि 1 लाख 15 हजार 130 रुपये लगाया गया। उसी तरह नगर पंचायत सिमगा से कुल 10 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें 4 आवासीय प्रकरण सिमगा निवासी इमराम अन्सारी श्रीमती सरोजनी नायक, नुर मोहमद एवं सामिम बानो का निःशुल्क, 8 आवासीय प्रकरण का निराकरण किया गया है, जिसमें जुर्माना राशि 90 हजार 616 रूपये एवं उपकर राशि 1 लाख 12 हजार 243 रुपये लगाया गया।नगर पंचायत कसडोल कुल 3 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें 01 आवासीय सह गैर आवासीय प्रकरण को पट्टा के अवधि सन् 2000 के पश्चात् समाप्त हो जाने के कारण अस्वीकृत किया गया एवं 2 गैर आवासीय प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें जुर्माना राशि 2 लाख 89 हजार 200 रुपये एवं उपकर राशि 34 हजार 251 रुपये लगाया गया। नगर पंचायत लवन में 1 आवासीय प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें जुर्माना राशि 34 हजार 725 रूपये एवं उपकर राशि 12 हजार 455 रुपये लगाया गया। उक्त जानकारी सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश बी.एल बांधे ने दी है। साथ ही उन्होंने बताया कि घर, दुकान,उद्योग आदि का अविलंब नियमितिकरण करा कर जुर्माने की कार्रवाई से बचा जा सकता है।

# इलेक्ट्रिक व्हिकल चार्जिंग यूनिट बनेगी फुंडा रीपा में, गोबर पेंट बनाने वाली मशीन भी

**कलेक्टर मीणा ने किया निरीक्षण, शीघ्र ही रीपा का होगा शुभारंभ, पाटन ब्लाक के दौरे के दौरान निरीक्षण किया कलेक्टर ने**

पायनियर संवाददाता । दुर्ग
www.dailypioneer.com





दुनिया भर में और भारत के भीतर भी बैटरी चलित गाड़ियों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और सरकार एवं निजी क्षेत्रों द्वारा इसे प्रोत्साहित करने इलेक्ट्रिक वेहिकल चार्जिंग यूनिट लगवाये जा रहे हैं। इस बड़े बाजार की संभावनाओं को देखते हुए रीपा में भी चार्जिंग यूनिट के उत्पादन की व्यवस्था की गई है। फुंडा में इसका यूनिट लग रहा है। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने आज फुंढा में इस यूनिट का तथा इसी तरह से अन्य उत्पादों के लिए लगने वाली यूनिटों का निरीक्षण किया। उनके साथ जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन भी मौजूद रहे। यहां गोबर पेंट बनाने की मशीन लगाने वाली यूनिट भी लगाई जा रही है। कलेक्टर ने यूनिट निर्माण करने वाले उद्यमियों से चर्चा की। इन्होंने बताया कि एंटी बैक्टीरियल गुण होने की वजह से गोबर पेंट की काफी डिमांड हो रही है और पंजाब तथा उत्तरप्रदेश में भी गोबर पेंट बनाने यूनिट लग रही हैं। इस बड़े बाजार के लिए मशीनों की काफी डिमांड होगी, इसलिए यह सेटअप लगा रहे हैं। एक यूनिट मेडिकल उपकरणों से संबंधित थी जिसमें मेडिकल ग्लव्स, मास्क सर्जरी किट आदि से संबंधित सामग्रियों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य उद्यमियों के लिए भी यहां जगह होगी। इसमें परंपरागत व्यवसाय से जुड़े लोग भी अपना कार्य कर सकेंगे। अभी तक जो यूनिट लग रही हैं उनमें 185 लोगों को काम मिलेगा, जो स्थानीय होंगे। यहां नर्सरी भी बनाई जा रही है जहां ऐसे पौधों का उत्पादन होगा जिनकी व्यवसायिक बिक्री होती है।रीपा में 2 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार- रीपा में अभी तक लगने वाले यूनिटों से 2 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल पाएगा। इसके अलावा यहां परंपरागत व्यवसाय एवं ग्रामीण उद्यम आरंभ होने से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हो सकेगा। तर्रा में देखा बायोफ्लाक, बिजली चली गई तो आक्सीजन टेबलेट से मछलियों को मिलेगा जीवन- जिले के गौठानों में मछलीपालन को बढ़ावा देने के लिए डबरियों के साथ ही बायोफ्लाक भी आरंभ किये जा रहे हैं। आज कलेक्टर ने तर्रा में बायोफ्लाक का निरीक्षण किया। समूह की दीदियों ने बताया कि यहां रोहू, पंकाज आदि मछली पाल रहे हैं। काफी कम क्षेत्र में बड़ी संख्या में मछलियों का उत्पादन संभव है। कलेक्टर ने बिजली की आपूर्ति बाधित होने की दशा में वैकल्पिक उपाय के बारे में पूछा। इस पर समूह की दीदियों ने बताया कि बिजली चली जाएगी तो आक्सीजन टेबलेट से मछलियों को आक्सीजन मिल सकेगा। सबसे ज्यादा डिलीवरी होती है तर्रा सीएचसी में, मेडिकल स्टाफकी प्रशंसा की कलेक्टर ने- कलेक्टर तर्रा सीएचसी भी पहुंचे। यहां सबसे ज्यादा डिलीवरी होती है। कलेक्टर ने इसके लिए मितानिनों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आप लोगों के अच्छे कार्य की वजह से संस्थागत प्रसव में बढ़ोत्तरी इस ग्रामीण क्षेत्र में हुई है। सरकार ने बजट में आप लोगों के लिए मानदेय भी आरंभ किया है। सांकरा में स्कूली बच्चों से मिले- सांकरा में कलेक्टर स्कूली बच्चों से मिले। बच्चों ने कलेक्टर से अपने करियर के बारे में प्रश्न भी पूछे। एक छात्रा ने पूछा कि मैं आईपीएस बनना चाहती हूँ मुझे अभी से इसके लिए किस तरह की पढ़ाई करनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि आप अपने सिलेबस को अच्छे से पढ़ें तो आपकी तैयारी साथ साथ होती रहेगी। वे सांकरा में आजीविका केंद्र के डोम में भी पहुंचे।

# प्राथमिक प्रसंस्करण एवं मूल्य वर्धन विषय पर तीन दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन

पायनियर संवाददाता । दुर्ग
www.dailypioneer.com



दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय कटाई-उपरांत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, लुधियाना के संयुक्त तत्वाधान में अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत अन्न का प्राथमिक प्रसंस्करण एवं मूल्य वर्धन विषय पर तीन दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.(कर्नल) एन.पी. दक्षिणकर की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. नितिन एम. नागरकर, निदेशक एम्स रायपुर की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्- सीफेट से वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दीपिका गोस्वामी, वैज्ञानिक डॉ.चंदन सोलंकी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.आर.के.सोनवाने, पूर्व निदेशक एवं प्राध्यापक डॉ.ओ.पी. मिश्रा, निदेशक अनुसंधान सेवाएं डॉ.जी.के.दत्ता, निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ.संजय शाक्य, निदेशक शिक्षण डॉ.एस.पी.इंगोले, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. नीलू गुप्ता, कृषि विज्ञान केंद्र, अंजोरा के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.व्ही.एन. खुणे, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. नितिन एम.नागरकर ने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, रागी प्राचीन अनाज बहुत कम पानी में पैदा हो जाते हैं एवं कीटाणु रोधी होते हैं। दुर्ग जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के कारण यह फसल कृषकों के लिए उपयोगी है। इसमें आयरन एवं कैल्शियम की मात्रा भरपूर होती है औषधियाँ गुणों से परिपूर्ण होने के कारण इसके उपयोग से रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल तथा रक्त में शर्करा की मात्रा नियंत्रित रहती है। ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, रागी आदि लघु धान्य डायबिटीज के मरीजों के लिए उपयोगी है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.(कर्नल) एन.पी.दक्षिणकर ने बताया कि लघु धान्य एवं पोषक अनाज कम पानी , उर्वरक और कीटनाशक के साथ कम उपजाऊ मिट्टी में उगाया जा सकता है। यह अनाज सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं, इसमें प्रोटीन फाइबर, विटामिन बी, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीज, फास्फोरस, जिंक, पोटेशियम, कॉपर और सेलेनियम सहित बहुत पोषक तत्व होते हैं। यह एंटीऑक्सीडेंट, फ्वोनोइड्स, सैपोनिन और लिग्नन्स का एक पावर हाउस भी है।

# इंटरनेशनल कॉलोनी, श्रमिक बस्ती से निगम ने किया 8 टुल्लू पंप जब्त

पायनियर संवाददाता । रिसाली
www.dailypioneer.com



शहर के एक मात्र इंटरनेशनल कॉलोनी समेत श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र के कुल 8 घरों से निगम कर्मियों ने टुल्लू पंप को जब्त किया है। सभी नल खुलने के समय में पाइप लाइन पर टुल्लू पंप लगाकर पानी ले रहे थे। जांच के दौरान रूआबांधा क्षेत्र में दो अवैध नल कनेक्शन होने का भी खुलासा हुआ। कनेक्शन विच्छेद की कार्यवाही की गई। रिसाली निगम आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर बनी तीन अलग-अलग टीम विभीन्न वार्डो में दबिश दी। इस दौरान 100 से भी अधिक घरों में जांच पड़ताल कर 8 टुल्लू पंप जब्त किया। प्रभारी सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता व प्रभारी उपअभियंता गोपाल सिन्हा ने बताया कि सुबह 7-8 नल खुलने के समय की गई जांच में लोग सीधे नल कनेक्शन में टुल्लू पंप लगाकर पानी ले रहे थे। इंटरनेशनल कॉलोनी के मोगरा ब्लाक में पंप जब्त करने के दौरान महिला आक्रोशित भी हुई। समझाईश और नियम विरूद्ध होने की जानकारी देने के बाद मामला जैसे तैसे शांत हुआ। कार्यवाही के दौरान जनस्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार, राजस्व अधिकारी संजय वर्मा, जगरनाथ कुशवाहा, विवेक रंगनाथ, बिरेन्द्र देशमुख, सुधीर तांडी आदि उपस्थित थे।

**यहां से किया पंप जब्त**-वार्ड 01 इंटरनेशनल तालपुरी 41 बिन्दु सिंह, 38 ज्योति एवं ब्लाक 33 से टुल्लू पंप जब्त किया गया। इसी तरह वार्ड 3 सारथी पारा से विनिता जैन, बालू अहमेन्द्र जैन व लोकेश बघेल के निवास से और वार्ड 34 श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र से पुष्पा बाई देशलहरा व वार्ड 21 निवासी दुलार साहू के घर से 1 से 1.5 एचपी का पंप जब्त किया गया।

**दो अवैध नल को किया बंद**-जांच के दौरान खुलासा हुआ कि रूआबांधा जैन मंदिर के पीछे सड़क किनारे दो नल कनेक्शन खुला है। पानी व्यर्थ बह रहा था। पूछताछ के दौरान नल कनेक्शन किसी अधिकृत व्यक्ति द्वारा नहीं लिए जाने का खुलासा होने पर नल विच्छेद की कार्यवाही की गई।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं ने संसदीय सचिव यूडी मिंज का किया भव्य स्वागत और दिया धन्यवाद

**मानदेय वृद्धि पर जताया मुख्यमंत्री का आभार**

पायनियर संवाददाता । जशपुर
www.dailypioneer.com



आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की मांग पूर्ण होने की खुशी में विजयी दिवस एव महिला दिवस मनाते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव यू. डी. मिंज शामिल हुए जिसमें आंगनवाड़ी की महिलाओं ने जोरदार स्वागत करते हुए धन्यवाद भी ज्ञापित किया.कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष अंजना मिंज नगर पंचायत अध्यक्ष अजेम टोप्पो नगर पंचायत उपाध्यक्ष जगदीश आपट, सभापति मेरी कृपा लकड़ा भी उपस्थित हुए. बजट में मानदेय वृद्धि होने के बाद कुनकुरी पहुंचे विधायक यू. डी. मिंज का एक कार्यक्रम आयोजित कर भव्य स्वागत किया और सरकार के प्रति आभार जताया इस अवसर पर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका कुनकुरी पहुंची। कार्यक्रम में पहुँची इन महिलाओं के चेहरे पर खुशी साफ जाहिर हो रही थी। महिलाओं ने मुख्यमंत्री एवं सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने से आज प्रदेश भर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं का का उल्लास दोगुना हो गया है। प्रदेश भर की आंगनबाड़ी से जुड़ी महिलाओं में हर्ष की लहर है। संसदीय सचिव ने कहा की भूपेश बघेल की संवेदनशील सरकार महिलाओं के हित में और उनके उत्थान की दिशा में काम कर रही है. सरकार के मुखिया भूपेश बघेल ने बजट में बड़ा निर्णय लिया है आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं का मानदेय वृद्धि किया है इस निर्णय से हुई खुशी आपके चेहरे पर दिख रही है।

# एस आर हॉस्पिटल ने नगर निगम भिलाई के 154 कर्मियो का किया फ्री हेल्थ चेकअप




पायनियर संवाददाता । भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिका निगम भिलाई के सभागार में एस आर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर चिखली दुर्ग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ निगम आयुक्त रोहीत व्यास द्वारा भगवान धन्वन्तरी के तैलचित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलीत किया गया। निगम आयुक्त ने एस. आर. हॉस्पिस्टल की टीम द्वारा की जा रही मानव सेवा के सर्मपण भाव की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस शिविर मे 154 निगम कमियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर मे नगर पालिका निगम के कर्मचारीगण एवं अधिकारीगण ने सपरिवार अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एस पी केसरवानी ने शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शिविर मे हाई ब्लड प्रेशर शुगर घुटना दर्द कमर दर्द सर्दी खासी बुखार एवं अन्य कई शिकायतों को लेकर मरीजों ने अपना परीक्षण कराया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ छाया भारती ने बताया कि कुल 106 मरीजों ने नेत्र परीक्षण कराया जिसमें 15 मरीजों को मोतियाबिन्द एवं ऑख में नखुना की शिकायत पाई गई।

# महापौर परिषद मे अनुमानित आय व्यय 2023-24 पर हुई विशेष चर्चा

पायनियर संवाददाता । दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम के डाटा सेंटर हॉल में मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर धीरज बाकलीवाल के अध्यक्षता और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर की मौजूदगी में विकास कार्यो सहित अन्य विषयों को लेकर आयोजित की गई।बैठक में मौजूद एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, ऋषभ जैन, जयश्री जोशी,हमीद खोखर, सत्यवती वर्मा,भोला महोविया,शंकर ठाकुर, मनदीप सिंह भाटिया,अनूप चंदनिया,जमुना साहू उपायुक्त मोहेंद्र साहू आदि मौजूद थे। बैठक में अहम मुद्दो पर चर्चा की गई,बता दे कि वर्ष 2023-24 के आय व्यय अनुमान पत्रक पर विस्तार से चर्चा की गई।इसके अतिरिक्त फिल्टर प्लांट 24,42 एवं 11में पेयजल शुद्धि करण हेतु एलम खरीदी को भी स्वीकृति प्रदान की गई।मिनीमाता चौक से अंडा मार्ग में आ रहे पाइप लाइन को शिप्टिंग पर 76.83 लाख के प्रस्ताव को परिषद में प्रस्तुत किया गया। कसारीडीह तालाब सौंदर्यकरण एवं गोकुलनगर गौठान में आवश्यक सुविधा कार्य एवं निर्माण हेतु निविदा की न्यूनतम दर को स्वीकृति प्रदान की गई।शहर में गन्ना रस विक्रेताओं से पूर्व वर्ष के अनुसार 4840/ तीन माह के लिए दर की स्वीकृति दी गई। निगम क्षेत्र में विकास की संभावना को देखते हुए 10 गांव हनोदा, धनोरा, महमरा, चिखली, जेवरा सिरसा, अंजोरा, पिसेगांव, कोलिहापुरी, मोहलाई, कोटनी के अतिरिक्त कोड़िया, चंदखुरी एवम खपरी गांव को दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में शामिल किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। इसके अतिरिक्त 15 वे वित्त के अलावा राजेन्द्र पार्क के संचालन व्यवस्था को स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित करने राजस्व आय को बढ़ाने पर गहन चर्चा परिषद में की गई। इसके साथ ही सफाई व्यवस्थाओं के अलावा राजस्व की स्थित के साथ साथ एमआईसी सदस्यों के साथ विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई।

# 27 से फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स का होगा आयोजन, भारतीय फिल्म एंड टेलीविजन संस्थान पुणे के प्रशिक्षक देंगे प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता । जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की स्वायत्त संस्था भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे के द्वारा संचालित फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स का 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन 27 मार्च से 31 मार्च तक कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है। अब जिले के युवा जशपुर में ही फिल्म एप्रिसिएशन का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कैरियर का चुनाव कर सकेंगे। जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिभागियों के लिए आयोजित यह 5 दिवसीय कोर्स पूरी तरह निशुल्क एवं आवासीय होगा। प्रतिभागियों को फिल्म संस्थान पुणे से आए प्रशिक्षकों के द्वारा फिल्में कैसे बनती हैं, सिनेमा इतिहास के चयनित विषय, फिल्मों के प्रकार- फीचर फिल्में, लघु फिल्में, एनिमेशन, फिल्म शैली में चयनित विषय, लघु फिल्म विश्लेषण, सामान्य स्क्रीनिंग जैसी कलाएं सिखाई जाएंगी। संकल्प जशपुर के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के अनुसूचित जनजाति के प्रतिभागियों जिनकी उम्र 18 वर्ष या अधिक है तथा जिन्होंने बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की है, उनके लिए यह कोर्स आयोजित किया जा रहा है। विशेष परिस्थितियों में कक्षा दसवीं उत्तीर्ण पर भी विचार किया जाएगा। इसमें कुल प्रतिभागियों की संख्या 50 होगी। अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में जिसके लिए 25 मार्च को संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में स्क्रीनिंग के माध्यम से चयन किया जाएगा। सफलतापूर्वक कोर्स पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। आवेदन हेतु गूगल फॉर्म के माध्यम से लिंक उपलब्ध कराया जा रहा है। यह गूगल लिंक जिले के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यो को उपलब्ध करा दिया गया है। इसके साथ ही विभिन्न न्यूज वेबपोर्टल में भी यह आवेदन का लिंक उपलब्ध है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 मार्च तक होगी। इच्छुक प्रतिभागी इसके माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदित अभ्यर्थियों को व्हाट्सएप, एसएमएस के माध्यम से सभी सूचनाएं दी जाएंगी।

# राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय शास. विश्वनाथ महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन

- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्य म के माध्यम से विद्यार्थियों को नीति निर्माण एवं योजनाओं में सांख्यिकी का बताया महत्व

पायनियर संवाददाता । दुर्ग
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय रायपुर एवं शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के सहयोग से 15 मार्च 2023 को स्थानीय स्तर पर महाविद्यालयीन छात्रों के लिए सांख्यिकी जागरूकता कायक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन हाल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या अनुपमा अस्थाना थी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता रोशन लाल साहू, उप महानिदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार रायपुर ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की डॉ सुचित्रा शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि सांख्यिकी संबंधी जागरूकता सबके लिए बहुत जरूरी है क्योंकि आंकड़े के बिना कोई भी कार्य सुचारू रूप से करना संभव नहीं हो पाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, रायपुर के उप महानिदेशक रोशन लाल साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय देश के सकल घरेलू उत्पाद के निर्धारन के लिए कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्रों में विभिन्न सर्वेक्षणों के माध्यम से आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। साथ ही श्रम एवं रोजगार की वर्तमान स्थिति जानने के लिए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के माध्यम से त्रैमासिक आंकड़े संग्रहित किए जाते है जिसमें वर्तमान में श्रम बल भागीदारी, कार्यशील जनसंख्या एवं बेरोजगारी दर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आंकड़े संग्रहीत किए जा रहे हैं जिनके द्वारा प्राप्त आंकड़ों के आधार पर इन क्षेत्रों में सुधार हेतु केंद्र सरकार द्वारा प्रयास किए जाते हैं।

# पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग सलाहकार समिति की बैठक में महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा

पायनियर संवाददाता । दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन में पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग प्रभारी सत्यवती वर्मा की अध्यक्षता में आज अपने एमआइसी कक्ष में विभागीय समिति की बैठक में राजेन्द्र पार्क के उचित रख-रखाव हेतु पार्क को ठेके पर दिये जाने के संबंध में प्रस्ताव पर चर्चा किया गया । वर्तमान समय में ऐसी इच्छुक संस्थायें जो इस प्रकार के जैसे गार्डनों का रख-रखाव, मनोरंजन, खेलकुद एवं शासन व निगम के कार्यक्रमों को प्रदर्शित करने का काम करती है, उनके माध्यम से इस प्रकार की कार्य कराये जाने अग्रिम कार्यवाही हेतु अनुशंसा की गई है।राजेन्द्र पार्क में हाईब्रीड लेजर सो संगीत मय फौव्वारा लगाये जाने प्रस्ताव पर चर्चा किया गया। निगम क्षेत्र के खाली जगह में अर्बन फॉरेस्ट लगाने के संबंध में भी निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा निगम क्षेत्र में स्थित खाली जगहों में वृक्षारोपण कर अर्बन फॉरेस्ट बनाये जाने की सहमति ली गई। साथ ही गार्डनों की संख्या के हिसाब से चौकीदार, माली एवं मजदूर रखे जाने एवम उद्यानिकी विभाग में जो माली कार्यरत थे, उनमें से बहुत से कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके है एवं बहुत से कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है उक्त संबंध में भी चर्चा हुई। गार्डन रख-रखाव हेतु 02 माली, 06 चौकीदार एवं 20 मजदूर प्लेसमेंट पर रखे जाने की अनुशंसा की गई है! इस दौरान उषा ठाकुर, निर्मला साहू, मीना सिंह, श्रद्धा सोनी,हेमा शर्मा, कविता ताण्डी, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह आदि मौजूद रहें।

**बारिश की अमृत बूंदों के संचय के लिए बन रहे अमृत सरोवर, आज मनाया गया नदी तट संरक्षण महा अभियान**

# अमृत सरोवरों के किनारे लगेंगे पीपल और बरगद के वृक्ष, जलस्तर बढ़ाने और सिंचाई का बनेगा जरिया

पायनियर संवाददाता । दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले भर में 92 अमृत सरोवर बनाये जा रहे हैं। इनमें आज अमृत महोत्सव अंतर्गत वृक्षमाला नदी तट संरक्षण महाभियान मनाया गया। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ग्राम छाटा में शामिल हुए। उन्होंने निर्माणाधीन अमृत सरोवर देखा। उन्होंने इसके किनारे पीपल और बरगद जैसे पौधे लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि सरोवर के किनारे बरगद और पीपल लगाने से इन पौधों का संरक्षण भी होगा और जलसंरक्षण भी सरोवर के लिए हो सकेगा। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा में कहा कि सरोवर का काम पूरा हो जाने पर इसके माध्यम से सिंचाई की बढ़िया व्यवस्था हो सकेगा। इसके माध्यम से भूमिगत जल का रिचार्ज भी होगा। उन्होंने बताया कि इन अमृत सरोवरों को नहरों से भी जोड़ा जाएगा ताकि इनके माध्यम से ग्रामीणों की जरूरत पूरी हो सके। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि पाटन ब्लाक में अमृत सरोवर के 28 कार्य स्वीकृत हुए हैं जिनमें 12 पर अब तक काम पूरा हो चुका है। उल्लेखनीय है कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 1 मार्च से 15 अगस्त तक वृक्षमाला नदी तट संरक्षण महाअभियान चलाया जाना है। इसका उद्देश्य सूखते जा रहे जलस्रोतों को संरक्षित करना है तथा इन्हें बढ़ावा देना है। यह कार्य जलसंरक्षण के लिए नई संरचनाओं के साथ ही जलस्रोतों के किनारे व्यापक रूप से पौधरोपण से संभव है क्योंकि पौधे की जड़ों के माध्यम से भूमिगत जल को रिचार्ज रखने एवं नदी नाले को सतत प्रवाही बनाये रखने में मदद मिलती है। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा में कहा कि सरकार ने नरवा रिचार्ज के माध्यम से नालों को सतत प्रवाहमान बनाये रखने एवं भूमिगत जल को रिचार्ज बनाये रखने कार्य किया गया है। साथ ही जलग्रहण क्षेत्रों में लूज बोल्डर संरचनाओं के माध्यम से भूमिगत जल को रिचार्ज करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि मनरेगा के माध्यम से जलसंरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर संरचनाएं बनाई जा रही हैं। तर्रा में जलवाहिनी दीदियों से मिले- तर्रा में कलेक्टर जलवाहिनी दीदियों से मिले। ये पानी की स्वच्छता की जांच करती है। किसी भी तरह से पेयजल में दिक्कत आने पर इसकी सूचना पीएचई विभाग को दी जाती है। कलेक्टर ने यहां क्लोरिनेटर रूम भी देखा।

# सिलिकान वैली बैंक डूबने के कारण

**ऐसा** लगता है कि सिलिकान वैली बैंक-एसवीबी को बैंकिंग के बजाय नस्ली, जेंडर व यौन अल्पसंख्यकों की चिन्ता अधिक थी और यही इसके डूबने का एक कारण है। 'वोक' या किसी अन्य फैशन को उसी समय तक सहन किया जाना चाहिए जब सेलेब्रिटीज़ या प्रचार के भूखे लोग इसे अत्यधिक महत्वपूर्ण बताएं, लेकिन जब 'वोकेनिज्म' या तथ्यों को अनदेखा करने वाला कोई अन्य फैशनेबल सिद्धान्त बैंकिंग जैसे गंभीर क्षेत्र में प्रवेश कर जाए तो उसके नतीजे विनाशकारी हो सकते हैं। हाल ही में सिलिकान वैली बैंक-एसवीबी का डूबना यह सच्चाई बयान करता है। यह बैंक बंद होने के कारण पैदा सुनामी लहरें भारतीय तटों तक पहुंची और इसके कारण शेयर निवेशकों के लाखों करोड़ रुपये डूब गए। 1983 में स्थापित एसवीबी अपने पतन के समय अमेरिका का सोलहवां सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक था। यह कनाडा, चीन, डेनमार्क, जर्मनी, आयरलैंड, इस्राइल, स्वीडेन व ब्रिटेन में भी कार्यरत था। इसने हर दूसरी वीसी-समर्थित हाईटेक कंपनी की सेवा की थी। आईटी व लाइफ़ साइंसेज़ क्षेत्र में उछाल से एसवीबी को भी मदद मिली थी। फेडरल बैंक द्वारा प्रगति को बढ़ावा देने के लिए घोषित अत्यधिक नीची ब्याज दरों से भी इसे सहायता मिली। अमेरिकी सरकार ने ट्रिलियनों डालर के 'स्टीमुलस पैकेजों' की घोषणा की थी। लेकिन यूक्रेन युद्ध के साथ ही अमेरिका में मुद्रास्फीति बहुत अधिक हो गई जिसने फेडरल बैंक को कठोर कदम उठाने पर मजबूर किया। एक साल में ब्याज दरों में 450 प्वाइंट या 4.5 प्रतिशत वृद्धि की गई। इस कारण एसवीबी द्वारा कम ब्याज दरों पर खरीदी सिक्यूरिटीज़ का मूल्य काफी गिर गया क्योंकि बांडों की कीमतों पर ब्याज दरों का विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे एसवीबी के बांड पोर्टफोलियो से मिलने वाली प्राप्तियों में पिछले सप्ताह औसतन 1.79 प्रतिशत कमी आई जो पिछले 10 साल में खजाने को मिले लगभग 3.9 प्रतिशत से बहुत कम थी।

यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि एसवीबी के सामने डूबे कर्ज या आर्थिक शब्दावली में कही जाने वाली गैर निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए की कोई समस्या नहीं थी। उसने बड़ी टेक फर्मों पर दांव नहीं लगाया था जिनके डूबने या पिछड़ने पर उसे फर्क पड़ता। उसके साथ दुहरी बैलेंसशीट जैसी समस्या भी नहीं थी जिसके चलते बड़ी कंपनियां अपने साथ अपने बैंकरों को भी ले डूबती हैं। कर्ज समेत एसवीबी की परिसंपत्तियों में 2019 के अंत से मार्च, 2022 के बीच तीन गुने से अधिक वृद्धि हुई थी और यह 71 बिलियन डालर से बढ़ कर 220 बिलियन डालर हो गई थीं। पिछले सप्ताह एसएंडपी ग्लोबल व मूडी ने एसवीबी की रेटिंग गिरा दी थीं जिससे इसके पतन में तेजी आई। इसका बैंक पर भारी विपरीत असर पड़ा। इससे न्यूयार्क के कर्जदाता सिग्नेचर बैंक को भी नुकसान उठाना पड़ा। एसवीबी व सिग्नेचर बैंक का पतन अमेरिका में 2008 की वित्तीय तबाही के बाद सबसे बड़ा बैंकिंग संकट है। यह सब कोविड-19 जैसी बुरी घटना के कारण नहीं हुआ जो अभूतपूर्व थी और जिसका पहले से अनुमान नहीं लगाया जा सकता था। इसके पतन का कारण अक्षमता व अति-उत्साह है। बैंकों व निगमों का संचालन करने वाले जानते हैं कि कैसे उतार-चढ़ाव जीवन का हिस्सा हैं और वे बुरे वक्त के लिए प्राविधान रखते हैं। वे यह भी जानते हैं कि जीवन में केवल 'परिवर्तन' ही स्थाई है, ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव आते हैं तथा सरकार की नीतियां बदल सकती हैं। उनको सावधानी से काम करते हुए तथ्यों पर नजर बनाए रखनी चाहिए। लेकिन बैंकिंग मुद्दों पर बोर्ड बैठकों से स्पष्ट है कि एसवीबी को नस्ली, जेंडर व यौन अल्पसंख्यकों को प्रोत्साहित करने की ज्यादा चिन्ता थी। इसके नतीजे सबके सामने हैं।

# समलिंगी विवाहों की तार्किकता

## समलिंगी विवाहों से समाज पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं। ऐसे युगलों के बच्चों के पालन-पोषण में खासतौर से समस्यायें आ सकती हैं।



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



आजकल समलिंगी लोगों के बीच विवाह संबंधों को विधिक मान्यता देने की मांग को सुर्खियों में स्थान मिला है, लेकिन ऐसा होने पर समाज पर दूरगामी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। खासकर समलिंगी युगलों के बच्चों के पालन-पोषण में समस्यायें अआ सकती हैं। इस स्तंभ लेखक के दूर के रिश्तेदारों का एक परिवार कनाडा में रहता है। सालों पहले इस परिवार की बेटी ने चीनी मूल की एक लड़की से 'विवाह' कर लिया। वे एकसाथ खुशी से रह रहे थे और आज भी रह रहे हैं। लेकिन चीनी साझीदार की अपने कार्यालय में एक श्वेत सहकर्मी से मित्रता हो गई, उनके बीच यौन आकर्षण पैदा हुआ और उन्होंने दो बच्चों को जन्म दिया। इन बच्चों को भी समलिंगी घर ले आया गया। लेकिन बाद में उसी मां का आकर्षण कार्यस्थल पर एक और श्वेत व्यक्ति की ओर हो गया और उनसे भी एक और बच्चा पैदा हुआ। इस प्रकार अब पांचों लोग एकसाथ रहते हैं तथा बच्चों की स्कूली शिक्षा भी हो रही है। इस प्रकरण से यह सवाल उठता है कि क्या समलिंगी विवाहों का कोई तर्क है? विवाह को एक ऐसे मिलन व एकता के रूप में परिभाषित किया जाता है जहां पुरुष व महिला विशेष प्रकार की सामाजिक व विधिक निर्भरता से बंधे होते हैं जिसका उद्देश्य एक परिवार की स्थापना तथा उसकी देखभाल होता है। यदि समान लिंग के दो व्यक्ति सामान्य रूप से विवाह नहीं करना चाहते हैं तथा आजीवन एक दूसरे के साथ रहना चाहते हैं तो उनके बीच संपत्ति की विरासत तथा अन्य अधिकारों के लिए एक अलग कानून की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही इस सम्मिलन व संबंध को एक अलग नाम देने की जरूरत भी होगी। ऐसा इस कारण भी जरूरी है ताकि 'विवाह' के संबंध में कोइ्र भ्रम न पैदा हो जिसका अर्थ जाने-अनजाने एक परिवार बसाना तथा बच्चे पैदा करना होता है।

गुजरात में पहले 'मैत्री करार' जैसी एक संस्था होती थी और संभवतः आज भी इसका अस्तित्व बना हुआ है। इस संबंध की खोज एक स्थापित वकील महेंद्र व्यास ने की थी। इसका उद्देश्य एक दूसरी महिला को परिवार में स्थापित करना था जो पत्नी न हो, पर उसे विरासत में अधिकार मिलने की व्यवस्था की गई हो। गुजरात में अनेक युगलों ने 'मैत्री करार' को लाभदायक पाया था, पर किसी को यह भ्रम नहीं था कि यह विवाह है। 'मैत्री करार' से पैदा बच्चों को समाज में वैध माना जाता है, हालांकि कानून के अंतर्गत इनकी स्थिति पर संदेह है। मूल रूप से इस तथ्य पर भी ध्यान देना जरूरी है कि समलिंगी सह-अस्तित्व की कल्पना प्रकृति ने नहीं की है। अधिकांश समाजों में ऐसे विचार को एक अपराध की तरह देखा जाता है। यह कुछ उसी तरह है, जैसे कोई व्यक्ति भोजन पाचन के लिए अपनी किडनियों का प्रयोग करता हो। ऐसे संबंधों के लिए 'अ-प्राकृतिक' शब्द की अभिव्यक्ति थोड़ी सौम्य लगती है, पर वास्तव में इसका अर्थ प्रकृति के विरुद्ध एक अपराध है। इस विश्वास के अलावा समलिंगी सम्मिलन को वैधता प्रदान करना उचित नहीं है और इसे प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता है।

समलैंगिकता को बढ़ावा देना एक प्रकार से बचकानापन है। इसका अर्थ समाज में लोगों की संख्या और घटाना है। यदि प्रकृति के साथ कोई और ज्यादा छेड़छाड़ न की जाए तो भी अनुमान है कि अगले सौ साल में जापान में कोई व्यक्ति नहीं बचेगा। हालांकि, अनेक जापानी सौ साल से अधिक जीवित रहते हैं, पर इसके बावजूद उसकी जन्म दर व मृत्यु दर के बीच संतुलन टूट गया है। हालांकि, भारत ने काफी बाद में जनसंख्या वृद्धि का अनुभव किया, लेकिन यह मान लेना उचित नहीं होगा कि ऐसी उर्वरता किसी सभ्यता का स्थाई तत्व हो सकती है।

वर्तमान समय में भारत में समलिंगी संबंधों व समलिंगी विवाहों को विधिक मान्यता देने के मुद्दे पर बहस को मीडिया की सुर्खियों में स्थान मिल रहा है। निचली अदालतों से होता हुआ यह मुद्दा अब सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया है। वर्तमान बहस में केन्द्र सरकार ने भारत में समलिंगी विवाहों को विधिक मान्यता देने के किसी कदम का विरोध किया है। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 377 को अपराध की परिधि से बाहर कर दिया है। लेकिन इस घारा को अपराध की परिधि से बाहर करने का यह अर्थ नहीं कि इससे समलिगीं युगलों को स्वतः ही विवाह करने का अधिकार भी मिल जाता है। केन्द्र सरकार के वकील ने दिल्ली उच्च न्यायालय में यह बात एक शपथपत्र के माध्यम से कही थी। केन्द्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के पहले के फैसले का उल्लेख भी किया है जिसमें समलिंगी युगलों को गरिमापूर्ण ढंग से निजी जीवन जीने का अधिकार दिया गया था। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले में यह भी कहा गया था कि 'साथीपन का यह मूल अधिकार उस समय तक ही वैध है, जब तक यह साथीपन परस्पर सहमति से हो तथा इसमें धोखाधड़ी, जबरदस्ती या दबाव के तत्व शामिल न हों।' इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि इस प्रकार के समलिंगी साथीपन से 'किसी अन्य के मूलाधिकारों का उल्लंघन न हो।'

दुनिया भर में अनेकानेक वैज्ञानिक व समाजवैज्ञानिक प्रमाणों की बड़ी संख्या इस तथ्य पर जोर देती है कि बच्चों के पालन-पोषण के ए्ि एक सुगठित व प्राकृतिक रूप से विवाहित परिवार सर्वोत्तम है। केवल एक 'जैविक' परिवार ही यह सुनिश्चित कर सकता है कि बच्चों को दोनों वयस्कों-माता व पिता के समय और पैसे तक पहुंच सुनिश्चित होगी। केवल एक सामान्य परिवार ही नियंत्रणों व संतुलनों की ऐसी व्यवस्था प्रदान कर सकता है जिसमें बच्चों की गुणवत्तापूर्ण देखभाल व पालन-पोषण सुनिश्चित हो। बच्चे से माता-पिता के जैविक संबंध की अपरिहार्यता ही यह संभावना बढ़ा सकती है कि माता-पिता सुनिश्चित रूप से अपने बच्चे के साथ अपनी पहचान जोड़ेंगे तथा आवश्यकता होने पर उसके लिए बलिदान के इच्छुक होंगे। दूसरी ओर समलैंगिक युगल केवल ऐसी स्थिति पैदा कर सकते हैं जिसमें उनके संभावित बच्चे माता या पिता में से एक का साथ नहीं पा सकेंगे। यदि समलिंगी 'सिविल' विवाह सामान्य बना दिए जांए तो अधिकांश बच्चों वाले समलिंगी युगल 'समलिंगी स्त्री युगल' या लेस्बियन युगल होंगे। इसका अर्थ यह भी होगा कि हमारे यहां ऐसे बच्चों की संख्या बढ़ जाएगी जिनका पालन-पोषण बिना उनके पिता के हो रहा होगा। अन्य चीजों के साथ ही इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि सामान्य व प्राकृतिक विषमलिंगी परिवारों में आमतौर से पिता ही लड़कों के समाज-विरोधी व्यवहार तथा आपराधिक प्रवृत्तियों पर रोक लगाते हैं। इसके साथ ही ऐसे सामान्य परिवारों में आमतौर से पिता ही लड़कियों के यौन व्यवहारों पर समुचित नियंत्रण करते हैं।

कुछ लोग 'आधुनिकता' के नाम पर या इसके बहाने नए कानूनों की वकालत करने लगे हैं जिनमें समलैंगिकता को विधिक दर्जा प्रदान करना भी शामिल है। लेकिन ऐसी मांग करने वालों को बच्चे पैदा करने व उनके पालन-पोषण की प्राकृतिक इच्छाओं को बाधित करने का कोई अधिकार नहीं है। ऐसे 'अ-प्राकृतिक' संबंधों को बढ़ावा देने के बाद हम यह उम्मीद नहीं कर सकते हैं कि माता-पिता बच्चों के बड़े होने व उनके पालन-पोषण में सहायता करेंगे तथा ऐसे बच्चे बड़े होकर वृद्धावस्था में अपने माता-पिता की देखभाल करेंगे। शताब्दियों से खासकर एशियाई समाजों में सामान्य परिवारों के जनजीवन का यही पैटर्न चला आ रहा है। यूरोप में जाने पर हमें अनेक 'सिंगल पैरेंट' व उनके बच्चे मिल सकते हैं। मुझे इस महाद्वीप के जिन महानगरों में जाने का मौका मिला, वहां मुझे बताया गया कि केवल 20 प्रतिशत लोग ही परंपरागत विवाह करते हैं। बाकी लोग बस एकसाथ रहते हैं और कभी-कभी बच्चे पैदा करते हैं। लेकिन अलगाव की स्थिति में बच्चे सामान्य रूप से माता के साथ जाते हैं। जर्मनी में अनेक माताओं ने मुझे बताया कि उनके बच्चे गैर-जिम्मेदार हैं और समाज के प्रति उनका कोई लगाव नहीं है। मुझे पता नहीं कि समलैंगिक इस बारे में क्या सोचते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि समलिंगी विवाहों पर कानून बनाने के पहले हमें व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से जीवन के विभिन्न आयामों के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। हमें पश्चिम की नकल नहीं करनी चाहिए क्योंकि एशिया में स्थितियां एकदम अलग हैं।

# भारत-अमेरिका सामरिक वाणिज्यिक वार्ता

"सामरिक वार्ता क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, रक्षा और व्यापार से संबंधित मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने के लिए प्राथमिक माध्यम रही है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक विदेशी मामलों पर टिप्पणीकार हैं)



भारत और अमेरिका ने तीन साल के अंतराल के बाद अपनी द्विपक्षीय वाणिज्यिक वार्ता फिर से शुरू की। अपनी पांचवीं मंत्रिस्तरीय बैठक में, अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो और भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक नई विश्व व्यवस्था में, सभी महत्वपूर्ण उद्योगों में आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दों का सामना करते हुए आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया।

भारत और अमेरिका ने 2009 में सामरिक वार्ता शुरू की, जो क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, रक्षा और व्यापार से संबंधित मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने के लिए प्राथमिक माध्यम रही है। 2015 में, भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अमेरिका-भारत सामरिक वार्ता को रणनीतिक और वाणिज्यिक वार्ता में उन्नत किया, जिससे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच अधिक से अधिक समन्वित आर्थिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें सुरक्षा और हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए समृद्धि। यहां तक कि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा साझेदारी हर साल नए शिखर पर पहुंच रही है, पिछले दो वर्षों में तेज हुई है, यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के कारण, ये दोनों राष्ट्र बहुपक्षीय और बहुपक्षीय सुरक्षा मंचों और आर्थिक मुद्दों पर लगे हुए हैं। वर्षों तक अप्रतिबद्ध रहने के बाद, अर्थव्यवस्था पर कोविड-प्रेरित प्रभाव और भारत के साथ भूमि सीमाओं को एकतरफा रूप से बदलने के लिए चीन की सैन्य आक्रामकता ने भारत को नए सिरे से ऊर्जा के साथ राष्ट्रों के समूह क्वाड में वापस आने के लिए प्रेरित किया, जिनके सदस्यों के एक में साझा हित हैं। खुला, मुक्त और नियम-आधारित इंडो पैसिफिक क्षेत्र। इस बीच, बाइडेन प्रशासन ने भी क्वाड समूह के



पीछे अपना वजन डाला, इसे विदेश मंत्री के स्तर से नेतृत्व स्तर की बैठकों तक बढ़ाया। ऑस्ट्रेलिया, चीन द्वारा व्यापार के मुद्दों और आर्थिक बदमाशी का सामना कर रहा है, और जापान, समान सुरक्षा खतरों का सामना कर रहा है, क्वाड को एक महत्वपूर्ण मंच बनाने के लिए सीलिंग बांड प्रदान करता है।

यह इस पृष्ठभूमि के खिलाफ है कि यूएस इंडिया वाणिज्यिक वार्ता पिछले सप्ताह नई दिल्ली में हुई थी, जो पहले दिल्ली में आयोजित क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक और आईपीईएफ के विशेष वार्ता दौर के करीब थी। दोनों भागीदारों ने वाणिज्यिक संवाद के हिस्से के रूप में पारस्परिक रूप से सहमत उद्देश्यों के लिए मध्य-वर्ष समीक्षा तंत्र की शुरुआत की। पहचान की गई प्राथमिकता वाली वस्तु, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन का निर्माण करना था। संवाद के बाद जारी संयुक्त बयान के अनुसार, ये प्रयास विकास के अवसरों की पहचान करेंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए चुनौतियों का सामना करेंगे कि अमेरिका और भारतीय अर्धचालक उद्योग मजबूत संबंध, पूरक पारिस्थितिक तंत्र और अर्धचालक के लिए एक अधिक विविध आपूर्ति श्रृंखला विकसित करें।

एक अलग सेमीकंडक्टर उपसमिति बनाई गई, जिसमें भारतीय पक्ष से अमेरिकी वाणिज्य विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल थे। इस उप-समिति को प्रस्तावित मध्य-वर्ष समीक्षा से पहले अपने पहले दौर के विचार-विमर्श करने का काम सौंपा गया है। महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर अभी-अभी पैदा हुए सहयोग ढांचे, आईसीईटी (क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज पर यूएस इंडिया इनिशिएटिव) के साथ वाणिज्यिक संवाद के परिणामों को संरेखित करते हुए, दोनों देश भारत की अमेरिकी रणनीतिक व्यापार वार्ता स्थापित करने पर सहमत हुए। अमेरिकी वाणिज्य विभाग और भारत के विदेश मंत्रालय के बीच इस संवाद का उद्देश्य निर्यात नियंत्रण को संबोधित करना, उच्च प्रौद्योगिकी वाणिज्य को बढ़ाने के तरीकों का पता लगाना और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाना है।

वाणिज्यिक संवाद के दौरान पहचाने गए अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ प्रौद्योगिकी सहयोग शामिल है, एक ऐसा क्षेत्र जिसने भारतीय प्रधान मंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति दोनों का ध्यान आकर्षित किया है। छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों के लिए समावेशी डिजिटल विकास और महामारी के बाद की आर्थिक सुधार भारत और अमेरिका के वाणिज्य मंत्रियों द्वारा प्राथमिकता दी जाने वाली अन्य वस्तुएं थीं। ये लोकतंत्र सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और व्यापार पर विश्वसनीय भागीदारों के साथ जुड़ाव और सहयोग की बढ़ती आवश्यकता को महसूस करते हैं। कई बहुपक्षीय मंचों पर एक समन्वित दृष्टिकोण की भी उम्मीद की जा सकती है।

## फरमाया



**जो** खुद देशद्रोही हैं, उन्हें कांग्रेस पार्टी को देशभक्ति का उपदेश नहीं देना चाहिए और इसके बजाय इससे सीखना चाहिए।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे**
कांग्रेस अध्यक्ष



**बंगाल** में हम ममता दीदी के साथ हैं। अभी हम बीजेपी और कांग्रेस दोनों से समान दूरी बनाए रखना चाहते हैं।

**- अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष



**असम** को देश की सेवा के लिए डॉक्टर, इंजीनियर व अन्य पेशेवरों को तैयार करने के लिए शिक्षण संस्थानों जरूरत है, न कि मदरसों की।

**- हेमंत बिस्वा सरमा**
असम के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## मैक्रान की जिद

**पिछले** चुनाव में किसी तरह से एमैनुअल मैक्रान राष्ट्रपति का पद तो जीतने में सफल हुए , मगर नेशनल असेंबली का चुनाव उनकी पार्टी हार गयी। लेकिन उनकी हिम्मत की तारीफ़करनी होगी कि उन्होंने पेंशन के आयु 62 से बढाकर 64 करने की जिद नहीं छोड़ी। 2019 में भी उन्होंने इसे लागू करने की कोशिश की थी। देश के 80 प्रतिशत कामगार एवं 90 प्रतिशत मजदूर यूनियनें उनके इस सुधार के विरोध में सड़कों पर हैं। लेकिन इस विवादास्पद बिल को संसद के निचले सदन से पास कराने के लिए उन्होंने विशेष संवैधानिक शक्तियों का सहारा लिया। फ्रांसीसी संविधान के अनुच्छेद 49-3 को लागू करते हुए इसे चोर दरवाजे से पारित करा लिया गया। लेकिन यह खतरा बना हुआ है कि कहीं महाभियोग लगा कर उनको पद से न हटा दिया जाए। उल्लेखनीय है कि फ्रांस सरकार अपने खजाने का बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतनों व पेंशन पर खर्च करती है, लेकिन अब मंदी तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के दुष्परिणामों के कारण वह यह बोझ कुछ कम करना चाहती है। पेंशन की आयु बढ़ाना इस दिशा में एक कदम है। इससे सरकार को नए कर्मचारियों को भर्ती कर उनके वेतन पर होने वाले खर्च से राहत मिल जाएगी। क्या अन्य देश भी ऐसे कदम उठाएंगे?

**-जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## भारत की विजय

**अमेरिकी** सीनेट में लाए गए एक प्रस्ताव के मुताबिक मैकमोहन लाइन ही चीन और भारत के अरुणाचल प्रदेश के बीच की अंतरराष्ट्रीय सीमा है। अमेरिकी सीनेट का प्रस्ताव वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए भारत के लिए समयानुकूल व महत्वपूर्ण है। चीन की विस्तारवादी व अधिनायकवादी नीतियां और खुद चीनी राष्ट्रपति का तानाशाही रवैया न सिर्फ देश के भीतर वरन समूचे विश्व के लिए भारी सिरदर्द बना हुआ है। दुनिया देख रही है कि चीन की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं जिन देशों से लग रही है उन सभी से चीन का सीमा संबंधी विवाद चल रहा है। स्पष्ट है कि चीन अपनी शक्ति व चालबाजी के बल पर पड़ोसी देशों के क्षेत्र हड़प रहा है। इसके लिए वह मनमाने नक्शे व बयान जारी कर रहा है। अमेरिकी प्रस्ताव के बाद अन्य बड़े देशों को भी चीन की इस विस्तारवादी नीति पर अंकुश लगाने के सक्रिय प्रयास खुलकर करने होंगे। देखना होगा कि रूस का इस बारे में क्या दृष्टिकोण होता है? लगता नहीं है कि वह अपने असीम मित्र चीन की तुलना में पुराने दोस्त भारत को वरीयता देगा। यह भी देखना होगा कि यह कदम भारत-अमेरिका मित्रता को कितना बढ़ावा देगा।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## मोदी की स्वीकार्यता

**गुजरात** के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक के सफर में नरेंद्र मोदी ने विपक्षियों की लाख अड़ंगेबाजी के बावजूद अभी तक पीछे मुड़कर नहीं देखा है। वे अपने लक्ष्य की और तेजी से बढ़ते ही जा रहे हैं। उन्हें मालूम है कि इस कठिन सफर में रास्ते में अनेक अटकाने, लटकाने व भटकाने वाले विघ्नसंतोषी मिलेंगे हीण, परन्तु जिसके ऊपर भारत के 135 करोड़ लोगों का हाथ हो और भारतमाता का आशीर्वाद हो तब उन्हें रोकना इतना आसान नहीं है। वे भारत ही नहीं, दुनिया की प्रगति में भी योगदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का कद बढ़ा है और वह दुनिया की दसवीं अर्थव्यवस्था से पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है। अब भारत को दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने से भी कोई रोक नहीं सकता है। केवल आंधी आने पर अपना सिर रेत में गड़ाने वाले विपक्षी नेताओं को ही भारत में लोकतंत्र डूबता नजर आ रहा है। ऐसे ही लोगों के लिए मोदी ने गालिब का शेर सुनाया था कि वे अपने चेहरे की धूल साफ करने के बजाय आईना साफ करते हैं।

**-शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

# मौसम के बिगड़े मिजाज से जन जीवन हुआ अस्त व्यस्त

## तेज हवाओं और गरज चमक के साथ हुई रिमझिम बारिश, कर्रेझर और राजाराव पठार क्षेत्र में हुई बर्फबारी



पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

शनिवार को जिले में मौसम के बदले मिजाज से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। यहां दिनभर काले बादल छाए रहे। वहीं तेज हवाओं और गरज चमक के साथ रिमझिम बारिश शुरू रही। मौसम में हल्की ठंडकता महसूस की गई। तापमान में गिरावट होने की वजह से गर्मी और उमस से लोगो को राहत मिली। वही गुरुर ब्लॉक के एनएच-30 मार्ग स्तिथ राजाराव पठार व कर्रेझर क्षेत्र की तरफ जमकर बर्फबारी भी हुई हैं। कई जगह तो बर्फ की चादर बिछी न?र आई। बर्फबारी से मुख्य मार्ग के किनारे जम्मू कश्मीर की तरह दृश्य में तब्दील हो गया था। क्षेत्र के लोग बर्फ को हाथों में लेकर मौसम का आनंद लेते भी नजर आये। एनएच-30 में लगभग आधे घंटे तक जमकर बर्फबारी हुई। बर्फबारी के दृश्य को वहां से गुजरने वाले राहगीरो ने वीडियो भी बनाए और मौसम का आनंद लेते नजर आए। बेमौसम बारिश से गर्मी से राहत जरूर मिली लेकिन इस बारिश से किसानों की मुसीबतें बढ़ गई है और फसलों को काफी नुकसान हो सकता है। बर्फबारी से क्षेत्र में लगे चना, मसूर, मटर सहित अन्य सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुचने की संभावना हैं। लेकिन कृषि विभाग की माने तो आज और कल अगर मौसम ऐसे ही बने रहता है तो फसल को नुकसान पहुच सकता है। चना काला पड़ सकता है। सब्जियों को भी नुकसान पहुच सकता है।

### सीएम आगमन पर फिरा अपनी–

बदले मौसम के मिजाज से जहां जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। वही दूसरी ओर सीएम भूपेश बघेल के आगमन पर भी पानी फिर गया। सीएम डौंडी ब्लॉक के ग्राम पटेली में आयोजित जिला स्तरीय माँ कर्मा जयंती और आदर्श विवाह कार्य म में शामिल होने वाले थे। लेकिन मौसम के बिगड़ने से सीएम बघेल नही पहुच सके। साथ ही तेज हवा आंधी और बारिश की वजह से कार्य म भी प्रभावित हुआ। कार्य म स्थल में बनाया गया मंच तेज आंधी तूफान में उड़ गया। सभा स्थल में बनाया गया पंडाल पूरी तरह उखड़ गया।

### कृषि विभाग की टीम अलर्ट : डीडीए

कृषि विभाग के डीडीए जीएस ध्रुवे ने बताया कि अगर बारिश आज भी होती है, फसलों को खासकर चना, मटर को नुकसान पहुच सकता है। हालांकि मटर, गेंहू, अलसी की फसल कई जगह कट गई हैं। शनिवार को मौसम के बिगड़ने से फसलों के खराब होने की ऐसी कोई सूचना प्राप्त नही हुई है। कुछ जगहों में ओलावृष्टि की खबर सामने आई हैं। मौसम बहुत दिनों तक ऐसे रहने से गेहूं की फसल ज्यादा प्रभावित होगी। जो फसल पक गई है, उसे ज्यादा फर्क पड़ेगा, और जो पकी नही है उसे ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। हमारी कृषि विभाग की टीम अलर्ट है।

# विधानसभा घेराव करने अवधेश सिंह चन्देल के नेतृत्व में रायपुर पहुँचे हजारों हितग्राही व कार्यकर्ता



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मोर आवास मोर अधिकार के तहत प्रथम चरण प्रत्येक ग्राम स्तर फिर विधानसभा स्तर अंतिम में 15 मार्च को प्रदेश स्तर पर घेराव किया गया जिसमे भाजपा प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल के नेर्तृत्व में 35 कार व 8 बस में हितग्राही व कार्यकर्ता पठारी घाट के पास इकठ्ठा होकर एक साथ निकले व विधानसभा घेराव में शामिल हुए।अवधेश चन्देल ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगभग साढ़े चार साल बीतने के बाद गरीब जनता को आवास देने के पहले सर्वे के बात कहते है यह केवल और केवल जनता को गुमराह की बात विधानसभा घेराव 1 लाख से अधिक लोग प्रदेश भर की जन आक्रोश बता रहा है कि जनता सरकार को बदल देगी।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जनता से कोई लेना देना नही है उन्हें केवल और केवल एक परिवार से लेना देना है बेरोजगार युवाओं से लेकर पीएम आवास के हितग्राही ,किसान बंधु से लेकर स्व सहायता समूह की बहने आज हर कोई कह रहा है कि ऐसा कोई सगा नही जिसको भूपेश बघेल की सरकार ने ठगा नही।समाज के हर वर्ग को इन लगभग साढ़े चार वर्षो में प्रदेश की कांग्रेस सरकार में छला है।

# राष्ट्रपति के भाषण का वाचन विभिन्न शक्ति केंद्र में किया गया

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधानसभा बेमेतरा के अंतर्गत बेरला मंडल के बूथ सशक्तिकरण के अंतर्गत शक्तिकेन्द्र रांका ,कठिया,परपोड़ा,मोहभट्ठा, देवरबीजा, सल्धा में बैठक आयोजित हुए जिसमें भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल,कैलाश शर्मा, गौकरण साहू रांका व कठिया परपोड़ा में नीरज राजपूत,मोहभट्ठा में सुनील राजपूत व सतीश यादव सल्धा संजीव तिवारी व देवरबीजा में मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल,विनोद दुबे के द्वारा राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू जी का अभिभाषण का वाचन किया ।साथ ही बूथ सशक्तिकरण के अंतर्गत कार्यो को पूरा करने के लिए बूथ सशक्तिकरण के प्रभारी द्वारा 10 दिन कौन-कौन से बूथ में प्रवास होगा सारा एक प्रारूप बनाया गया। अवधेश सिंह चन्देल ने कहा कि पार्टी ने राष्ट्रपति का अभिभाषण जिसमे हर एक बातो का उल्लेख है उसे शक्तिकेन्द्र के बैठक में कार्यकर्ताओ के सामने वाचन करने को कहा जिसे हर एक जगह किया जा रहा है ।साथ ही बूथ सशक्तिकरण जिसमे 31 की टीम बनाने को कहा है जिसमे हर एक कार्यकर्ता का डिटेल हो ।पहले 25 की टीम था अब 31 किया गया जिसमें मन की बात प्रमुख,व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख ,लाभार्थी प्रमुख,सामाजिक श्रेणी प्रमुख,प्रभावी मददाता प्रमुख,पार्टी के 6 कार्यक्रम के प्रमुख बनाने के लिए जोड़ा गया है।पार्टी का कहना है अंतिम इकाई मंडल नही बूथ होना चाहिए और बूथ के कार्यकर्ता को केवल चुनावी समय याद नही करके हर एक गतिविधि में शामिल करें अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ कार्यकर्ताओं को दिलाये केंद्र की मोदी सरकार की हर एक बात अंतिम इकाई में पहुँचे जिससे बूथ अधिक मजबूत हो और बूथ मजबूत तो पार्टी मजबूत होता है। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी ,संयोजक व सहसंयोजक सहित पंच परमेश्वर व बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सट्टा खिलाते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार, 11,550 रूपये किए जब्त

**बेमेतरा।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 16.मार्च को थाना नवागढ, बेरला, साजा, नांदघाट एवं चौकी देवरबीजा में सट्टा का 06 प्रकरण दर्ज कर 06 आरोपियों के विरूद्ध 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जिसमें सट्टा - पट्टी, पेन सहित नगदी रकम 11,550/- रूपये जप्त किया गया हैं। और मंगल दास कुर्रे पिता मोहन लाल उम्र 44 साल साकिन भालुपान थाना चंदनू जिला बेमेतरा। रंजित बंजारे पिता तुलाराम उम्र 18 साल साकिन मटिया थाना बेरला जिला बेमेतरा राकेश वर्मा पिता रूपु वर्मा उम्र 35 साल साकिन कोदवा थाना साजा जिला बेमेतरा नारद साहू पिता चंदूलाल साहू उम्र 24 साल साकिन घोटवानी पुलिस चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा भुरेलाल भारती पिता कठिया भारती उम्र 42 साल साकिन मल्दा थाना नांदघाट जिला बेमेतरा।राहुल बारले पिता रामप्रसाद बारले उम्र 24 साल साकिन मल्दा थाना नांदघाट जिला बेमेतरा को गिरफ्तार किया गया

# भक्त माता कर्मा संपूर्ण मानव जाति के लिए है आदर्श : विधायक आशीष छाबड़ा

## नगर साहू संघ बेमेतरा समाजिक भवन निर्माण के लिए10 लाख रुपए की घोषणा

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा में नगर साहू संघ बेमेतरा द्वारा आयोजित भक्त मां कर्मा जयती एवं शिलान्यास समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा थे।

कार्यक्रम में भक्त मां कर्मा मंदिर में की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियो की सूख समृद्धि और खुशहाली की कामना एवं नगर साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का नारियल तोड़ भूमिपूजन किया । इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि..यदि हमारे मन में अटूट विश्वास, श्रद्धा और समर्पण है, तो कोई भी ऐसा लक्ष्य नहीं है,जिसे हासिल ना किया जा सके,भक्त माता कर्मा ने यह साबित किया कि भक्त की श्रद्धा में यह शक्ति है कि भगवान को भी प्रकट होने पर विवश कर दे,भक्त माता कर्मा ने हमें प्रेम ,भक्ति भाव ,करुणा और मानव सेवा का पाठ पढ़ाया है उन्होंने हमें अन्याय से ल?ना सिखाया,आराध्य माता कर्मा के जीवन से



आत्मबल, परोपकार,समाजिक समरसता, निर्भीकता, साहस, पुरूषार्थ, समानता, दया, करूणा, भक्ति और राष्टभावना की शिक्षा मिलती है, वे अन्याय के आगे कभी झुकी नहीं,उन्होंने संसार के हर दुःख-सुख को स्वीकारा और डट कर उसका मुकाबला किया। गृहस्थ जीवन पूर्ण सम्पन्नता के साथ यापन कर नारी जाति का सम्मान बढ़ाया। अपनी भक्ति भाव से साक्षात् भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और अपनी गोद में लेकर बालकृष्ण को अपने हाथों से खिचड़ी खिलायी,छत्तीसगढ के विकास में साहू समाज का महत्वपूर्ण योगदान है,साहू समाज मेहनत करने वाला और विकास की राह में आगे बढ़ने की समाज है,प्रदेश की सरकार भक्त माता कर्मा,दानवीर भामाशाह के बताए हुए मार्गो में चल रही है,प्रदेश में सबसे बड़ी संख्या में हमारे साहू समाज की है,साहू समाज के भाई-बहने बड़ी संख्या में निवास करते है,बड़े समाज होने के नाते सभी समाजो को सीखने को मिलता है, समाजजनों के मांग अनुरूप विधायक आशीष छाबड़ा ने नगर साहू समाज समुदायीक भवन निर्माण कार्य हेतु किए 10 लाख रुपए की घोषणा किए इस अवसर पर साहु समाज के द्वारा विधायक आशीष छाबड़ा का सम्मान किया गया। समारोह में गैंदराम साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ, शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, छोटेलाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ,रामधार साहू अध्यक्ष नगर साहू संघ,पचू राम साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने सभा को संबोधित किया..साथ में सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, रश्मि मिश्रा सभापति,जया साहू पार्षद, जनता साहू एल्डरमैन, राजू साहू पार्षद,सत्रुहन साहू,बेनीराम साहू,योगीराम साहू, चंदू शीतलानी एल्डरमैन,दीपेश साहू, कैलाश साहू, संतोष साहू,रामलाल साहू, भागीरथी साहू, भागीरथी साहू, ओमप्रकाश साहू,विकास साहू,अवधराम साहू, ईतवारी साहू,सुरेश साहू,बाबूरामा साहू, रामेश्वर साहू,कमला साहू,बेदराम साहू,लक्की साहू, रामचन्द साहू, नदकुमार साहू,सुखिराम साहू,अशोक साहू,बलराम साहू,मोटी साहू सहित बड़ी संख्या समाजिक पदाधिकारीगण सदस्यगण उपस्थित रहे।

# आज राष्ट्रीय कवि संगम का संभागीय अधिवेशन

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

19 मार्च रविवार को राष्ट्रीय कवि संगम के तत्वावधान में दुर्ग संभाग का संभागीय अधिवेशन आयोजित किया गया है।इस आयोजन में दुर्ग संभाग के 6 जिलों के साहित्यकार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में संभाग की साहित्यिक गतिविधियों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा,साथ ही अंचल के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार स्व.सुहास गोविंद पोल की स्मृति में राज्य स्तरीय साहित्य सम्मान प्रदान किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप मे माननीय विधायक आशीष छाबड़ा उपस्थित रहेंगे,अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू करेंगी।विशिष्ट अतिथि महेंद्र विरदी ,कमलजीत अरोरा,विवेक सुहास पोल एवं पंकज राठी होंगे।इस अवसर पर कवि संगम के कवि मणिशंकर दिवाकर की पुस्तक का विमोचन भी होगा। द्वितीय सत्र में सरस कवि सम्मेलन आयोजित है,जिसमें महेश शर्मा,विजय राठौर,देवेन्द्र परिहार,किशोर तिवारी,मल्लिका रुद्रा,दिनेश रोहित चतुर्वेदी,कमल शर्मा,ईश्वर साहू एवं हरीश हर जैसे राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर के कविगण अपना काव्य पाठ करेंगे।यह कार्यक्रम दुर्ग रोड बेमेतरा स्थित क्षितिज टावर के सभागार में प्रातःकालीन बजे से आयोजित है।उक्त जानकारी राष्ट्रीय कवि संगम जिला ईकाई बेमेतरा के अध्यक्ष सुनील कुमार झा ने प्रदान की।

# कबीरधाम से संपादकों, पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

भूपेश बघेल मंत्रिमंडल की बैठक में छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किये जाने पर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ कबीरधाम और जिला प्रेस क्लब ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष और श्रमजीवी संघ के संरक्षक प्रकाश वर्मा ने कहा है कि मीडिया कर्मियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है वह काबिले तारीफ है, वही श्रमजीवी संघ के जिलाध्यक्ष और सबका संदेश के प्रधान संपादक अभिताब नामदेव ने कहा कि अपने कर्तव्यनिर्वहन के लिये जल्द ही मीडिया कर्मियों को सुरक्षा कवच मिलेगा,जिसके मांग पूरे प्रदेश के साथी करते आ रहे थे आज विधानसभा में इसका प्रस्ताव निश्चित ही पत्रकार साथियों के लिए भविष्य में एक बड़ा वरदान साबित होने



वाला है मैं जिले के क्षेत्रीय विधायक मोहम्मद अकबर को भी इस कार्य के लिए धन्यवाद देता हु। महासचिव डी एन योगी सरक्षक श्रमजीवी संपादक कबीरक्रांती ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा की मुख्यमंत्री बघेल ने इस मामले पत्रकारों के जीवन में एक क्रांति ला दी है अब निर्भयता से अपनी कार्य कर सकेंगे पत्रकार साथी,, जिला प्रेस क्लब के पदाधिकारी और वरिष्ठ पत्रकार यशवंत ठाकुर ने कहा की कानून बनते दिख रहा है परंतु असली बधाई तभी होगी जब जल्दी ही इसका लाभ पत्रकारों को मिले,,वही बल्लू राम डॉट काम के संपादक जिला प्रेस क्लब सचिव विजय धृतलहरे ने बताया कि ग्रामीण पत्रकार जो बिना स्वार्थ के जन सेवा करते है उनको अब नई शक्ति मिलने वाली है,, पडरिया के वरिष्ठ पत्रकार और श्रमजीवी संघ के प्रदेश सचिव निर्मल सलूजा ने पत्रकारों की जीत और श्रमजीवी संघ के निरंतर मांग का फल बताया पंडरिया श्रमजीवी संघ के ब्लाक अध्यक्ष संजू तिवारी ने सरकार की साफ मंशा रही है जिस कारण उन्होंने पत्रकार के हित में इतना बड़ा फैसला लिया जिसके लिए सरकार का मैं आभार प्रकट करता हु,,वही पूर्व जिलाध्यक्ष पारस शर्मा ने कहा की निरंतर पत्रकार साथियों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी हुई , वही श्रमजीवी संघ के संरक्षक और जिले के वरिष्ठ पत्रकार साथी छत्रपाल ठाकुर ने सरकार के फैसले को सराहनीय बताया,,वही कवर्धा संदेश डॉट काम के संपादक सुनील आनंद नामदेव ने बताया कि जिस प्रकार बघेल ने में रुचि लेकर सुप्रीम कोर्ट के अवकाश प्राप्त जस्टिस आफताब आलम की अध्यक्षता में कमेटी बनाई उनका कार्य सराहनीय है,वही ई एन एस के संपादक और श्रमजीवी संघ के जिला सचिव पदमराज ठाकुर ने कहा की पत्रकार साथियों में सुरक्षा को लेकर जो चूक जिले के युवा साथी विवेक चौबे के साथ हुई और उन्हे जान तक गवानी पड़ी निश्चित आगे ऐसी घटनाओं पर रोक लगेगी, वही श्रमजीवी संघ के कोषाध्यक्ष वरिष्ठ साथी सुरेश गुप्ता ने विधेयक के मसौदा को लेकर जस्टिस आलम ने रायपुर,जगदलपुर एवं सरगुजा में श्री बघेल ने बैठकें ली वह सफल रहा,, वही श्रमजीवी संघ के उपाध्यक्ष और आदिल डॉट न्यूज के संपादक आदिल खान ने बताया की इन तीनों रायपुर, जगदलपुर एवं सरगुजा स्थानों में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार के प्रतिनिधियों ने मसौदे पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे थे जो आज पूरा हुआ,वही श्रमजीवी के संगठन प्रभारी और तहलका न्यूज के संपादक बसंत ने सरकार के फैसले का स्वागत किया। ब्लाक अध्यक्ष बोडला जीवन साहू ने इस विधेयक को पत्रकारों के काफी समय के मांग का परिणाम बताया।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में निषेध दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में 17मार्च को तम्बाकू निषेध दिवस पर विद्यालय के सभा हाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों का भाषण, निबंध लेखन, नुक्कड़ नाटक, गीत, प्रश्नोत्तरी,व वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन शालेय स्तर पर किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया भाषण में कु खुशी डोण्डे कक्षा नवमी प्रथम, वेदिका वर्मा नवमी द्वितीय,व कु बिंदिया भारती नवमी तृतीय स्थान पर रहे, निबंध लेखन प्रतियोगिता में कु.जागेश्वरी ठाकुर कक्षा नौवीं प्रथम,कु यामिनी यादव नौवीं द्वितीय व कु काजल ठाकुर नौवीं तृतीय स्थान पर रहे,वाद विवाद प्रतियोगिता में कु राधिका साहू नौवीं प्रथम,कु दिशा ग्वालवंशी नौवीं द्वितीय व कुलेश्वरी वर्मा तृतीय स्थान पर रही, वहीं नाटक तंबाकू छोड़ दो के प्रतिभागी कु भूमिका कुर्रे कक्षा नौवीं एवं साथियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर वाहवाही हासिल किया तथा कु निधि वर्मा कक्षा नौवीं ने अपनी मधुर स्वर में लोक गीत गाकर कार्यक्रम को गौरवान्वित किया , संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन संस्था के व्याख्याता शिक्षक साहित्यकार गोकुल बंजारे चंदन ने किया । कार्यक्रम के बीच बीच में आपने गीत व कविताएं सुनाएं , इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक, शिक्षिका व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सह-साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ सेजस जंजगिरी के 15 बच्चों का चयन

### अगले चार साल तक मिलेगी हर महीने 1000 रुपये की छात्रवृति

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सह-साधन प्रवीण्य छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कक्षा आठवीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्रों को यह छात्रवृत्ति, छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर प्रदान की जाती है । इसके अंतर्गत बच्चों को 1000 रुपए की राशि हर महीने मिलना प्रारंभ हो जाता है द्य इस वर्ष छत्तीसगढ़ में कुल 2246 पद के लिए कुल 12582 बच्चों ने नामांकन किया था, जिसमें से 1755 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है । इसमें से 15 बच्चे सेजस जंजगिरी से उत्तीर्ण हुए हैं । 15-विद्यार्थियों के साथ धमधा ब्लॉक में सेजस जंजगिरि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है तथा दुर्ग जिले में तृतीय स्थान प्राप्त कर अभिभावकों एवं नगर को गौरवान्वित किया है द्ध चयनित छात्र छात्राओं क्रमशः कंगना देवांगन, एकता बंजारे, ज्योति बंजारे, कृश कुमार सिंह, किशन साहू, काव्य वर्मा, कुमकुम वस्त्रकार, पूर्वा शर्मा, स्नेहा वर्मा, पल्लवी गेंद्रे, यशिका साहू, ओम् वर्मा, भौमया साहू, प्रियंका महिपाल और चंचल महिलांगे को प्रिंसिपल मिनी गोपीनाथन मैडम ने सफलता प्राप्त करने पर बधाई दी और आशीर्वाद देते हुए यह भी कहा कि जिन बच्चों का चयन नहीं हो पाया, वे छात्र-छात्राएं भी हताश-निराश ना हों, बल्कि आने वाले दिनों में वे विद्यार्थी अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते रहें, और उसमे सफलता प्राप्त करने की कोशिश करें । एन एम एम एस ई परीक्षा की इंचार्ज अंजना सिंह ने बताया की उन्होंने विद्यार्थियो को हमेशा प्वाइंट बनाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया । इस बार समय बहुत कम मिला था पर उन्होंने इसके लिए अलग-अलग रणनीति बनायी थी । साथ ही उन्होंने यह सूत्र वाक्य भी कही कि अगर पूरी शिद्दत से कोशिश की जाए तो मंज़िल अवश्य मिलती है द्य उन्होंने एन एम एम एस ई के दुर्ग एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी व्याख्याता पवन सिंह सर का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने अपना कीमती समय शाला एवं बच्चों को देते हुए दिवाली की छुट्टी के समय में भी वो स्कूल आकर बच्चों को मार्गदर्शन दिया जो कि क़ाबिले तारीफ़ है । साथ ही प्रधान अध्यापिका अंजना रॉय मैडम तथा समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं का भी उन्होंने हृदय से आभार व्यक्त किया ।

# बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत चिखलाकसा में हुई भाजपा की बैठक



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत 17 मार्च को शक्ति केंद्र चिखलाकसा बूथ क्रमांक 136, 137, 138, 139, 141 में बैठक आहूत की गई। बैठक में राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू के अभिभाषण पर विशेष चर्चा की गई जिसमें संकल्प से सिद्ध के मन्त्र हैं। राष्ट्पति के अभिभाषण एवं बूथ सशक्तिकरण बैठक में प्रमुख रुप से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे, नगर पंचायत अध्यक्ष भीखी मसिया, उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम , वरिष्ठ भाजपा नेता भरत भाई पटेल, प्रतीक खोब्रागड़े, राजू रावटे, तिहारू राम आर्य, वीरेंद्र पासवान, विमला जैन, नीतू कुरेटी, संगीता साहू, बृजमणि यादव, आशीष गुप्ता उपस्थित रहे। विक्रम धुर्वे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण का पठन किया जिसमें महामहिम राष्ट्रपति ने कहा संसद के इस समवेश सत्र को संबोधित करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कुछ ही महीने पहले देश ने अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे कर के आजादी के अमृत काल में प्रवेश किया। आजादी के इस अमृत काल में हजारों वर्षों के गौरवशाली अतीत का गर्व जुड़ा है भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणाय जुड़ी है और भारत के स्वर्णिम भविष्य के संकल्प जुड़े हैं।

# ,हॉकी इंडिया जूनियर बालिका चैंपियन हेतु जिले के डाली निषाद का हुआ चयन

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आगामी 19 से 26 मार्च तक हॉकी इंडिया जूनियर बालिका वेस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन राजनांदगांव में किया जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की हॉकी टीम भी भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ हॉकी एसोसिएशन के महासचिव मनीष श्रीवास्तव के द्वारा जारी पत्र के अनुसार बेमेतरा जिला से डॉली निषाद का चयन किया गया है। डॉली समीपस्थ बारगांव स्कूल की कक्षा 11 वीं की छात्रा है। डॉली इस प्रतियोगिता के पूर्व इंफाल मणिपुर में हॉकी इंडिया सब जूनियर बालिका राष्टीय हॉकी चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुकी है । उल्लेखनीय है कि बारगांव स्कूल की स्पोर्ट्स टीचर तुलसी साहू के आने के बाद से बेमेतरा जिला के अधिकांश स्टूडेंट हॉकी के क्षेत्र में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।



### न्यू छत्तीसगढ़ ढाबा में हुई चोरी

**कुम्हारी ।** समीपवर्ती ग्राम मोतीपुर स्थित न्यू छत्तीसगढ़ ढाबा में विगत रात्रि अज्ञात लोगों द्वारा की गई चोरी की जानकारी देते हुए ढाबा संचालक आकाश देवांगन ने बताया कि रात्रि में लगभग 1.30 से 2.30. बजे दो चोर ढाबे पहुंचकर दरवाजा तोड़ फोड़ कर वि य की नगदी रकम 26000 से 28 हजार की चोरी करने के साथ एवं टी.वी., कुकर, ईन्डेक्सन, मिक्सी, गुटखामसाला, सिगरेट, खाने पीने की चीजें, तथा घर का दरवाजा मूल्य5000 हजार रुपए को तोड़ फोड़ कर चोरी किया एवं देवागंन फार्म हाउस में घुसकर 3 ताला तोड़कर 2 बंडल तार एवं घरेलू समान आदि की चोरी किया । उपरोक्त घटना म ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है । जिसकी शिकायत अमलेश्वर थाना में दर्ज कराई गई है।

# कलेक्टर ने शासकीय बहु दिव्यांग विद्यालय सह छात्रावास और जिला ग्रंथालय का किया निरीक्षण

## दिव्यांग बच्चे अनिल ने कलेक्टर को अपने हाथों से बनाया पेपर क्राफ्ट किया भेंट

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज सुबह अचानक जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्राम पेंड्री में संचालित शासकीय बहु दिव्यांग विद्यालय सह छात्रावास और जिला ग्रंथालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एक तरफ जहां कलेक्टर द्वारा जिले के सामान्य विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश लगातार दिए जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ जिले के दिव्यांग बच्चों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनके शैक्षणिक तथा अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए उनके विकास के लिए आवश्यक सभी सुविधा सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के दिव्यांग विद्यालय में पहुंचने पर विद्यालय में बच्चों द्वारा उन्हें उत्साहपूर्वक फुल भेंट किया गया। जिस पर कलेक्टर द्वारा सभी बच्चों सहित उपस्थित स्टाफको भी फुल भेंटकर बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने दिव्यांग विद्यालय के छात्र अभिषेक, उदय, श्रेजल ,बंटी, गौतम, निहाल सहित सभी विद्यार्थियों का परिचय लेते हुए उन्हें चॉकलेट और पेन उपहार स्वरूप दिया।इस दौरान दिव्यांग बच्चे अनिल ने कलेक्टर को अपने हाथों से बनाया पेपर क्राफ्ट भेंट किया।इसके साथ ही कलेक्टर ने जिला ग्रंथालय में यूपीएससी, पीएससी, एसएससी, सहित अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से जिला ग्रंथालय की सुविधाओं की जानकारी लेते हुए बेहतर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने शासकीय बहु दिव्यांग विद्यालय सह छात्रावास के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में आने वाले गैर अवासीय दिव्यांग छात्रों को छोड़ने के लिए आये हुए पालकों से विद्यालय की सुविधा व अन्य आवश्यकताओं की जानकारी ली। जिस पर गैर अवासीय छात्रों के पालकों द्वारा आवागमन की सुविधा की आवश्यकता बताई गई। जिस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में पंजीकृत छात्रों,शारिरिक प्रशिक्षण कक्ष, ब्रेल प्रशिक्षण, वाणी प्रशिक्षण, श्रवण प्रशिक्षण, शयन कक्ष, प्रशासकीय कक्ष, मल्टीपरपज हॉल, पेयजल सुविधा, रसोईघर आदि सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने कलेक्टर को बताया कि दिव्यांग आवासीय विद्यालय में विशेष बच्चे पढ़ाई करते हैं। यहां प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा उन्हें समाज के समरूप व्यवहार तथा मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा दिव्यांग विद्यालय आकर बच्चों से मिलने, उन्हें अपने हाथों से पेंटिंग करना सिखाने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने से बच्चों के मन में अपनेपन का भाव दिखा।

# नगर पालिका के पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों ने की विधानसभा अध्यक्ष महंत से मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन के नेतृत्व में नगर पालिका शक्ति के पार्षदों एवं विकासखंड के ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत से विधानसभा भवन में मुलाकात की, इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के साथ ही वर्तमान में चल रहे विधानसभा सत्र की कार्रवाई का भी दर्शक दीर्घा में बैठकर जनप्रतिनिधियों ने उसे देखा, तो वहीं विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान मुस्लिम समाज के प्रमुख महबूब भाई ने भी शक्ति में प्रस्तावित शादी भवन के निर्माण के संबंध में भी विगत समय से चली आ रही मांग पर आग्रह किया, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष महंत ने शीघ्र ही शादी भवन के निर्माण कार्य को स्वीकृति दिलवाने हेतु पहल करने का आश्वासन दिया, वहीं इस दौरान विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन के नेतृत्व में नगर पालिका शक्ति के पार्षदों ने भी शहर विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर विधानसभा अध्यक्ष महंत से चर्चा की तथा विधानसभा अध्यक्ष ने भी नगरपालिका क्षेत्र के विकास कार्यों की भी जानकारी प्राप्त की, साथ ही कहा कि आने वाले समय में और अधिक वार्डों में विकास के काम होंगे तथा आप सभी पूरी सक्रियता के साथ छत्तीसगढ़ की सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को लोगों तक पहुंचाएं एवं योजना का अधिक से अधिक लाभ दें,इस दौरान विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने भी शक्ति विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों सहित विभिन्न विषयों से विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत को अवगत कराया साथ ही उन्हें शक्ति आने का निमंत्रण भी दिया,इस दौरान प्रमुख रूप से कांग्रेस कमेटी के जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, नगरपालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन, मुस्लिम समाज के प्रमुख एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता महबूब भाई, नगर पालिका शक्ति के वार्ड क्रमांक- 15 के पार्षद दीपक सेवक रिक्की, वार्ड क्रमांक- 02 के वरुण कसेर, वार्ड क्रमांक- 10 के पार्षद पुत्र लव सोनी, वार्ड क्रमांक-11 के पार्षद घनश्याम प्रसाद जायसवाल,छडू राम देवांगन,नगरपालिका शक्ति के पूर्व सीएमओ जफर खान, श्याम अग्रवाल बिलासपुर, उज्जवल लांबा कोरबा, नवीन सिंह प्रेस क्लब सदस्य सहित काफी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे तथा विधानसभा अध्यक्ष महंत ने भी आगंतुक सभी जनप्रतिनिधियों का अभिवादन करते हुए उनका हालचाल भी जाना एवं क्षेत्र विकास को लेकर चर्चा की एवं सभी ने विधानसभा अध्यक्ष महंत का आभार भी व्यक्त किया तथा विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाड़ीन ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष महंत से काफी देर चर्चा हुई तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा के बाद सभी जनप्रतिनिधियों ने भी व्यक्तिगत रूप से अपने अपने वार्ड एवं क्षेत्र विकास की बात की है।

# पत्रकार सुरक्षा कानून : श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



भूपेश बघेल मंत्रिमंडल की बैठक में छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक- 2023 के प्रारूप का अनुमोदन किये जाने पर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने कहा है कि मीडिया कर्मियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है जिससे अपने कर्तव्यनिर्वहन के लिये जल्द ही मीडिया कर्मियों को सुरक्षा कवच मिलेगा। प्रदेश महासचिव विश्व दीपक राई ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा की मुख्यमंत्री बघेल ने इस मामले में रुचि लेकर सुप्रीम कोर्ट के अवकाश प्राप्त जस्टिस आफताब आलम की अध्यक्षता में कमेटी बनाई। सुरक्षा विधेयक के मसौदा को लेकर जस्टिस आलम ने रायपुर, जगदलपुर एवं सरगुजा में बैठकें ली। इन तीनों स्थानों में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार के प्रतिनिधियों ने मसौदे पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृजेश चौबे, कोषाध्यक्ष अनिल पवार, प्रांतीय सचिव मनोज मिश्रा जांजगीर जिला अध्यक्ष मनोज थवाईत, जिला महासचिव देवेन्द्र यादव, मुरली नायर, उदय हरबंश, शनि लहरे, बद्री आदित्य सहित प्रांतीय कार्यकारिणी संभागीय अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों, एवं संघ के सभी प्रांत के साथियों ने यह विधेयक यथाशीघ्र कानून के स्वरूप में सामने होगा, उम्मीद जताते हुए मीडिया कर्मियों के प्रति सहृदयता रखने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सुरक्षा कानून के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# बाराद्वार थाना अंतर्गत घर में घुसकर मारपीट करने वाले तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



घर में घुसकर मारपीट करने वाले 03 आरोपी गिरफ्तार किये गए है,मामला थाना बाराद्वार में 05.00 बजे प्रार्थी उदय साहू के पिता गयाराम साहू निवासी डूमरपारा का गांव के याद राम काठले के घर के पास बकरी चरा रहा था कि उसे रोड मे बकरी ले जा रहे हो किनारे से बकरी नही ले जाते कहकर चंदन और साहिल झगडा विवाद कर मां बहन की गंदी गंदी अश्लील गाली गुफ्तार कर ईंट एवं पत्थर के टुकडा से मारपीट किये जिससे उसके दाहिने हाथ में चोट लगा था उसी दिन शाम 05.30 बजे प्रार्थी अपने घर में मुर्गा बेंच रहा था उसी समय चंदन एवं साहिल आये और प्रार्थी के घर अंदर घुसकर उसे मां बहन की गंदी गंदी गालिया देते हुये हाथ मुक्का एवं डंण्डा से मारपीट किये जिससे उसके बायां पैर एवं सिर में चोंट लगा है उक्त प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक एम.आर.आहिरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह, उप पुलिस अधीक्षक अंजली गुप्ता सक्ती के आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर, आरोपी 1. चंदन तेजी पिता स्व. श्रवण तेजी उम्र 26 साल साकिन वार्ड क्रमांक 10 बाराद्वार 2. आकाश चकधारी उर्फ मोनू पिता मनोज चक्रधारी उम्र 20 साल साकिन वार्ड क्रमांक 04 बाराद्वार 3. साहिल बर्मन पिता श्रीपाल बर्मन उम्र 22 साल साकिन वार्ड क्रमांक 08 बाराद्वार जिला सक्ती ( छ.ग. ) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी . राजेश पटेल, प्रधान आर. 08 लक्ष्मीनारायण, कंवर, आर. 73 घनश्याम यादव, आर . 102 बुद्धेश्वर पटेल, आर . 209 दिलीप सिदार, आर . 185 अनिल रात्रे, आर. 96 फारूख खान, आर. 52 रामनारायण राठौर, का योगदान रहा।

# पत्रकार सुरक्षा कानून के अनुमोदन पर छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन ने मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में 17 मार्च को विधानसभा की समिति कक्ष में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किये जाने पर प्रदेश के सबसे बड़े पत्रकार संघ छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने कहा है कि मीडिया कर्मियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिसकी लंबे समय से मांग की जा रही थी, मुखमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किए गए कार्य से जल्द ही मीडिया कर्मियों को सुरक्षा कवच मिलेगा,छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रतिनिधियों ने भी सुरक्षा विधेयक के मसौदे पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे थे। यूनियन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एन आर के पिल्लई, प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन झा, प्रदेश उपाध्यक्ष महेश आचार्य,प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश सारस्वत, प्रदेश महासचिव कन्हैया गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी,प्रदेश सलाहकार अनिल द्विवेदी,प्रदेश सलाहकार अनिल साखरे,प्रदेश सलाहकार मेघनाथ जोशी, प्रदेश सलाहकार अश्वनी पटनायक, प्रदेश सचिव जितेंद्र नामदेव, प्रदेश सचिव विपुल कन्हैया, प्रदेश संयुक्त सचिव तिलका साहू, प्रदेश संगठन सचिव मुन्नीलाल अग्रवाल,प्रदेश संगठन सचिव सुशील तिवारी ने मीडिया कर्मियों के प्रति सहृदयता रखने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# भाजयुमो अध्यक्ष की सीएम को सलाह-छत्तीसगढ़ में करना है अपराध खत्म तो यूपी के सीएम से लें सीख

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश नेता अंकित अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि भूपेश बघेल यदि छत्तीसगढ़ में चाहे तो अपराध ख़त्म हो सकता है जब से छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है तब से लगातार लूट,डकैती, हत्या अपने चरम सीमा पर है, अभी कुछ ही महीनों पहले हमारे भारतीय जनता पार्टी के चार कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या हुई उस पर भी सरकार का रुख़ मौन नज़र आया सूरजपुर ज़िले के भैयथान के युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष को भी टारगेट किया गया था उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई अंकित अग्रवाल ने आगे मीडिया से कहा कि अभी 15 तारीख़ को मोर आवास मोर अधिकार को लेकर विधानसभा का घेराव का कार्यक्रम था इस और भूपेश की सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए कार्यकर्ताओं के ऊपर आसू गैस के गोले छोड़े गये जिसमें हमारे बड़ी संख्या में कार्यकर्ता घायल भी हुए,भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंकित अग्रवाल ने कहा कि लेकिन हम छत्तीसगढ़ महतारी के बेटा है हम डरने वालों में से नहीं है हर ज़ोर जुल्म कि टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है, हमारा संघर्ष और मेहनत अब और तेज़ी से बढ़ेगा ताकि हम इस निकम्मी सरकार को उखाड़ कर फेके और भारतीय जनता पार्टी का विशाल ध्वज छत्तीसगढ़ प्रदेश में लहराये आगे अंकित अग्रवाल ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में जो बार बार दुर्घटना हो रही है उसमें किसी की मृत्यु हो रही है या किसी को क्षति पहुँच रही है तो भूपेश बघेल जी उनको मुआवजा क्यों नहीं दे रहे है और उत्तरप्रदेश में पचास पचास लाख की घोषणा कर रही है। छत्तीसगढ़ की सरकार यदि सचमुच में अपराध ख़त्म करना चाहती है तो उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सिख लेना चाहिए और उसी तर्ज़ पर छत्तीसगढ़ में भी हिंसा फैलाने वाले के ऊपर कार्यवाही करनी चाहिये, तब जाकर फिर से छत्तीसगढ़ राज्य शांति का टापू बनेगा।

# भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री एवं सामाजिक कार्यकर्ता मोहन कुमारी साहू हुई विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की उपाध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री एवं जनपद सदस्य मोहन कुमारी साहू शक्ति जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए इस दौरान मोहन कुमारी साहू ग्राम बैहागुडरू में आयोजित अखंड नवधा रामायण में शामिल हुई,अपने गृह ग्राम देवरानी के मोहल्ले में दीनदयाल साहू नान भाई साहू की सुपुत्री हेमलता साहू के सगाई कार्यक्रम में सम्मिलित हुई, जहां परिणय सूत्र में बंधने वाले युगल जोड़ी को आशीर्वाद दी,ग्राम पोडीशंकर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन में शामिल हुई,बम्हनीनडीह जनपद क्षेत्र के ग्राम सिलादेही के छविराम पटेल शिक्षक की सुपुत्री पिंकी शिव पटेल को प्रथम पुत्र की श्रीलाल चंद्रिका पटेल की प्रथम पुत्री की प्राप्ति हुई षष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुई।

## पूर्व विधायक खिलावन पहुंचे बाराद्वार मंडल के बूथ सशक्तिकरण अभियान में



**सक्ति।** भारतीय जनता पार्टी जिला शक्ति के निर्देशानुसार मंडल स्तर पर हो रहे बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत शक्ति विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने सक्ती विधानसभा क्षेत्र के बाराद्वार मंडल अंतर्गत मतदान केंद्र के बूथ क्रमांक 75,76,77, 78,79,80,81के बुथ अध्यक्षों,पदाधिकारियों के साथ बैठक की, बैठक में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री गेंदराम मनहर , जनपद सदस्य शशि कंवर,अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश कंवर, बुथ अध्यक्ष निर्भय यादव,बुथ अध्यक्ष अनिल पटेल,घुराउ राम यादव, साहू, सेवक पटेल, लंबोदर पटेल , डुलेश्व श्रीवास,प्यारे लाल पटेल,बसंत सूर्या,डिगम्बर थवाईत, उमेद राम धीरहे, नूतन पाटले, राकेश मनहर, विश्राम पटेल,पवन कंवर,दूजराम पाटले,मीटिंग बघेल,धन सिंह कंवर, लाल सिंह कंवर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय में हुआ निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ति में रेडक्रॉस और आई क्यू ए सी तथा लीनेसक्लब सक्ति के संयुक्त तत्वावधान में दंत चिकित्सा शिविर और अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिंकू आनन्द अग्रवाल शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजया जायसवाल डॉ आशुतोष जायसवाल (दंत चिकित्सक सक्ति) अनीता सिंह (डिस्ट्रिक चेयरपर्सन)सुमन सिंह, अनिता राठौर (कोषाध्यक्ष) तथा सदस्य के रूप में सत्या जायसवाल, ललिता साहू, रीता राज, निकदत करीम, मीरा देवांगन, शहनाज बानो, अल्का कंवर की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम डॉ शकुन्तला राज (रेडक्रॉस प्रभारी) , प्रो अजय देवांगन (आई क्यू ए सी प्रभारी)के मार्गदर्शन में संस्था के प्राचार्य डॉ ए के चतुर्वेदी के संरक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो ऋतु पटेल द्वारा किया गया,सभी अतिथियो द्वारा मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की गई।उनके द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत प्रोफेसर एवं छात्र छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ से कराया गया। रिंकू आनन्द अग्रवाल का स्वागत संस्था के प्राचार्य डॉ चतुर्वेदी द्वारा किया गया। विजया जायसवाल का स्वागत प्रो डॉ शकुन्तला राज द्वारा किया गया। दंत चिकित्सक डॉ आशुतोष जायसवाल द्वारा संस्था के समस्त छात्र छात्राओं सहित सभी स्टाफ का दंत परीक्षण, बीपी, शुगर, वजन परीक्षण भी किया गया और उन्हें आवश्यक सुझाव दिया गया। स्वागत भाषण संस्था के प्राचार्य डॉ चतुर्वेदी द्वारा दिया गया उन्होंने महिला दिवस मनाने के पीछे का इतिहास बताया और सभी आए हुए महिला टीम को महिला दिवस की बधाई एवं धन्यवाद दिया। रिंकू आनंद अग्रवाल द्वारा कविता के माध्यम से महिला शक्ति का परिचय दिया और सभी महिला को समाज में एकजुट होकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। विजया जायसवाल अध्यक्ष द्वारा सभी महिलाओं को शुभकामना दी गई और उन्होंने अपील की सभी एक दूसरे का सहयोग करे और इसकी शुरुआत अपने घर से करे सभी एक दूसरे का सम्मान करे। अनिता राठौर कोषाध्यक्ष द्वारा लेनिस क्लब सक्ति के बारे जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि यह महिलाओं का एक राष्ट्रीय संगठन जो समाज के जरूरतमंद व्यक्ति को निःशुल्क सहयोग प्रदान करता है। सभी सदस्य को अलग अलग क्षेत्र दिया गया है जिस पर वे कार्य करते है।पर्यावरण, महिला साक्षरता, समाज की कुरीति, दिव्यांग विवाह, निःशुल्क चिकित्सा शिविर आदि का आयोजन करते है,महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र भेंट किया गया।

# भक्त माता कर्मा जयंती साहू समाज के लोगों ने हर्षोल्लास से मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



पूरे देश में भक्त माता कर्मा जयंती साहू समाज के लोगों के द्वारा मनाई गई ।कहा जाता है, कि भक्त माता कर्मा भगवान जगन्नाथ स्वामी की पुजारी रही और आज तेली जिसे साहू समाज कहा जाता है ।आज हर जगह साहू समाज के लोग भक्त माता कर्मा जयंती बड़े धूमधाम से मनाएं। जहां पर ग्राम पंचायत दर्राभाटा में भक्त कर्मा माता मंदिर में दीप एवं पूजा पाठ अपने आराध्य देवी समझकर कर्मा माता की पूजा अर्चना किए। जिसमें मुख्य रुप से आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जीवन लाल साहू ,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष भरत लाल साहू, धनेश्वर साहू, बिंदेश सिंह राठौर जांजगीर लोकसभा अध्यक्ष आम आदमी पार्टी, प्रेमशंकर गबेल, अजय युवा नेता आप, बालेश्वर साहू युवा जिला मोर्चा अध्यक्ष शक्ति,भारती पटेल सरपंच दर्रा भाटा, डॉ पूरन लाल साहू, भोज राम साहू,सजीवन साहू, दादू राम साहू , टिकेश्वर प्रसाद चंद्रा जिला सचिव आम आदमी पार्टी, अजय कुमार साहू, दादूराम साहू, संजय साहू,संतोष साहू , रामलाल साहू रामकृष्ण साहू ,श्याम लाल साहू, विनोद साहू,गंगा राम साहू, राम साहू, जितेंद्र साहू, राजू साहू,वेद राम साहू, रामलाल साहू ,नत्थू राम साहू, के साथ में पुरुष से ज्यादा महिला लोगों की संख्या देखी गई ।इससे आज पूरे देश में भक्त कर्मा माता की जयंती साहू समाज के लोग मनाएं।

## डिग्री कॉलेज के छात्रों को बताई गई अभिव्यक्ति ऐप की विशेषताएं

**रायगढ़.** अभिव्यक्ति जागरूकता कार्यक्रम के क्रम में डीएसपी निकिता तिवारी के साथ पुलिस महिला रक्षा टीम के सदस्यों ने किरोडीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय चक्रधरनगर में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राईम, महिला संबंधी विविध अपराधों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। डीएसपी निकिता तिवारी छात्र-छात्राओं और कॉलेज के अध्यापकगण के साथ अभिव्यक्ति ऐप, साइबर क्राइम, पॉक्सो एक्ट, शिक्षा का अधिकार जैसे विषयों पर चर्चा किया गया।

## 26 मार्च को शक्ति में होगा प्रथम जिला स्तरीय कार्यक्रम

# छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन शक्ति जिले की बैठक में निर्णय

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ प्रदेश के पत्रकारों के सबसे सशक्त संगठन छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन रायपुर की नवगठित शक्ति जिला इकाई का प्रथम जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 26 मार्च को हटरी धर्मशाला शक्ति में सुबह 11:00 बजे से आयोजित किया गया है, जिसकी तैयारियों को लेकर जिला कार्यकारिणी की एक बैठक 18 मार्च को स्थानीय स्टेशन रोड स्थित होटल गिरिराज रैन बसेरा में संपन्न हुई, बैठक के दौरान आगंतुक सदस्यों का सर्वप्रथम परिचय सत्र तथा जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल ने समस्त नवनियुक्त पदाधिकारी/ सदस्यों को उनके दायित्वों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही सदस्यों को प्रदेश संगठन द्वारा प्रेषित आईडी कार्ड भी वितरित किया गय,बैठक के दौरान जहां जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल ने 26 मार्च के कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी, साथ ही उपस्थित सभी सदस्यों से कार्यक्रम को बेहतर बनाने के संबंध में सुझाव आमंत्रित किए गए तो वही निर्णय लिया गया कि 26 मार्च के आयोजन में पत्रकारों के सम्मेलन के साथ ही उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं का सम्मान भी किया जाएगा साथ ही इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों से यूनियन के पदाधिकारी/सदस्य भी शामिल होंगे,एवम प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम सहित प्रदेश पदाधिकारी भी पहुंचेंगे तथा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला इकाई शक्ति के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई, तथा छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन की सदस्यता को लेकर भी जिले के सभी विकासखंडों में अधिक से अधिक पत्रकार साथियों को इस संगठन से जोड़ने हेतु भी निर्णय लिया गया तथा बैठक में 26 मार्च के कार्यक्रम में प्रदेश के प्रबुद्ध पत्रकार जनों को भी आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया, साथ ही अगली बैठक मां चंद्रहासिनी देवी की पावन नगरी चंद्रपुर कराने का प्रस्ताव यूनियन के जिला उपाध्यक्ष अजीत पांडेय ने दिया जिस पर इकाई ने सहमति प्रदान करते हुए अगली बैठक चंद्रपुर में करने का निर्णय लिया, 18 मार्च को छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन शक्ति जिला इकाई की आयोजित कार्यकारिणी बैठक में प्रमुख रूप से यूनियन के जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल, संरक्षक अमरलाल अग्रवाल कांटेक्टर, जिला पदाधिकारी अजय अग्रवाल, अजीत पांडेय,सम्सतबरेज पप्पू खान, कविशरण वर्मा अमनदूला, सुनील जिंदल, नरेश मेवाड़ीन, मोहन अग्रवाल, मोहन लाल देवांगन, मनोज अग्रवाल जैजैपुर, आमिर बंजारे, दीपक ठाकुर बाराद्वार, निशिथ तिवारी बाराद्वार, कमल अग्रवाल, नरेश मित्तल सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

# मध्यप्रदेश विधानसभा के गौरवशाली इतिहास में पूर्व विधायकों का योगदान अतुलनीय :गिरीश गौतम

## पूर्व विधायकों के स्नेह मिलन कार्यक्रम का गौतम ने किया उद्घाटन

डॉ शिशिर उपाध्याय ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने पूर्व विधायकों के 'स्नेह मिलन कार्यक्रम' का उद्घाटन करते हुए कई वरिष्ठ और पूर्व विधायकों का सम्मान किया। सम्मानित पूर्व सदस्यों में डा. गौरीशंकर शेजवार, कैलाश विजयवर्गीय, नारायण केशरी, माया सिंह, बिजेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, ज्ञान सिंह और रघुनन्दन शर्मा सहित कई वरिष्ठ और पूर्व विधायकों का सम्मान किया। इस दौरान 300 से अधिक पूर्व विधानसभा सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में गौतम ने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा का गौरवशाली इतिहास है। आज जिस स्वरूप में मध्य प्रदेश की विधानसभा है, उसके विकास और गौरव को बढ़ाने में पूर्व विधायकों ने जो योगदान दिया है वह अतुलनीय है। पूर्व विधायकों का अनुभव पूंजी के समान है और सभी को इनका अनुभव और मार्गदर्शन मिलते रहना चाहिए। गौतम ने कहा कि विधायिका और विधानसभा सदस्यों के समक्ष वर्तमान में जो चुनौतियां हैं, उससे ज्यादा पूर्व विधायकों के समय में हुआ करतीं थीं। तब संसाधनों, परिवहन और तकनीकी का अभाव था। विधानसभा को चलाने हेतु नियम, प्रक्रियाओं को बनाने और परिष्कृत करने की आवश्यकता थी। पूर्व विधायकों ने विपरीत परिस्थितियों में जो कार्य किए, उसकी ही परिणिति है कि आज विधानसभा का विकसित और सुविधा संपन्न स्वरूप देखने को मिल रहा है। गौतम ने कहा कि पूर्व विधायकों के इस सम्मेलन के आयोजन का एक उद्देश्य ये भी है कि प्रदेश के नागरिकों को उनके योगदान की जानकारी प्राप्त सके।

पूर्व विधायकों को दी जा रही सुविधाओं के संबंध में गौतम ने बताया कि हमारे द्वारा कई प्रमुख पहल की गई हैं। विधायक विश्राम गृह में पूर्व विधायकों के लिए माह में छह दिवस ठहरने और निःशुल्क स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है। विधायक विश्राम गृह में 25 कमरे पूर्व विधायकों के लिए और पूर्व महिला विधायकों के लिए 5 कक्ष आरक्षित किए गए हैं। भोजनालय में सदस्यों की भांति पूर्व विधायकों के लिए भी पृथक से बैठने की व्यवस्था की गई है। विधानसभा के पूर्व अध्यक्षों को पूर्व मुख्यमंत्री के समान सुविधाएं प्रदान करने हेतु प्रयास जारी हैं।

## रामनवमीं पर सवा करोड़ हनुमान चालीसा महापाठ, बैठक आयोजित



**रायपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामनवमीं पर 30 मार्च गुरुवार को पूरे देश भर सहित रायपुर में श्री हनुमान चालीसा की गूंज रहेगी। प्रसिद्ध जीवन प्रबंधन गुरु पंडित विजय शंकर मेहता का पारिवारिक एकता और सामंजस्य को लेकर व्याख्यान भी होगा जिसका विषय है 'विकास की दौड़ और परिवार मत तोड़'। कार्य म की तैयारियों को लेकर समिति की आवश्यक बैठक अग्रसेन भवन, जवाहर नगर में की गई जिसमें विभिन्न सुझावों समेत कार्य म को सफल बनाने विस्तृत चर्चा की गई। हनुमान महापाठ समिति के राष्ट्रीय सचिव शिवनारायण मूंधड़ा, रायपुर शहर संयोजक विजय अग्रवाल, मोहन पवार, योगी अग्रवाल व मुकेश शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि महापाठ का यह 15 वां वर्ष है। रामनवमीं पर हर वर्ष देश भर के करीब पांच हजार स्थानों पर एक साथ एक ही समय में सवा करोड़ लोग चालीसा का पाठ करते हैं। महापाठ को सफल बनाने, व्यवस्थाओं के वितरण व तैयारी को लेकर समिति की बैठक भी रखी गई। बैठक की शुरुआत श्री हनुमान चालीसा पाठ से की गई। बैठक में जानकारी देते हुए बताया गया कि इस भव्य महापाठ का मुख्य आयोजन रायपुर में होता है। इस वर्ष यह आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बूढ़ापारा में किया जाएगा। शाम छह बजे से सुमधुर भजनों की प्रस्तुति होगी और ठीक सात बजे से श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ रायपुर समेत पूरे देश भर में एक साथ एक ही समय पर किया जाएगा। पश्चात् प्रसिद्ध जीवन प्रबंधन गुरु पंडित विजय शंकर मेहता का व्याख्यान होगा। बैठक का संचालन मुकेश शाह ने तथा आभार प्रदर्शन योगी अग्रवाल ने किया।

# एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा ग्राम तूता में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

दंतेश्वरी उद्यानिकी महाविद्यालय विद्यार्थियों के द्वारा ग्राम तूता में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस में ग्रामवासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें साई बाबा अस्पताल (न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर) के चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच, स्त्री रोग जांच व रक्तदान का महान कार्य का आयोजन किया गया। जिसमें दंतेश्वरी उद्यानिकी महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में ग्राम तूता में निवास करने वाले ग्रामवासियों को जो आर्थिक दृष्टि से कमजोर है उन्हें अधिकतम स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्राप्त हुआ। चतुर्थ दिवस के मुख्य आयोजन स्वास्थ्य शिविर के अलावा स्वयंसेवियों के बीच कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जैसे-रंगोली, विज्ञापन पत्र (पोस्टर) आदि सम्मिलित थे। इस प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों व आम नागरिकों को एनएसएस का महत्व, विद्यार्थियों जीवन, वर्तमान समय में चल रहे सोशल मीडिया का बढ़ते समावेश, नशा मुक्ति अभियान, रक्तदान, जल संरक्षण, सर्व धर्म समभाव, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान का प्रभावी संदेश दिया गया।

# समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन अंतर्गत दलहनी फसलों पर प्रक्षेत्र दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



कृषि विज्ञान केन्द्र, दन्तेवाडा द्वारा ग्राम कासोली में समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन अंतर्गत दलहनी फसलों पर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। प्रक्षेत्र दिवस में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री संतोष कुमार ध्रुव एवं निरीक्षण दल के प्रमुख डॉ. आदिकांत प्रधान (प्रमुख वैज्ञानिक), डॉ. नेमीचंद मंडावी (वैज्ञानिक), डॉ. टी.पी.चन्द्राकर (वैज्ञानिक) द्वारा किसानों प्रक्षेत्र में भ्रमण किया गया। इस दौरान ग्राम कासोली के श्री बोसाराम अटामी के प्रक्षेत्र में लगे मटर, चना, मूंग की फसल का निरीक्षण किया गया। डॉ. आदिकांत प्रधान द्वारा किसानों को बीजोपचार कर फसल लगाना, गाजर घास के नियंत्रण, पंक्तियों में फसल की बुआई करने के बारे में बताया गया। उनके द्वारा किसानों को कीट नियंत्रण के लिये पीला चिपचिपा ट्रैप उपयोग करने के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. टी.पी.चंद्राकर द्वारा किसानों को जैविक खेती के फायदे के बारे में बताया गया कि जैविक खेती में उर्वरक के रूप में केंचुआ खाद, जीवामृत, घन जीवामृत, राइजोबियम कल्चर, एजोला के प्रयोग करने से फसल की गुणवत्ता अच्छी रहती है एवं रासायनिक खादों के प्रयोग करने से फसल की गुणवत्ता में कमी आ जाती है। डॉ. नेमीचंद मंडावी (वैज्ञानिक) के द्वारा कीट एवं बीमारी के प्रबंधन के लिये जैविक तरीकों का प्रयोग जैसे ब्रह्मास्त्र या निमास्त्र के उपयोग करने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान डिप्रोषन बंजारा (विषय वस्तु विशेषज्ञ, सस्य विज्ञान), अनिल ठाकुर (विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि मौसम विज्ञान), डॉ. भुजेन्द्र कोठारी (प्रक्षेत्र प्रबंधक), अन्य उपस्थित रहे।

# बेरला परपोडी पुलिस ने 8 जुआरियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेरला परपोडी पुलिस ने जुआ खेलते 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया है, जुआरियों से 10,790/- रू जब्त किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 16मार्च को थाना बेरला एवं परपोडी में जुआ का 02 प्रकरण दर्ज कर 08 जुआरियों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआरियों के पास एवं फड़ से कुल जुमला नगदी रकम 10,790/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जब्त किया गया हैं। इस संबंध में जानकारी के अनुसार बेरला थाना मे एक जुआ प्रकरण दर्ज कर चार आरोपी को गिरफ्तार किया गया और 10,140 रुपए जप्त किया गया गिरफ्तार होने वाले में गजेन्द्र यादव पिता धरमपाल यादव उम्र 19 साल साकिन वार्ड नं. 09 बेरला थाना बेरला जिला बेमेतरा। अजय बघेल पिता श्याम बघेल उम्र 19 साल साकिन वार्ड नं. 15 बेरला थाना बेरला जिला बेमेतरा। गंगा प्रसाद टण्डन पिता परसराम टण्डन उम्र 38 साल साकिन आनंदगांव पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेरला।मुकेश कुमार डहरिया पिता रामायण डहरिया उम्र 31 साल साकिन आनंदगांव पुलिस चौकी कंडरका शामिल हैं। इस तरह 15मार्च को थाना परपोडी में जुआ का 01 प्रकरण दर्ज कर 04 जुआरियों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआरियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी रकम 650/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त किया गया हैं और प्रेम चंदेल पिता राज कुमार उम्र 26 साल साकिन तिरियाभाठ थाना परपोडी जिला बेमेतरा।

# एनएमडीसी परियोजना में किया जा रहा हैं स्वच्छ भारत पखवाड़ा का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत अभियान के तहत किरन्दुल परियोजना में स्वच्छ भारत पखवाड़ा कार्यक्रम विनय कुमार मुख्य महाप्रबंधक के दिशा निर्देशन एवं बी.के.माधव उप महाप्रबंधक (कार्मिक) के कुशल मार्गदर्शन से 16 से 31 मार्च तक मनाया जा रहा है।पखवाड़ा के क्रम में 17 मार्च को टीएंडएस के सभागार में मुख्य वक्ता डा.अमृता श्रीवास्तव उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बेसिक सेनेटाईजेशन,साईट सेनेटाईजेशन, फूड सेनेटाईजेशन,हाऊसिंग सेनेटाईजेशन और एन्वायरमेंट सेनेटाईजेशन पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में अभिजीत घोष सहा महाप्रबंधक (कार्मिक),अलका सिंह प्रबंधक,के.तेजेश्वर राव मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ए.पी.पांडव वरिष्ठ आशुलिपिक ने किया तथा अलका सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में भारी संख्या अधिकारी,कर्मचारी व अप्रेन्टिस उपस्थित थे।

# विशेष संरक्षित जनजातियों के लिये राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



केन्द्र शासन द्वारा नामांकित छत्तीसगढ़ में निवासरत पाँच जनजातियाँ अबुझमाड़िया ,पहाड़ी कोरवा ,बैगा ,बिरहोर , कमार और राज्य शासन द्वारा नामांकित पंडों और भुंजिया जनजाति के समग्र विकास के विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन रायपुर के एक निजी चिकित्सालय में किया गया . कार्यशाला का उद्घाटन बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल ने किया. उन्होंने कार्यशाला के आयोजन के विषय के बारे में कहा कि मुख्य धारा के लोगों को समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए चिंतन करना और कार्यक्रम बनाना चाहिए. जनजातियों के विकास के लिये सरकार के आलावा समाज के बाक़ी वर्गों का भी योगदान इस प्रकार के कार्यशाला के माध्यम से सुनिश्चित होगा . मुख्य वक्ता डॉ सत्यजीत साहू ने कहा कि जनजातियों के बारे में समाज मे जानकारी बहुत सीमित है. आधुनिक समय में जब विश्व में टेक्नोलॉजी के विकास के नये आयाम बन रहे हैं वहीं विशेष जनजातियों का विकास नीचे कि ओर जा रहा है. बदलते समय में इन चुनौतियों का नये सिरे से से समाधान ढूँढने का काम इस प्रकार की कार्यशाला से होगा . मुख्यधारा और जनजातियों के परस्पर विचार विनिमय से ही आगे कि दिशा तय होगी। समाज शास्त्र विभाग की प्रोफ़ेसर मनीषा महापात्रा ने जनजातियों की संस्कृति, उनके रहन सहन और विशिष्ट परंपराओं के अध्ययन पर किये जा रहे कार्यों को बताया। आईएएस नीलकंठ टेकाम ने सभी आदिवासियों के सशक्तिकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। न्युजर्सी अमेरिका से आये सुमीत त्रिपाठी ने टेक्नोलॉजी के विकास का उपयोग को जनजातियों के विकास के लिये करने की बात कही। रविशंकर विश्वविद्यालय के शंकरलाल कुंजाम ने भाषा और संस्कृति के संरक्षण के उपायों कि चर्चा की .कार्यशाला का संचालन सुनील शर्मा और संतोष ठाकुर ने किया।

# भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा ने उठाया चिटफंड कंपनी में डूबे पैसे का मामला

■ अकेले सहारा में ही प्रदेश के लोगो का 3 हजार करोड़ डूबा है-शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के 10वें दिन शून्यकाल में सत्ता पक्ष के विधायकों ने जमकर रोका टोकी की। सत्ता पक्ष के रोक-टोक करने पर विपक्ष ने आपत्ति जताई। इसपर विपक्ष के विधायकों ने कहा कि बिना अनुमति के मंत्री और सत्ता पक्ष के विधायक बोल रहे है, इसमें व्यवस्था आनी चाहिए।

इसके बाद विधानसभा भाजपा सदस्यों ने चिटफंड कंपनी में डूबे पैसे का मामला उठाया है। चिटफंड मामले में विपक्ष ने स्थगन लाया। जिस पर भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि- काफी लोगो का चिटफंड कंपनी में पैसा डूबा हुआ है, सरकार ने घोषणा पत्र में पैसा वापस दिलाने का वादा किया था। अकेले सहारा में 03 हजार करोड़ डूबा है। इस विषय में स्थगन है। इसको ग्राह्य करके चर्चा कराया जाए। जिसपर भाजपा विधायकों ने कहा कि आज की तारीख में जितनी कार्रवाई करनी है उतनी नही हो रही है। सरकार ने किसी को पैसा नही लौटाया है। विधानसभा में शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि चिटफंड कंपनियों में निवेश करने के बाद कई लोगों ने अपना पैसा खो दिया है। जब आसंदी ने विपक्ष की चर्चा की मांग को खारिज कर दिया तब भाजपा सदस्यों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

# रामानुजगंज में आत्मानंद के संविदा शिक्षकों को 2 माह से नहीं मिला वेतन



पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के शिक्षकों को दो माह से वेतन नहीं मिला है। जिसके कारण उनका महाशिवरात्रि इतिहास एवं होली का त्यौहार फीका रहा वेतन नहीं मिलने का कारण फंड का अभाव बताया जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बलरामपुर रामानुजगंज जिले के नगर पंचायत क्षेत्र रामानुजगंज में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शासन के द्वारा 37 पद आमंत्रित हैं जिसमें 31 पद की ही पूर्ति की जा चुकी है जिसमें 14 शिक्षक एवं 17 शिक्षिकाएं पदस्थ है जिनको विगत दोहा से आवंटन के अभाव में वेतन नहीं मिल पाया है जिसके कारण इनका महाशिवरात्रि एवं होली जैसे महापर्व भी फीका रहा। संविदा कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला, जिससे कर्मचारी परेशान हैं। परिवार में आर्थिक संकट गहरा गया है। उन्हें वेतन कब मिलेगा एवं कितने माह का मिलेगा यह बड़ा सवाल है?

## विशेष योगदान देने वाली 14 महिलाएं सम्मानित

# वैदही नारी शक्ति सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ी फिल्म वैदही के पोस्टर का हुआ विमोचन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



वैदेही नारी शक्ति सम्मान ÷का आयोजन किया गया था, जिसमे विभिन्न छेत्रों में विशेष योगदान करने वाली 14महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि फेमस बॉलीवुड एक्ट्रेस, लेखक साहित्यकार,कवियत्री, मशहूर कॉमेडियन अहसान कुरैशी की पत्नी शायरा जीनत अहसान कुरैशी उपस्थित थी। साथ ही इस शुभ अवसर पर आगामी छत्तीसगढ़ी फ़िल्म ÷वैदेही÷ का ऑफिसियल पोस्टर विमोचन भी किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ फ़िल्म इंडस्ट्री के दिग्गज 'लीजेंड डायरेक्टर, सतीश जैन, मनोज वर्मा,रॉकी दासवानी, लाभांश तिवारी, सहित फ़िल्म वैदेही के प्रस्तुतकर्ता, डायरेक्टर राइटर मनीष मानिकपुरी वैदेही के डायरेक्टर लेखक गंगा सागर पंडा, डीओपी सिद्धार्थ सिंह, निर्माता सतीश जादवानी, नवल दास मानिकपुरी, अभिनेता पूरन किरी,अभिनेता एवरग्रीन विशाल, रवि साहू, अभिनेत्री काजल सोनबेर, पुष्पेंद्र सिंह, अनुसुइया मानिकपुरी, संगीता निषाद, विक्रम सिंह, लक्षित झांझी, ज्योत्सना ताम्रकार, रितेश दास, हेमन्त पटेल सहित फ़िल्म के अन्य सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। लेखक,डायरेक्टर गंगा सागर पांडा ने मंच को संबोधित किया और बताया कि आज की महिलाएं सभी छेत्रों में पुरुषों से कदम मिलाकर चल रही है और जिन्हीने अपनी निजी जिंदगी के अलावा अन्य लोगो की सेवा कर विशेष कार्य करती हो उनका सम्मान किया जाना चाहिए ताकि अन्य लोग भी उनके लिए प्रेरणाश्रोत बनें। गंगा सागर ने बताया महिलाये जो अपनी निजी जिंदगी के अलावा अन्य लोगो की सेवा कर विशेष कार्य करती हो उनका सम्मान किया जाना चाहिए ताकि अन्य लोग भी उनके लिए प्रेरणाश्रोत बनें। इस अवसर पर अधिक सँख्या में संभ्रात परिवार एवं विभिन्य विधा से आई हुई महिलाओ ने अपने बीच कलाकरो की उपस्थिति पाकर काफी प्रफ्फुलित हुवे साथ ही साथ,कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। अन्त में गंगा सागर एवं जी प्रकाश पाण्डे ने सम्मानित महिलाओ का वैदही व जेके फिल्म्स ने आभार प्रदर्शन किया।

# शहर में सट्टा खिलाने वाले सटोरिया पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



पुलिस ने सट्टा के खिलाफ अभियान चलाकर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को अवैध रूप से संचालित कर रहे जुआ, सटटा, आबकारी एक्ट वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है कि अति. पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक अरूण साहू के नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिया गया था। 16 मार्च को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ओवर ब्रीज के नीचे दुर्गा राइस मिल के पास अमितेश कुर्रे पिता साहुचंद कुर्रे उम्र 24 साल सकिन परसवानी (क) थाना भाटापारा ग्रामीण जिला बलौदाबाजार के द्वारा रूपये पैसे की अंको से सट्टा पट्टी लिखकर अधिक पैसे का लालच देकर सट्टा जुआ खेला रहे है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन घेराबंदी, रेड कार्यवाही कर आरोपी अमितेश कुर्रे पिता साहुचंद कुर्रे उम्र 24 साल सकिन परसवानी (क) थाना भाटापारा ग्रामीण जिला बलौदा बाजार को पकड़े जिसके कब्जे से सट्टा पट्टी, नगदी रकम 4430 रूपये एवं विवो कंपनी का मोबाइल फोन कीमती 8000 जुमला 12430 रू को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 4 क जुआ एक्ट का घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अरूण साहू के निर्देशन में सउनि कुबेर सिंह, सायबर टीम बलौदाबाजार से प्रधान आरक्षक नरेश खुटे, विजेन्द्र निराला, लोरिक शांडिल्य, अंजोर मांझी का विशेष योगदान रहा थाना भाटापारा शहर में अवैध जुआ-सटटा, शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202303140400020/अ-6/2022-23

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हिरल ठाकुर पति हेमंत ठाकुर निवासी मं. नं. 529 ठाकुरपारा शीतलापारा माता वार्ड नं. 11, ग्राम अंतागढ़ तह. अंतागढ जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 11 सी, प्लाट नं. 233/63 क्षेत्रफल 167.45 वर्गमीटर वार्षिक भू-भाटक 450.00 रु. अ. क्र. 20 श्रीमति जेबा पति वाहिद जाति मुसलमान निवासी शीतलापारा कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को विक्रय मूल्य 14,61,187.00 रू. (चौदह लाख एकसठ हजार एक सौ सत्यासी रूपये) में क्रय कर दिनांक 22.02.2023 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुए विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् आवेदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/ मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 14/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

# झमाझम बारिश से सब तरबतर, तापमान में बड़ी गिरावट... मौसम आज भी यथावत रहने की संभावना

## शनिवार की सुबह अचानक मौसम ने ली करवट, सभी ओर हुई बारिश



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मौसम विभाग के सटीक अनुमान के मुताबिक शनिवार की सुबह मौसम ने अचानक करवट बदली। सुबह तकरीबन सवा दस बजे जिला मुख्यालय में तेज बारिश शुरु हुई। सूरज घने और गरजते बादलों के बीच छिप गया और सुबह ही शाम सा अंधेरा छाया रहा। दोपहर तक बादल छाए रहे जबकि तकरीबन 3 घंटों तक रुक रुक कर बारिश होती रही। दोपहर के बाद धूप भी खिली।

राजनांदगांव जिले के अलावा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडईऔर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में भी जमकर बारिश हुई है। 24 घंटों के लिए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी कर रखा है। इसके मुताबिक अब भी बारिश और वज्रपात की आशंकाएं बनी हुई है। इधर, बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री दर्ज किया गया है। इससे पहले दिन में तापमान 35 डिग्री तक पहुंच चुका था। रविवार को भी मौसम इस तरह का ही बना रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी वातावरण में चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में स्थित है, इसके प्रभाव से एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य राजस्थान और उससे लगे क्षेत्र के ऊपर स्थित है। वहीं प्रदेश में दक्षिण-पूर्व से नमी युक्त हवा बंगाल की खाड़ी से लगातार आ रही है। इसके ही असर से मौसम में बदलाव आया और बारिश हुई है। इस दौरान बिजली गिरने की भी आशंका है।

### निचले इलाकों में भरा पानी

बेमौसम की बारिश में शहर के निचले इलाकों में स्थिति एक बार फिर चरमरा गई। कई बस्तियों और कॉलोनियों में पानी भर गया। सड़क पानी में डूब गई और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चिखली, शांतिनगर क्षेत्र के इलाकों में यह समस्या देखने को मिली। रामनगर में सड़कें पूरी तरह जलमग्न हो गई।



### आखिर में तपेगा सूरज

मौसम के अनुमान के मुताबिक बारिश और गरज-चमक के हालात 20 मार्च तक ही रहेंगे। इसके बाद तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी। मार्च के आखिर तक टेम्प्रेचर 40 डिग्री तक पहुंचने की आशंका है। नवरात्र के दौरान सूरज जमकर तपेगा। पदयात्रियों और व्रतियों के ये समय कठिन हो सकता है।

### रबि फसल को नुकसान

बेमौसम की इस बारिश की मार किसानों पर पड़ी है। रबि फसल को इस पानी से खासा नुकसान होने की आशंका है। चना की फसल को लेकर चिंताएं बढ़ गई है। तैयार हो रही गेंहूं की फसल के लिए भी ये परेशानी का सबब है। किसान ज्यादा बारिश न होने की उम्मीद पाले बैठे हैं।

# भाई और करीबी अधिकारी के कनेक्शन का दावा कर शासकीय शिक्षक ने ठगे 20 लाख, नौकरी लगवाने के नाम पर की थी उगाही

## 72 वर्षीय अधेड़ ने आरोपी से मिल रही धमकियों के बाद मामला दर्ज कराया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सरकारी शिक्षक के खिलाफ एक अधेड़ से 20 लाख की ठगी का मामला समने आया है। शहर के मोतीपुर निवासी 72 वर्षीय शिव कुमार सिन्हा ने पुलिस चौकी चिखली में मामला दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि शासकीय शिक्षक कृष्णकांत कांडे ने उसके पुत्र और भांजों को नौकरी दिलवाने के नाम पर 20 लाख रुपए लिए और अब उसे लौटाने से इंकार कर रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।



पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया है। इस प्रकरण में कृष्णकांत पांडे के भाई और भोरमदेश शक्कर कारखाना के पूर्व एमडी रहे केएन कांडे और परिवहन विभाग के पूर्व अधिकारी एमडी ठाकुर का भी नाम सामने आया है। पीड़ित के मुताबिक आरोपी कृष्णकांत ने खुद को एमडी ठाकुर का करीबी बताया था। शिकायतकर्ता के मुताबिक, आरोपी ने झांसा दिया था कि वह अपने भाई केएन कांडे की मदद से उसके बेटे और भांजों की भोरमदेव शक्कर कारखाने में नौकरी लगवा देगा। उसने एमडी ठाकुर से अपनी करीबी का दावा करते हुए यह भी कहा था कि कारखाने में नहीं तो परिवहन विभाग में उन्हें नौकरी मिल जाएगी। लेकिन 20 लाख की रकम देने के बाद भी दोनों को नौकरी नहीं मिली।

### केएन और एमडी ठाकुर की भूमिका क्या है

शिकायतकर्ता ने 20 लाख की ठगी में आरोपी के कनेक्शन और दावों की जानकारी सार्वजनिक की है। आरोपी को पीड़ित ने पैसे वर्ष 2014-15 के दौरान दिए। इस बीच केएन कांडे और एमडी ठाकुर दोनों ही शासकीय सेवा में थे। इस शिकायत की बिनाह पर आरोपी के अलावा उनके भाई और कथित तौर पर करीब एमडी ठाकुर की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। गौरतलब है कि, एमडी ठाकुर ने शासकीय सेवा के बाद राजनीति का क्षेत्र चुना और वह भाजपा में स ि य हैं। शासकीय सेवा में रहते उनकी पत्नी स्व. जमुना देवी ने खुज्जी से विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था।

### कब-कब दी रकम

शिकायतकर्ता ने रकम देने की तारीख और गवाहों की जानकारी भी दी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 2012 में उनकी पहचान आरोपी से हुई। वह उनके घर आने -जाने लगा और इसी दौरान उसने अपने कनेक्शन के दम पर पैसों के एवज में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। उन्होंने आरोपी को 15/06/2014 को मोतीपुर स्थित घर में पांच लाख, 20/06/2014 को दो लाख पचास हजार, 17/12/2014 को सात लाख पचास हजार और 10/11/2015 को पांच लाख रूपये यानि कुल बीस लाख रूपये दिए। इस दौरान पीड़ित की पत्नी चम्पा बाई, पुत्र महेश कुमार सिन्हा, गणेश राम देवांगन, सुरेश कुमार सौनक मौजूद रहे थे।

### कौन है आरोपी

आरोपी शिक्षक कृष्णकांत कांडे मौजूदा समय में छुरिया विकासखंड के ग्राम हालेकोसा में हाईस्कूल में पदस्थ बताया जाता है। बताया जाता है किवह शासकीय सेवा में होने के बाद भी राजनीतिक कार्य मों और दूसरी गतिविधियों में स ि य रहते हैं। पीड़ित ने बताया है कि आरोपी ने पैसे वापस लौटाने का काफी दबाव बनाने पर तकरीबन दो लाख रुपए लौटाए हैं। लेकिन इसके बाद उसने रकम लौटाने से इंकार कर दिया और धमकी देने लग गया जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस की शरण ली है।

# गायत्री मंदिर ट्रस्ट छुरिया का पुनर्गठन आज

**छुरिया।** गायत्री परिवार ट्रस्ट छुरिया के पुनर्गठन हेतु बैठक 19 मार्च को गायत्री मंदिर में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है जिसमें गायत्री परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे । गायत्री परिवार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक श्री वेदमाता गायत्री ट्रस्ट हरिद्वार के पत्र क्रमांक 67 / 116 दिनांक 26 फरवरी 2023 में गायत्री परिवार ट्रस्ट छुरिया का पुनर्गठन हेतु आदेश प्राप्त हुआ है। परिपालन में गायत्री परिवार ट्रस्ट छुरिया एवं गायत्री परिवार के सदस्यों का आवश्यक बैठक 12 मार्च को गायत्री प्रज्ञा पीठ में आयोजित की गई थी जिसमें सदस्यों के गठन पर सहमति प्राप्त हुई। गायत्री प्रज्ञा पीठ में 19 मार्च को गायत्री परिवार का पुनर्गठन हेतु आवश्यक बैठक संपन्न होगी।

# नहीं मिले दस्तावेज, सहायक ग्रेड 3 को थमाया नोटिस

- कलेक्टर ने तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com



कलेक्टर मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एस जयवर्धन जिले में प्रशासनिक कसावट, कार्य कुशलता एवं दक्षता लाने तहसील कार्यालयों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज कलेक्टर ने तहसील कार्यालय अंबागढ़ चौकी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में लंबे समय से लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पूर्ण दस्तावेज नहीं मिलने पर सहायक ग्रेड-3 श्रीमती युगेश्वरी कश्यप को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, रिकार्ड रूम, निर्वाचन कक्ष, कानूनगो कक्ष और लोक सेवा केंद्र पहुंच कर रिकार्ड फाइलों एवं संधारित पंजियों की जांच की। इस अवसर पर एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य, तहसीलदार मनोज रावटे, नायब तहसीलदार दिनेश साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सट्टा पट्टी व नगदी सहित तीन गिरफ्तार

**गंडईपंडरिया।** गंडई क्षेत्र में अंकों पर हार जीत का दांव लगाकर सट्टा लिखने वाले तीन लोगों को घेरा बंदी कर गिरफ्तार किया गया है। पुराना बस स्टैण्ड गंडई के पास सट्टा पट्टी लिखते राम गुलाल (47) वार्ड नं. 07 कोपेभाठा के पास से एक नग सट्टा पट्टी एक डाट पेन एवं नगदी रकम 960 रू, टिकरीपारा चौक के पास पान ठेला में सट्टा लिख रहे सुखदेव कुम्भकार (55) वार्ड नं. 13 टिकरीपारा के पास से एक नग सट्टा पट्टी एक नग डाट पेन एवं नगदी 1200 रू. और बाजार चौक गण्डई के पास सट्टा पट्टी लिख रहे अख्तर हुसैन (45) वार्ड नं. 09 के पास से एक नग सट्टा पट्टी एक नग डाट पेन एवं नगदी 940 रू. जुमला रकम कुल 3100 रू. को जप्त कर तीनों सटोरियों के विरूद्ध अलग-अलग अपराध क्र. 64/23, 65/23, 66/23 धारा 4(क) जुआ एक्ट के तहत् कार्यवाही एवं पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

# ट्रस्ट की बैठक में चैत्र नवरात्रि की तैयारियों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति की बैठक डोंगरगढ़ मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से संबंधित सौंपे गए कार्यों को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें।

कलेक्टर ने कहा कि पदयात्री मार्ग अथवा मरम्मत योग्य सड़कों का पैच वर्क और मरम्मत पूर्ण कर लिया जाए। गर्मी के मद्देनजर पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सक एवं एंबुलेंस 24 घंटे ड्यूटी पर रहे।

उल्लेखनीय है कि चैत्र नवरात्रि पर्व बुधवार 22 मार्च से प्रारंभ होकर गुरूवार 30 मार्च तक चलेगा। पंचमी पर्व 26 मार्च को व सप्तमी का महापर्व 28 मार्च को होगा। डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि पर्व पर देशभर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां आएंगे।

बैठक में माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस बार मेला भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि माँ बम्लेश्वरी की भव्यता और महिमा को ध्यान में रखते हुए गरिमापूर्वक आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# स्वयं सेवक ने किया कृषि यंत्रों का प्रदर्शन एवं समायोजन




पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विगत दिनों ग्राम गोटाटोला विकासखंड मोहल्ला जिला मोहला-मानपुर-चौकी में स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, रायपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक एवं पीएचडी के छात्र अमित नामदेव द्वारा कृषि यंत्रों से संबंधित जानकारी, समायोजन एवं उनका जीवंत प्रदर्शन स्थानीय आदिवासी किसानों के खेतों में किया गया। इसमें मुख्य रूप से पशु चलित एवं ट्रैक्टर चलित यंत्रों के संबंध में जानकारी दी गई ज्ञात हो कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वयंसेवक विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अलग-अलग विषयों के संबंध में ग्रामीणों, आदिवासियों आदि को जागरूक करते हैं।

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे सचिव, पंचायतों में काम ठप्प

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



पंचायत सचिवों की बहुप्रतीक्षित मांग शासकीयकरण पूर्ण नहीं होने से प्रदेश के 11000 पंचायत सचिव 16 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जनपद पंचायत छुरिया के 118 ग्राम पंचायत के सचिव भी हड़ताल में बैठ गए हैं।

सचिवोंके हड़ताल में जाने से शासन के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर असर पड़ रहा है। शासन की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजनाअंतर्गत गोबर खरीदी का काम बंद हो गया है।इसके साथ ही निराश्रितो को पेंशन भुगतान, जन्म-मृत्यु पंजीयन, मनरेगा, वमीर्खाद विक्रय, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशनजैसी योजनाओं के साथ ही निर्माण कार्य ठप्प हो गए हैं। अगर हड़ताल जारी रही तो अप्रैल माह में होने वाले सामाजिक आर्थिक जनगणना के सर्वेक्षण पर भी गहरा असर पड़ेगा। पंचायत सचिव संघ छुरिया के ब्लॉक अध्यक्ष रेखचन्द यादव ने बताया कि पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दिये गए आश्वासन के बाद भी 6 मार्च को बजट में सचिवो के लिए शासकीयकरण के सम्बंध में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इससे सचिवों में रोष व्याप्त है और अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने को मजबूर हो गए हैं। पंचायत सचिव शासन के विभिन्न योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर प्रशासन के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करते हैं,लेकिन राज्य सरकार द्वारा विगत चार वर्षो से छलावा ही मिल रहा है। हड़ताल में सोहन पटेल,मोहन साहू, शिशुपाल पटेल, हिंसाराम साहू, ओमप्रकाश धनकर, लक्ष्मीनारायण साहू,हरिराम निषाद, धर्मेंद्र साहू,मनोहर यादव, बिश्राम साहू, देवलाल वर्मा, तेजकुमार देवांगन, अजय तुमरेकी, चिंताराम सेवता, नरसिंह साहू, राही यादव, किरण रामटेके, देवकी रानी बघेल सहित 118 पंचायत के सचिव उपस्थित थे।

# अधिकारी-कर्मियों ने कार्यालयों में की साफ-सफाई



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले में शासकीय कार्यालय की सफाई के लिए चलाये जा रहे मेरा घर, मेरा दफ्तर अभियान के तहत सभी शासकीय कार्यालयों एवं कलेक्टोरेट गार्डन में व्यापक पैमाने पर साफ-सफाई की गई। हाथों में झाडू लेकर सभी सफाई अभियान में जुट गए। सफाई अभियान को गति प्रदान करने के लिए सहायक आयुक्त आबकारी द्वारा 50 झाडू उपलब्ध कराए। आज कलेक्टोरेट में सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने फाइल व्यवस्थित कर संधारित किया, वहीं अनुपयोगी वस्तुओं को नष्ट किया गया।

## वार्ड 6, 7, 11, 14, एवं 15 वार्ड में होगा कार्य

# गंडई नगर पंचायत में हुआ करोड़ों रु की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत गंडई के विभिन्न वार्डो में लगभग 1 करोड़ 3 लाख रु की विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन बीते शुक्रवार को शाम 5 बजे किया गया। भूमिपूजन के तहत वार्ड क्र. 07 में एसएलआरएम सेंटर पहुंच मार्ग तक 2.83 लाख का सीसी रोड, वार्ड 11 में प्रवेश द्वार से अशोक अग्रवाल के दुकान तक सीसी रोड लागत 1.04 लाख, वार्ड 11 नूरजहां के घर से देव मेडिकल ( गायत्री हाटल) तक सीसी रोड लागत 4.03 लाख, वार्ड 15 में जयलाल कुर्रे के घर से मेन रोड़ तक सीसी रोड 0.90 हजार, वार्ड 15 तनुजा बंजारे के घर से मेन रोड तक सीसी रोड लागत 1.31 लाख, वार्ड 15 शकून रात्रे के घर से मेन रोड़ तक सीसी रोड 2.02 लाख, वार्ड 6 में हाई मास्क लाइट 3.57 लाख, वार्ड 14 में हाई मास्क लाइट 3.57 लाख, वार्ड 15 में रेस्ट हॉउस के पास यात्री प्रतीक्षालय निर्माण लागत 6.86 लाख, दुर्ग रोड में प्रवेश द्वार निर्माण 19.88 लाख, मेन चौक गंडई से नहर नाला तक, मेन रोड़ गंडई से शो रूम तक, कवर्धा रोड मेन चौक गंडई से आत्मानंद स्कूल पंडरिया तक एवं मेन चौक गंडई से साकेत दुबे के घर टिकरीपारा रोड तक प्रकाश व्यवस्था एवं एलईडी लाइट स्थापना एवं पोल विस्तारीकरण कार्य लागत 51.14 लाख का भूमिपूजन किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व विधायक गिरवर जघेंल, युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, नगर अध्यक्ष चेतन देवांगन, उपाध्यक्ष जाबिद खान, मंडी अध्यक्ष संजू सिंह चंदेल, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश साहू, पार्षद भिज्ञेस यादव, लियाकत अली, नारायण चतुवेदी, पूर्णिमा कुंजाम, हबीब खान, नीलम नामदेव, नारायण जंघेल, राजेश पाल, सीएमओ कुलदीप झा, अभियंता दीपाली तंबोली सहित निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सप्ताह भर में नहीं सुधरी व्यवस्था, फिर महापौर का पुतला दहन करेगा भाजपा पार्षद दल

## सड़क, सफाई और पेयजल की समस्याओं को लेकर खोला मोर्चा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर में सड़क, सफाई और पेयजल की लचर व्यवस्था के विरोध में भाजपा पार्षद दल ने मोर्चा खोल रखा है। महापौर के गृह वार्ड में प्रदर्शन के बाद अब श्रमिकबाहुल्य इलाका लखोली में इन अव्यवस्थाओं को लेकर रविवार की शाम 4 बजे भाजपा उग्र प्रदर्शन करेगी। इस दौरान स्थानीय लोगों की मौजूदगी में जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी और एक बार फिर महापौर का पुतला दहन किया जाएगा। भाजपा पार्षद दल के नेता किशुन यदु ने बताया कि जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व महामंत्री राजेंद्र गोलछा के मार्गदर्शन में निगम में विपक्ष की भूमिका निभाते हुए जनहित के लिए यह प्रदर्शन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि, भाजपा पार्षद दल जन सामान्य की परेशानियों को दूर करने लगातार प्रयासरत है।



नेता प्रतिपक्ष यदु ने कहा कि, बीते सप्ताह महापौर के गृहवार्ड चिखली में हमने प्रदर्शन करते हुए हर वार्ड में सड़क, सफाई और पेयजल की लचर व्यवस्था में सुधार के लिए आवाज उठाई थी। हमने सात दिनों की मोहलत भी दी थी। स्थानीय नागरिक अपनी समस्याएं सामने रखते हुए इस प्रदर्शन में शामिल हुए थे। लेकिन महापौर और निगम प्रशासन ने जनता से जुड़ी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए अब तक कोई पहल नहीं की है। किशुन यदु ने बताया कि ङ्कलखोली के स्कूल चौक में रविवार की शाम 4 बजे वार्डवासियों के साथ प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने लखोली क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियोंव कार्यकताओं से उपस्थिति की अपील की है।

# डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में 95.75 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन

## नगोई और गनियारी में दंतेवाड़ा की तर्ज पर खुलेगा गारमेंट फैक्ट्री, साढ़े 10 करोड़ मंजूर

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के अंतर्गत जिले में वर्ष 2023 - 24 में 95. 75 करोड़ रुपए के विकास कार्य किए जायेंगे। कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में आयोजित डीएमएफ के शासी निकाय की बैठक में आज उक्त राशि के 239 कार्य प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इनमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट मुलाकात सहित अन्य अवसरों पर जिले के विकास के लिए की गई घोषणाएं भी शामिल की गई हैं। मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह, विधायक शैलेष पांडेय, धरमलाल कौशिक, डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण चौहान, महापौर रामशरण यादव सहित सांसद प्रतिनिधि एवम् जिला स्तरीय अधिकारी शामिल थे। शासी परिषद की अहम बैठक में नगोई एवं गनियारी में गारमेंट्स सिलाई फैक्ट्री की स्थापना के लिए लगभग साढ़े 10 करोड़ राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री बघेल ने भेंट मुलाकात अभियान में महिलाओं की मांग पर इसकी घोषणा की थी। बिहान की महिला स्व सहायता समूह इसका संचालन करेंगी। दंतेवाड़ा की सफल डेनेक्स ब्रांड की तर्ज पर इनका कारोबार चलेगा। इसके अलावा बैठक में मुंगेली रोड पर कलेक्टोरेट और जिला न्यायालय के बीच फूट ओवर ब्रिज का भी निर्माण किया जायेगा। स्मार्ट सिटी लिमिटेड बिलासपुर को इस काम के लिए 78 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। इसके निर्माण से लोग सुरक्षित तरीके से कोर्ट और कलेक्टोरेट आ जा सकेंगे। दुर्घटना की आशंका नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप तोरवा छठघाट में टेलरिंग शेड निर्माण के लिए 3 करोड़ 32 लाख दिए गए हैं। बिलासपुर शहर में अंग्रेजी माध्यम की स्वामी आत्मानंद कॉलेज के लिए 5 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। शहर के मध्य पुराने हाईकोर्ट भवन में इसका निर्माण किया जायेगा। बैठक में जिले की सभी विकासखंडों व विधानसभा क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों की सुझाव व आम जनता की मांग के अनुरूप प्रस्तावों की स्वीकृति दी गई है। शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कामों को प्राथमिकता दी गई है। बैठक के पूर्व शासी परिषद के सचिव और जिला पंचायत सीईओ आर ए कुरुवंशी ने सदस्यों का स्वागत और डीएमएफप्रभारी संयुक्त कलेक्टर वैभव क्षेत्रज्ञ ने अंत में आभार व्यक्त किया।

# रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के सभी कार्यों को तेजी से करें पूर्ण: कलेक्टर झा

- कलेक्टर ने कोटमेर और जमनीपाली में बन रहे रीपा का निरीक्षण कर दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com



ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने एवं ग्रामीणों को गांव में ही लघु उद्योग स्थापित करने की सुविधा प्रदान करने के लिए जिले में 10 रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर संजीव झा ने आज विकासखण्ड करतला के ग्राम कोटमेर और जमनीपाली में निर्माणाधीन रीपा के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रीपा के अधोसंरचना कार्यों का अवलोकन कर रीपा निर्माण पश्चात् ग्रामीणों द्वारा संचालित किए जाने वाले औद्योगिक गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही रीपा में लगने वाले औद्योगिक इकाईयों के कार्ययोजना और हितग्राहियों के चिन्हांकन के बारे में भी मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर झा ने कोटमेर और जमनीपाली के रीपा में शेड निर्माण, बिजली कनेक्शन, पानी आपूर्ति, पहुंच मार्ग निर्माण और अन्य जरूरी सुविधाओं की जानकारी लेकर सभी कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों जगहों पर उच्च गुणवत्तापूर्ण शेड निर्माण एवं भवनों का अच्छे से रंगाई-पुताई करने के निर्देश दिए। उन्होंने रीपा में उच्च क्षमता के बिजली ट्रांसपफार्मर लगाकर बिजली कनेक्शन स्थापित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, जनपद पंचायत करतला के सीईओ एम.एस. नागेश सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर झा ने दोनों रीपा में फ्लाईएश ब्रिक्स निर्माण की इकाईयां स्थापित करने के लिए कहा। जिससे ग्रामीणों को गांव में ही आजीविका की वृहद इकाईयों में संलग्न होने का अवसर प्राप्त होगा। इसके अलावा रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क में नमकीन-मिक्चर युनिट, स्टेशनरी, तेल प्रसंस्करण, चिक्की, बेकरी, पापड़ जैसी अन्य आजीविका मूलक गतिविधियों की इकाईयां स्थापित की जाएंगी। कोटमेर और जमनीपाली रीपा निरीक्षण के दौरान कलेक्टर झा ने अलग-अलग रीपा में विभिन्न प्रकार के उत्पादन इकाईयां स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़े पैमाने पर उत्पादन की कार्ययोजना बनाते हुए अधिक से अधिक ग्रामीणों को संलग्न करने के लिए कहा। साथ ही ग्रामीण उद्यमियों का चयन कर एवं हितग्राहियों की बैठक लेकर उन्हें रीपा में की जाने वाली औद्योगिक गतिविधियों के बारे में जानकारी देने के भी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने जिले में 10 रीपा बनाये जा रहे हैं।

# 72 गांवों में पानी पहुंचाने 220 करोड़ रु. का प्रोजेक्ट, 290 किमी पाइप बिछाएंगे

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले की दूसरी बड़ी कुदुरमाल समूह जल प्रदाय योजना से 72 गांवों के लोगों को कुदुरमाल एनीकट से पेयजल के लिए पानी मिलेगा। 220.37 करोड़ की योजना से 290 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई जाएगी। तकनीकी मंजूरी के बाद अब प्रशासकीय मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है।

जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को शुद्ध पानी देने के लिए यह योजना बनाई है। इन गांवों में भू-जल स्त्रोत कमजोर होने से समूह में पानी दिया जाएगा। हर साल गर्मी में इन क्षेत्रों में पानी की समस्या होती है। कोरबा और करतला क्षेत्र के 72 गांवों के लिए एनीकट के पास वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाकर पानी की आपूर्ति होगी। यह योजना 30 साल के हिसाब से डिजाइन की है। यह योजना एतमानगर के बाद दूसरी बड़ी पेयजल योजना है। इस योजना में सोहागपुर से लेकर मातमार तक के लिए है।

### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का पीएचई करेगा संचालन

समूह जल प्रदाय योजना के संचालन को लेकर पहले सवाल उठ रहे थे, लेकिन अब वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन पीएचई ही करेगी। गांव में पानी आपूर्ति की व्यवस्था पंचायत ही देखेगी। इसमें पानी आपूर्ति के बदले जलकर की वसूली से लेकर मरम्मत के कार्यों को भी पंचायत ही कराएगी।

**पेयजल योजना से इन गांवों में जल की किल्लत होगी दूर**-योजना के तहत ग्राम खरहरी, फरसवानी, सोहागपुर, जोगीपाली, देवलापाठ कुदुरमाल, देऊरमाल, बरीडीह, संडैल, सेमीपाली, कुकरीचोली, सिलियारीभाठा, मसान, बगबुड़ा, उरगा, पताड़ी, पहंदा, ढनढनी, सरगबुंदिया, बरपाली, बंधवाभांठा, सलिहाभाठा, पुरैना, खोड्डल, डोंगदरहा, भैसमा, जुनवानी, तिलकेजा, कलमीभाठा सहित 72 गांव शामिल हैं।

**एनीकट में पेयजल के लिए 2.9 एमसीएम पानी किया गया रिजर्व-** पेयजल योजना के लिए कुदुरमाल एनीकट में 2.9 मिलियन घन मीटर पानी रिजर्व रखा जाएगा। एनीकट का निर्माण लैंको पावर प्लांट को पानी देने के लिए हसदेव नदी पर कुदुरमाल के निकट ही बनाया गया है।

# बरसात से पूर्व ड्रेनेज सिस्टम किए जाएं दुरूस्तः महापौर राजकिशोर प्रसाद

## महापौर ने वार्ड क्र. 28 आर.पी. नगर का किया भ्रमण

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिला नगर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा है कि वर्षा से पूर्व आवासीय कालोनियों के ड्रेनेज सिस्टम दुरूस्त किए जाएं तथा आवश्यकतानुसार मरम्मत व सुधार कार्य कराए जाएं ताकि बरसात के समय नालियों में जाम की स्थिति न बने और बरसाती पानी का प्रवाह सुगमतापूर्वक हो सके। उन्होने नाला-नालियों को कव्हर करने तथा सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश भी दिए। महापौर प्रसाद ने अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के साथ वार्ड क्र. 28 राजेन्द्र प्रसाद नगर का सघन रूप से भ्रमण किया, उन्होने पैदल भ्रमण करते हुए कालोनी साफ-सफाई व्यवस्था व सड़क, नाली आदि की स्थितियों का सघन रूप से जायजा लिया। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभी ग्रीष्म ऋतु चल रही है।

बरसात आने में अभी लगभग तीन माह का समय शेष है, अतः कालोनियों के आवश्यकतानुसार ड्रेनेज सिस्टम सुधार के कार्य कराए जाएं ताकि बरसात के समय बरसाती पानी की निकासी सुगम रूप से हो सके, कहीं पर जाम की स्थिति न बने एवं नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े, उन्होने नाले-नालियों को कव्हर करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। महापौर प्रसाद ने उपस्थित नागरिकों को बताया कि प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष निर्देश पर शहर की सड़कों का सुधार कार्य कराया जा रहा है, सभी आवासीय कालोनियों की आंतरिक सड़कें सुधारी जा रही है, जिनमें अधिकांश का कार्य पूरा भी किया जा चुका है, शेष सड़कों का कार्य भी जल्द पूरा होगा।

# कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कांग्रेसी विद्यानगर वार्ड के घरों तक पहुंचे

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 01 के द्वारा वार्ड क्रमांक 27 बिनोबानगर में बूथ नंबर 109और 110 में कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर पहुंचे और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही केंद्र सरकार की नाकामी बढ़ती महंगाई तथा देश में फैली अराजकता को लेकर आम जनों से चर्चा की। छत्तीसगढ योग आयोग सदस्य व वार्ड नंबर 27 के वरिष्ठ पार्षद रविंद्र सिंह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जावेद मेमन, प्रभारी समीर अहमद वार्ड क्रमांक 27 में वरिष्ठ कांग्रेस जनों के घर भी पहुंचे तथा उनका सम्मान किया। बड़ी संख्या में महिला कांग्रेसी युवा कांग्रेस भी कांग्रेस के यहां से हाथ जोड़ो यात्रा में शामिल हुए तथा वरिष्ठ कांग्रेसी जनों के घर पहुंचकर आशीर्वाद भी लिया। जावेद मेमन ने बताया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के दिशा निर्देश पर तथा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडे के मार्गदर्शन पर पिछले 26 जनवरी से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 01 में हांथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कांग्रेस सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाया जा रहा है तथा सभी बूथ में पहुंचकर देश में बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र की सरकार के खिलाफ अभियान भी चलाया जा रहा है। पीसीसी के निर्देश पर सभी बूथ पहुंच मे पहुंच कर वरिष्ठ कांग्रेसी जनों तथा समाजसेवी संगठनों से मुलाकात भी कांग्रेस जन कर रहे हैं।

# तंबाकू निषेध जागरूकता के लिए तंबाकू उत्पाद निषेध दिवस का हुआ आयोजन

- कोटपा अधिनियम के तहत तंबाकू उत्पाद विक्रय केंद्रों में की गई चालानी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com



तंबाकू उत्पादों के उपयोग नहीं करने हेतु लोगों को जागरूक करने तंबाकू उत्पाद निषेध दिवस मनाया गया। कलेक्टर संजीव झा के निर्देशानुसार जिले में तंबाकू उपयोग विशेषकर गैर धुम्रपान या चबाने वाला तंबाकू के उपयोग से होने वाली हानि के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं में तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान एवं शासकीय कार्यालयों में धुम्रपान एवं तंबाकू मुक्त कार्यालय का बोर्ड लगाया गया। साथ ही कोटपा अधिनियम के तहत पांच तंबाकू उत्पाद विक्रय केंद्रों में चालानी कार्यवाही की गई। इसके अंतर्गत तंबाकू उत्पाद जप्तीकरण, विनिष्टीकरण एवं एक हजार रूपए जुर्माने की कार्यवाही की गई। कलेक्टर झा एवं सीएमएचओ डॉ. केसरी ने जिलेवासियों से तंबाकू या तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन नहीं करने की अपील की है। तंबाकू निषेध दिवस पर चालानी कार्यवाही टीम में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, एनसीडी कंसल्टेंट डॉ. नरेंद्र, दुष्यंत कोटांगले, कमलेश्वरी डीआई सहित पुलिस बल के जवान शामिल रहे। सीएमएचओ डॉ. केसरी ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू उत्पाद का प्रयोग करते हैं। 15 वर्ष आयु वर्ग के शाला प्रवेशी बच्चों एवं युवाओं द्वारा तंबाकू उत्पाद का उपयोग चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि तंबाकू का व्यसन शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक है। इससे मुंह का कैंसर, फेंफड़ो के जटिल रोग एवं तंत्रिका तंत्र की शिथिलता जैसी शारीरिक समस्याएं जन्म लेती है। इससे हृदय तथा रक्त संबंधी रोग भी बढ़ते हैं।

# बिना दस्तावेज कोयले का अवैध परिवहन करते दो ट्रक जब्त,कोयला चोरी का होने आशंका

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





वरिष्ठ पुलिस अध्यक्ष संतोष कुमार द्वारा कोयले का अवैध परिवहन करने और चोरी का कोयला इधर उधर खपाने में लगे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और ऐसे वाहनों की सतत जांच के निर्देश पर रतनपुर पुलिस ने बिना कागजात दो ट्रक में अवैध कोयला परिवहन करते जप्त किया है। चोरी की आशंका पर रतनपुर ने कार्रवाई करते हुए दो चालकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 2 ट्रक में भरा कोयला वजन लगभग 40380 किलोग्राम को कब्जे में लेते हुए दो आरोपी गोलू यादव पिता छन्नूलाल यादव उम्र 35 साल निवासी अकलतरा और विक्की ध्रुव पिता अरुण धरु उम्र 32 साल पता बरगवा थाना अकलतरा को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पाली रोड से दो ट्रक में चोरी का कोयला भरा हुआ है जो बिलासपुर की ओर जा रही है ,सूचना पर थाना रतनपुर पुलिस के द्वारा चोरी के कोयला होने के संदेह पर तत्काल थाना पेट्रोलिंग पार्टी रवाना किया और ग्राम जाली के पास पुल नीचे मुखबिर के बताए अनुसार दो ट्रक सी जी 04 जे सी 5489 और सी जी 07 सी ए 3984 को घेराबंदी कर रुकवा कर पूछताछ किया। पूछताछ पर ट्रक ड्राइवर के द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने तथा ट्रक में लोड माल के संबंध में पूछताछ पर गोलमोल जवाब देने पर ट्रक डाला को देखा गया जिसमें कोयला भरा हुआ था ।जिस संबंध में ड्राइवर से कोयला परिवहन करने का कागजात पेश करने कहा गया जो मौके पर कोई कागजात कोयला लोडिंग अथवा परिवहन के संबंध में पेश नहीं किया। ट्रक में भरा कोयले का वजन कराया गया जो पृथक पृथक कुल 40380 किलोग्राम कोयला भरा हुआ था। उक्त दोनों ड्राइवर चालकों का कृत्य चोरी का कोयला खपाने के संदेह पर तथा कोयला के संबंध में कोई कागजात पेश नहीं करने पर कार्यवाही कर दोनों ट्रक चालकों को रिमांड पर कोर्ट में पेश किया गया है कोयला किसका है,इस संबंध में माल और मालिक का पतासाजी किया जा रहा है।

# चर्चित हिस्ट्रीशीटर संंजु त्रिपाठी हत्याकांड में पुलिस ने शूटर को गिरफ्तार किया

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



चर्चित संजु त्रिपाठी हत्याकांड में पुलिस एक शूटर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 14 दिसंबर को सकरी में कांग्रेस नेता और हिस्ट्रीशीटर संजु त्रिपाठी की हत्या उसके ही भाई कपिल त्रिपाठी ने सुपारी देकर करवाई थी। इस मर्डर केस के 90 दिन पूरे होने के बाद करीब 1500 पेज का चालान पेश किया गया, जिसमें 19 आरोपियों की गिरफ्तारी बताई गई और 5 शूटर्स को फरार बताया गया था। बताया जा रहा है कि इस बीच उत्तर प्रदेश पुलिस ने इसी मामले के शूटर संदीप यादव उर्फ पप्पू दाढ़ी को 15 मार्च को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक उसने 4 साल पहले किसी ठेकेदार के घर डाका डाला था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। उस पर15,000 का इनाम भी घोषित था। बिलासपुर पुलिस दावा कर रही है कि संजू त्रिपाठी हत्याकांड में भी पप्पू शामिल था। लखनऊ के आरोपी प्रसिन गुप्ता से पूछताछ के आधार पर पप्पू को शूटर माना जा रहा है, जिसका कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड लेकर बिलासपुर पुलिस पप्पू बाल्मीकि को लेकर बिलासपुर पहुंची।

बिलासपुर पुलिस का दावा है कि संजु त्रिपाठी के भाई ने उत्तर प्रदेश के जिन शूटर्स को हत्या की सुपारी दी थी उस ग्रुप में शामिल यूपी के चंदौली जिले के मुगलसराय में रहने वाले प्रसिन गुप्ता से शूटर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। आरोपी को ट्राजिट रिमाड लेकर आरोपी के मेमो0 कथन के आधार पर जप्तशुदा एक नग लोहे का बटनदार चाकू को जप्त किया गया है। आरोपी द्वारा फायरिंग के घटना का खुलासा करते हुये बताया कि वर्ष 2006 से लगातार हत्या लूट डकैती के अपराधों में संलग्न रहा है जिससे उप्र पुलिस इसकी लगातार तलाश कर रही है। फरारी के दौरान यह कलकत्ता में छिपकर रह रहा था। इसी दौरान इसका साथी सोनू उर्फ एजाज अंसारी घटना कारित करने के लिये बिलासपुर बुलाया तो यह 11 दिसंबर 2022 को बिलासपुर पहुंचा और कपिल त्रिपाठी के फार्म हाउस में अन्य आरोपियो के साथ मिलकर घटना करने की योजना बनाये तथा घटना स्थल का रैकी किये। हत्या करने के एवज में प्रत्येक शूटरों को दो- दो लाख रूपये कपिल त्रिपाठी देने की बात किया था। घटना के सभी आरोपी वाहनो में सवार होकर घटना स्थल पहुंचे और संजू त्रिपाठी को गोली मारकर हत्या करने के बाद उत्तरप्रदेश भाग गये थे।

# पत्रकार सुरक्षा विधेयक के अनुमोदन पर मुख्यमंत्री के प्रति जताया गया आभार

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने वायदे पर ठोस अमल करते हुए मंत्रिमंडल की बैठक में छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किये जाने पर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभाग अध्यक्ष रवि शंकर शुक्ला एवम वरिष्ठ पत्रकार निर्मल माणिक ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है ।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संवेदनशीलता के साथ विचार किया, और मीडियाकर्मियों की भावनाओं का ध्यान रखते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की पहल की है। पत्रकार सुरक्षा कानून से मीडिया कर्मियों का उत्पीड़न रुकेगा, और वे अधिक उत्साह के साथ जनहित में अपना कर्तव्य निभा सकेंगे हालांकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों के एक कार्यक्रम में कल कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सरकार चिंतित और बेहद गंभीर है। विधानसभा में हमने विधेयक को पारित तो कर दिया है मगर यह तभी संभव होगा जब विधेयक राजभवन से मंजूरी होकर आ जाए।

ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि राजभवन में और भी महत्वपूर्ण विधायक हस्ताक्षर तथा मंजूरी के लिए लंबे समय से लंबित है राज्यपाल की मंजूरी के बाद सरकार को विधेयक की फांइल मिलेगी तब वह सही अर्थों में लागू हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में यह भी उल्लेख किया कि पत्रकारों की सुरक्षा संबंधी कानून बनाए जाने की मांग बिलासपुर से सबसे पहले उठी थी । मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया था कि जल्द ही मीडिया कर्मियों के लिए सुरक्षा कानून लागू होगा। उन्होंने सुरक्षा विधेयक का मसौदा तैयार कराया और कैबिनेट की बैठक में उसका अनुमोदन किया है, अब जल्द यह विधेयक लाकर पारित किया जायेगा। पत्रकार द्वय ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पत्रकारों की अधिमान्यता का दायरा बढ़ाने के साथ ही पत्रकार सम्मान निधि 5 हजार से बढ़ाकर 10 हजार रुपये प्रतिमाह कर दी है इससे पत्रकारों को बड़ी राहत मिलेगी।

## रथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्वच्छता संदेश का करेंगे प्रचार-प्रसारे

# कलेक्टर झा ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर संजीव झा ने कलेक्टोरेट परिसर से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। स्वच्छता रथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्वच्छता संदेश का प्रचार-प्रसार करेंगे। इसके तहत गांव में खुले शौच मुक्त स्थायित्व को बनाये रखने, सामुदायिक एवं हाईवे शौचालय का निर्माण, कोष कचरा प्रबंधन एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूकता का कार्य किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरों की तर्ज पर गांवो का भी स्वच्छता सर्वेक्षण किया जाएगा। प्रचार-प्रसार रथ जिले के सभी विकासखण्डों के गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। इसके अंतर्गत ग्रामीणों को स्वच्छ आदतों को अपनाने के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही भोजन से पहले एवं शौच के बाद साबुन से हाथ धोने, शौचालय का नियमित उपयोग करने, व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान देने, पेयजल एवं भोज्य पदार्थों को हमेशा ढंककर रखने, कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने, घर से निकलने वाले गीला कचरों से घरों पर ही जैविक खाद तैयार करने एवं धार्मिक स्थल, तालाब, पेयजल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने के बारे में जागरूक किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन का प्रथम चरण 2014-2019 तक रहा है। वर्तमान में स्वच्छ भारत मिशन का द्वितीय चरण संचालित है, जो कि 2020-21 से 2024-25 तक प्रभावशील होगी। द्वितीय चरण का मुख्य उद्देश्य गांव की खुले में शौचमुक्त स्थिति को बनाये रखना और ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के स्तर में सुधार लाकर उन्हें ओडीएफ प्लस गांव बनाना है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत खुले में शौच मुक्त स्थायित्व को बनाये रखने के लिए शौचालय विहिन परिवारों के घरों में शौचालय का निर्माण करवाकर उनकी उपयोगिता सुनिश्चित कराई जाएगी। साथ ही अस्थायी, प्रवासी आबादी के लिए ग्राम पंचायत के मांग पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा गांवो में ठोस एवं सूखा कचरा प्रबंधन का कार्य भी सभी गांवों में किया जाएगा। साथ ही घरों एव सामुदायिक स्तर पर कम्पोस्ट पीट तथा प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के कार्य भी प्रस्तावित किए गए हैं। मिशन अंतर्गत गोबरधन योजना के तहत मवेशियों के मल, सब्जी के अपशिष्ट तथा अन्य जैव अपशिष्टों से बायो गैस प्लांट लगाये जाने के प्रावधान हैं। तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत रसोई तथा स्नानागार से निकलने वाले गंदे जल और बारिश के पानी के लिए निजी तथा सामुदायिक सोक पीट निर्मित किए जाने के प्रावधान हैं, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सोक्ता पीट का निर्माण किया जा रहा है।

Affl. to CBSE New Delhi (Affi. No. 3330020)

## Glorious Past of 30 Years in Quality Education



# ADMISSIONS OPEN

For Session 2023-24
Classes KG-I to IX

### ACADEMICS

- Highly Qualified & Experienced Faculties.
- Tutorial Plans & Doubt Clearance Sessions.
- Subject & Concept Strengthening Plans.

### ACTIVITY

- Art, Craft & Music Studio,
- Seminars, Career Counselling & Workshop.
- Language & Maths Lab.
- Life Skills.

### DISCIPLINE


- Personal Care.
- Weekly Review Per Kid.

### SPORTS

- 5 Acres Sports Complex.
- Separate Games.
- Separate Coaches.

### INFRA

- Lush Green Campus.
- AC Buses ◗ Canteen.
- AC Hostel for Boys & Girls.
- Digital Classrooms with Digital panel.
- Introduction of Robotics & Artificial Intelligence Lab




## INTRODUCTION OF HUMANITY IN CLASS XI FROM SESSION 2023-24 ONWARDS

**GEOGRAPHY ★ POLITICAL SCIENCE ★ LEGAL STUDIES**
**INFORMATION PRACTICES ★ MUSIC ★ DANCE**

*Subject Offered as Skill Subject (Additional 6th Subject)*

**Financial Market Management ❖ Marketing ❖ Health Care**

# Gyan Ganga
## Educational Academy

Estd. 1992 GYAN GANGA

Vidhan Sabha Marg, Nardaha, RAIPUR - (C.G.)

0771-2284716, 2284816

www.gyangangaraipur.com gyangangaraipur@yahoo.co.in

PLAY LEARN GROW

sumit

**In The Cause Of Excellence In Education**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403